CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 21 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 230 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार की जरूरतः ओम बिरला पेज 2



दीक्षा डागर ने डेफलंपिक्स में लगातार गोल्ड मेडल जीता खेल टाइम्स



एसआईआरः सिर्फ आरोप से काम नहीं चलेगा सम्पादकीय



अमेरिकी रिपोर्ट में दावाः ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान ने भारत को हराया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने क्यूआर कोड सत्यापन किया शुरू

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के नाम पर धोखाधड़ी और जबरन वसूली के लिए नकली समन भेजे जाने की बढ़ती खबरों के बीच ईडी ने नागरिकों को समन नोटिस की असलियत सत्यापित करने में मदद करने के लिए नए तरीके लागू किए हैं। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को अपने आधिकारिक अकाउंट के जरिए इसकी घोषणा की। नकली ईडी समन असली नोटिस जैसे ही होते हैं, जिससे पाने वालों के लिए सही और गलत के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाता है। इस बढ़ती समस्या से निपटने के लिए ईडी अब सिस्टम से बनने वाले समन जारी कर रहा है, जिसमें एक क्यूआर कोड और एक यूनिक पासकोड होता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी किए गए समन को उन पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करके या आधिकारिक ईडी वेबसाइट पर जाकर सत्यापित किया जा सकता है। ईडी ने यह भी साफ़ किया कि वह डिजिटल या ऑनलाइन गिरफ्तारी नहीं करता है। ईडी ने नागरिकों को नकली लोगों से सावधान रहने की सलाह दी है। ईडी ने नागरिकों से अपील है कि वे कोई भी कदम उठाने से पहले सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध समन को सत्यापित करें, ताकि वे ईडी अधिकारी बनकर धोखा देने वालों का शिकार न बनें।

### एसआईआर: भारत से रोज 150 अवैध बांग्लादेशी लौट रहे

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ ने दावा किया है कि बॉर्डर पार करने की कोशिश करने वाले अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, यह वापसी राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) से जुड़ी है। बीएसएफ के एक अधिकारी के मुताबिक नॉर्थ 24 परगना, मुर्शिदाबाद और मालदा में बॉर्डर के बिना फेंसिंग वाले हिस्सों से लौटने की कोशिश कर रहे बांग्लादेशी इमीग्रेंट्स के फ्लो में क्वांटम जंप देखा गया है। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि पहले ऐसे मामले मुश्किल से डबल डिजिट में आते थे। अब यह आंकड़ा हर दिन लगातार तीन डिजिट में है। बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने कहा कि चेक पोस्ट पर छोटे बैग और सामान लेकर लोगों की लाइन लग रही है, जो खुलेआम मान रहे हैं कि वे बांग्लादेशी हैं और सालों पहले गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए थे।

### वायुसेना के मानव रहित विमान को आपात स्थिति में उतारा

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर के सीमावर्ती रामगढ़ क्षेत्र में गुरुवार को भारतीय वायुसेना के एक मानव रहित विमान को तकनीकी खराबी के कारण एक खेत में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे किसी प्रकार के जानमाल की हानि की सूचना नहीं है। मानव रहित विमान अपने नियमित अभ्यास उड़ान पर था। घटना की जानकारी मिलने पर वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही सूचना मिलने पर पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर जांच पड़ताल शुरू की।

# अमेरिका भारत को 100 टैंक किलर मिसाइल देगा



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत को एफजीएम-148 जेवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल और एम982ए1 एक्सकैलिबर प्रक्षेपास्त्र तथा संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी प्रदान की है, जिसका अनुमानित मूल्य 4.71 करोड़ अमेरिकी डॉलर है।

- **टारगेट की गर्मी पहचानकर हमला करती है, कुल 775 करोड़ डॉलर की डील**
- **भारत को 4.71 करोड़ डॉलर की मिसाइलें, प्रोजेक्टाइल की बिक्री को दी मंजूरी**

एफजीएम- 148 जेवलिन एक पोर्टेबल एंटी-टैंक मिसाइल है। इसे टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, बंकरों को नष्ट करने के लिए बनाया गया है। मिसाइल टारगेट की गर्मी (हीट सिग्नेचर) पहचानकर उस पर हमला करती है। इसकी 2500 मीटर रेंज है। धुएं, धूल या खराब मौसम में भी टारगेट को तबाह करने में सक्षम है। एम982ए1 जीपीएस-गाइडेड स्मार्ट गोला है। यह स्मार्ट बम की तरह काम करता है, लेकिन तोप से छोड़ा जाता है। सामान्य तोप रेंज 15-20 किमी तक होती है, लेकिन एक्सकैलिबर 40-50 किलोमीटर दूर तक सटीक निशाना लगा सकता है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत को एक्सकैलिबर प्रक्षेपास्त्र और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी है। एजेंसी ने कांग्रेस को सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणन प्रदान किया है।

# बेंगलुरु में एटीएम कैश वैन से सात करोड़ की लूट

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में बदमाशों ने एक एटीएम कैश वैन से 7 करोड़ रुपये लूट लिए। घटना बुधवार दोपहर 12:30 बजे की है। बदमाशों ने खुद को भारतीय रिजर्व बैंक का अधिकारी बताकर कैश वैन को रास्ते में रोक लिया और कैश लेकर फरार हो गए।

- **बदमाशों ने RBI का अधिकारी बनकर की वारदात**

पुलिस को वैन बाद में जयदेव डेयरी सर्कल फ्लाईओवर के पास मिली। पुलिस ने ड्राइवर, दो सुरक्षाकर्मियों और एक कैश डिपॉजिटर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वैन सीएमएस कंपनी की है। पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि सीएमएस के कुछ कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। मामला सिद्धापुराद पुलिस थाने में दर्ज कर लिया गया है। सीएमएस के ऑफिस से वैन सुबह 9.30 बजे एचडीएफसी बैंक की ओर रवाना हुई थी।

# राज्यपाल विधानसभा से पारित बिलों को न लटकाएं: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: बिल मंजूर करें, लौटाएं या राष्ट्रपति को भेजें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम संवैधानिक फैसले में गुरुवार को कहा कि राज्य के राज्यपाल राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयक को अनिश्चित काल तक नहीं रोक सकते। न्यायालय ने हालांकि यह भी स्पष्ट किया कि वह संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राष्ट्रपति या राज्यपालों को मंजूरी देने या न देने के लिए ज़रूरी समयसीमा तय नहीं कर सकता, लेकिन राज्यपाल अनिश्चितकाल तक किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते।

हालांकि इसमें स्पष्ट किया गया है कि लंबे समय तक, बिना किसी वजह के मंजूरी नहीं दिए जाने के मामलों में न्यायालय विधेयक की प्राथमिकता की जांच किए बिना एक निश्चित अवधि में फैसला करने का निर्देश देते हुए



- **डेडलाइन नहीं, लेकिन देरी पर दखल देंगे**
- **राज्यपाल अनिश्चितकाल तक किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते**

एक सीमित 'परमादेश' रिट जारी कर सकते हैं। गौरतलब है कि आठ अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु विधानसभा से पारित हुए विधेयकों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के -शेष पृष्ठ दो पर

### अधिकरण में नियुक्ति के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट को 25 साल का अनुभव जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को साफ़ किया कि आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी) जैसे अधिकरण में तकनीकी सदस्य के तौर पर नियुक्ति के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को कम से कम 25 साल का अनुभव होना ज़रूरी नहीं है।

पीठ ने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार को 19 नवम्बर को रद्द कर दिए गए अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 की जगह नया कानून बनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने सीए को भी वही बराबरी दी, जो उसने 19 नवम्बर को अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 को रद्द करने वाले अपने फैसले में वकीलों को दी थी। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के वकील के पीठ के सामने यह मामला उठाए जाने पर यह स्पष्टीकरण सामने आया। वकील ने बताया कि न्यायालय ने अधिकरण में नियुक्ति के लिए वकीलों की कम से कम 50 साल की उम्र की ज़रूरत को खत्म कर दिया था, लेकिन सीए के लिए 25 साल के अनुभव की ज़रूरत, जो असल में पात्रता को लगभग 50 साल तक बढ़ा देती है, पर ध्यान नहीं दिया गया।

## प्रियंका गांधी के पति पर ईडी ने कसा शिकंजा

# रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बिजनेसमैन पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला ब्रिटेन के आर्म्स डीलर संजय भंडारी के साथ संदिग्ध लेनदेन से जुड़ा है।

चार्जशीट दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई है। इस मामले में पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान जुलाई में दर्ज किया गया था। ईडी का दावा है कि वाड्रा और भंडारी के बीच वित्तीय लेनदेन की कड़ियां मिली हैं, जिनमें विदेशी प्रोपर्टी और फंड ट्रांसफर की जांच भी शामिल है। ईडी ने चार्जशीट में वाड्रा को 9वें नंबर का आरोपी बनाया गया है। अब इस मामले पर अदालत 6 दिसम्बर को विचार करेगी। वाड्रा के खिलाफ यह मनी लॉन्ड्रिंग का दूसरा आरोपपत्र है। जुलाई में, ईडी ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। संजय भंडारी हथियार डीलर है। इनकम टैक्स विभाग ने भंडारी के खिलाफ 2015 के काला धन विरोधी कानून के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था। 2016 में इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी के बाद वह भारत से लंदन भाग गया। दिल्ली की एक अदालत ने 63 साल के संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। भारत ने उसके प्रत्यर्पण की कार्रवाई की लेकिन ब्रिटेन की अदालत ने याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही भंडारी को भारत लाए जाने की संभावना लगभग खत्म हो गई। रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की जांच लंदन की संपत्ति से जुड़ी है, जो ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के नाम पर दर्ज हैं। ईडी ने 2023 में अपनी चार्जशीट में आरोप लगाया था कि भंडारी ने 2009 में लंदन स्थित 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर स्थित घर खरीदा और वाड्रा के कहने पर उसका रेनोवेशन कराया। आरोप है कि रेनोवेशन के लिए पैसे भी राबर्ट वाड्रा ने ही दिए थे। ईडी ने यह भी कहा कि वाड्रा अपनी लंदन यात्राओं के दौरान वहां कई बार रुके थे। ईडी ने 2016 में इस मामले में पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि ए घर असल में वाड्रा की बेनामी संपत्ति है। ईडी अब भंडारी के साथ उनके कथित संबंधों की जांच कर रही है।



- **ईडी ने ब्रिटेन के संजय भंडारी से जुड़े केस में आरोपी बनाया**
- **आर्म्स डीलर भारत में भगोड़ा घोषित**

# बेल्जियम कोर्ट नौ दिसम्बर को प्रत्यर्पण के खिलाफ चोकसी की अपील सुनेगा

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी की ओर से अपने प्रत्यर्पण को चुनौती देने के मामले की सुनवाई 9 दिसम्बर को बेल्जियम के सर्वोच्च न्यायालय कोर्ट ऑफ कैसेशन के समक्ष होगी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

चोकसी ने बेल्जियम की शीर्ष अदालत में एंटवर्प अपीलीय न्यायालय के 17 अक्टूबर के फैसले को चुनौती दी है। इस फैसले में भारत की ओर से उसके प्रत्यर्पण के अनुरोध को बरकरार रखते हुए इसे वैध बताया गया था। एडवोकेट जनरल हेनरी वेंडरलिंडन ने कहा कि कोर्ट ऑफ कैसेशन 9 दिसम्बर को मामले की सुनवाई करेगा।

- **मेहुल चोकसी ने बेल्जियम सुप्रीम कोर्ट में फैसले को दी थी चुनौती**

# 10 दिन की NIA कस्टडी में चार आरोपी

**दिल्ली ब्लास्ट**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट केस में एनआईए ने डा. मुजम्मिल, डा. शाहीन सईद, डा. आदिल अहमद और मुफ्ती इरफान अहमद को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चारों आरोपियों को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेज दिया है।

दरअसल इस केस में एनआईए ने कुल 6 आरोपियों को अरेस्ट किया था। हालांकि ये पहले जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों की पुलिस की गिरफ्त में थे। एनआईए ने अब आरोपियों को अपनी कस्टडी में लिया है। उधर जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने गुरुवार को कश्मीर टाइम्स अखबार के जम्मू ऑफिस पर छापा मारा। जहां से एके-47 राइफल के कारतूस, पिस्तौल के राउंड और हैंड ग्रेनेड पिन बरामद की गई। दरअसल यह कार्रवाई पब्लिकेशन के देश के खिलाफ गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में की गई। वहीं आतंकी डाक्टरों की 'पनाहगार' रही फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकंजा कस गया है।

- **इनमें तीन डाक्टर भी, जम्मू में कश्मीर टाइम्स के ऑफिस पर छापा, एके-47 के कारतूस बरामद**

# नीतीश ने 26 मंत्रियों के साथ सीएम पद की ली शपथ




**पटना।** बिहार के मुख्मयंत्री नीतीश कुमार ने 26 मंत्रियों के साथ गुरुवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में शपथ ली, जिनमें भाजपा के 14, जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के आठ, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के दो और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) तथा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के एक-एक मंत्री शामिल हैं।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने श्री कुमार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। श्री कुमार मंत्रिमंडल में सर्वाधिक 14 मंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा ,मंगल पाण्डेय, पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष, डा. दिलीप कुमार जायसवाल, नितिन नवीन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम कृपाल यादव, संजय सिंह 'टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, सुरेन्द्र मेहता,नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लखेन्द्र कुमार रौशन,श्रेयसी सिंह और डा. प्रमोद कुमार भाजपा से हैं। इनमें डा. दिलीप जायसवाल, राम कृपाल यादव, संजय सिंह टाइगर, अरूण शंकर प्रसाद, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, श्रेयसी सिंह लखेन्द्र कुमार रौशन -शेष पृष्ठ दो पर

- **भाजपा के 14 विधायक बने मंत्री**

# पढ़े-लिखे आतंकी ज्यादा खतरनाक: दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जब पढ़े-लिखे आतंकवादी बन जाते हैं तो वे ओवरग्राउंड वर्कर्स से ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। पुलिस ने कहा कि डाक्टरों और इंजीनियरों के लिए देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होना अब एक ट्रेंड बन गया है। ये लोग सरकारी पैसों का इस्तेमाल करके पढ़ाई करते हैं फिर एंटी नेशनल एक्टिविटी में शामिल हो जाते हैं।

दिल्ली पुलिस ने 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में शरजील इमाम के भड़काऊ भाषणों के वीडियो पेश किए। वीडियो में शरजील इमाम नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देते हुए दिख रहा है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इन भाषणों से माहौल बिगड़ा और लोगों को उकसाने का काम हुआ। शरजील इमाम ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान ऐसे भाषण दिए, जिसने हिंसा भड़काने का काम किया। शरजील इमाम इंजीनियरिंग ग्रेजुएट है। दिल्ली पुलिस ने 2020 दिल्ली दंगे में शामिल एक्टिविस्ट उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं का विरोध किया। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली दंगे को पूरे भारत में फैलाने की कोशिश की गई थी और इसका मकसद अंतर्राष्ट्रीय ध्यान खींचना था। आरोपियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत दौरे के समय ही हिंसा भड़काने की योजना बनाई थी, जिससे कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींचा जा सके। यह एक साजिश थी। यह एक गहरी, सुनियोजित और सोची-समझी साजिश थी। दंगों में 53 लोगों की मौत हुई, और सैकड़ों करोड़ों रुपयों की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा। इस हिंसा से जुड़े 753 एफआईआर दिल्ली में दर्ज की गईं। पुलिस ने ये भी दावा किया कि जांच के दौरान मिले चैट मैसेज और अन्य डिजिटल सबूतों से पता चला है कि दंगों की योजना केवल दिल्ली तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसे देशभर में फैलाने की कोशिश की गई थी।



**सुप्रीम कोर्ट में कहा-ये सरकारी पैसों से डाक्टर और इंजीनियर बनते हैं, फिर दंगे करते हैं**

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर की संपत्ति कुर्क की

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के अंतर्गत एक मादक पदार्थ तस्कर की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि आरोपी की पहचान बूट पॉलिश मोहल्ला, राजीव नगर, नरवाल निवासी विशाल कुमार के रूप में हुई है, जो मादक पदार्थ तस्करी के विभिन्न मामलों में शामिल है। प्रवक्ता ने कहा कि जांच अधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संपत्ति की कुर्की की और कुर्की का आदेश अधिनियम की प्रक्रिया के अंतर्गत जारी किया गया था।

### लोगों को जागरूक कर रहा है स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय गीत-संगीत, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला के जरिए लोगों को जागरूक बना रहा है। भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में स्वास्थ्य मंत्रालय के पवेलियन में गुरुवार को दर्शकों की काफी भीड़ देखने को मिली। मंत्रालय की ओर से आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए पवेलियन में संगीत, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला का आयोजन किया गया था। मंत्रालय की कर्मचारी नन्हें बच्चों को चित्रकला के माध्यम से स्वास्थ्य के बारे में जानका. रियां दे रही थी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से यहां पर टीबी उन्मुलन, अंग प्रत्यारोपण और परिवार नियोजन जैसे विभिन्न प्रकार के काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां पर मंत्रालय के कर्मचारी सरकार की ओर से चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

### कांग्रेस ने अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की रिपोर्ट को चिंताजनक बताया

# विवादास्पद रिपोर्ट पर जवाब दे सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



- कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने बोला हमला
- 800 पेज की रिपोर्ट के 108 व 109 पन्ने पर दिए गए उल्लेख आश्चर्यजनक व समझ से परे

कांग्रेस ने अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की हाल में आई वार्षिक रिपोर्ट को भारत के लिए चिताजनक बताया और इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि उनकी सरकार को इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रिपोर्ट में भारत से जुड़े संवेदनशील सुरक्षा मुद्दों का उल्लेख है, जिसने भारत की राजनयिक स्थिति के लिए चिंता पैदा कर दी है। यह वार्षिक रिपोर्ट करीब 800 पेज की है और इसके पृष्ठ 108 और 109 में दिए उल्लेख आश्चर्यजनक और समझ से परे हैं। रिपोर्ट में इस साल अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान द्वारा आयोजित 'विद्रोही हमला' बताया गया है। रिपोर्ट में इसके बाद चार दिन चले संघर्ष में भारत पर पाकिस्तान की 'सैन्य सफलता' बताया गया है। कांग्रेस नेता ने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे। यह रिपोर्ट हमारी कूटनीति को एक और गंभीर झटका है। सरकार बताए कि इस रिपोर्ट में किए गए दावों के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी। अमेरिकी कांग्रेस को सौंपी गई यह रिपोर्ट चीन से संबंधित आर्थिक और सुरक्षा मुद्दों का आकलन करती है, लेकिन यह रिपोर्ट भारत-पाकिस्तान संघर्ष सहित दक्षिण एशियाई भू-राजनीतिक तनावों को भी छूती है।

### कांग्रेस ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाएगी!

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ संसद के शीतकालीन सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी इलेक्ट्रानिक वोटिग मशीन (ईवीएम), मतदाता सूची में गड़बड़ियों, चुनावी पारदर्शिता और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के संबंध में विपक्षी दलों के सवालों का चुनाव आयोग से समुचित जवाब न मिलने से असंतुष्ट है।

### 80 साल पुराने संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार की जरूरत: ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि लगभग 80 साल पुराना यह संगठन समकालीन वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं है।

नई दिल्ली में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिरला ने बुधवार को कहा कि वैश्विक दक्षिण के लिए उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए लोकतांत्रिक, निष्पक्ष एवं समावेशी सुधारों की आवश्यकता है। बिरला ने वैश्विक शांति एवं सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की प्राचीन परंपरा और 'लो. कतंत्र की जननी' के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत के महत्वपूर्ण योगदान, जिसमें 300,000 से अधिक सैनिक शामिल हैं, तथा कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के मानवीय प्रयासों का उल्लेख किया। बिरला ने कहा कि भारत ने कोविड संकट के दौरान 150 देशों को दवाइयां उपलब्ध कराकर 'वैश्विक फार्मेसी' की तरह काम किया।

# बिहार में बसपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- मतगणना वाले दिन जानबूझकर कराया था उत्पात

**लखनऊ/नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिहार में पार्टी कार्यकर्ताओं पर कथित पुलिस कार्रवाई को गंभीर मुद्दा बताते हुए प्रदेश सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान यह तथ्य सामने आया कि 14 नवम्बर को मतगणना वाले दिन विपक्षी दलों और असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर उत्पात कराया गया था। सुश्री मायावती ने आरोप लगाया कि इस दौरान नव-निर्वाचित बसपा विधायक सतीश यादव की गाड़ी के साथ-साथ प्रशासन की कई गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। बसपा अध्यक्ष के अनुसार हालात को नियंत्रित करने के नाम पर पुलिस ने रात में लाठीचार्ज किया, जिसमें बसपा के कई कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने दबाव में आकर बसपा के लगभग 250 कार्यकर्ताओं और करीब 1000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की, जबकि वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस केवल बसपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है, जबकि पहले घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और उसके बाद ही कोई कानूनी कदम उठाया जाना चाहिए। बसपा अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि उनकी पार्टी की मांग है कि इस पूरे मामले की सही और निष्पक्ष जांच कराई जाए। जब तक जांच पूरी न हो जाए, तब तक किसी भी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी या पुलिस कार्रवाई उचित नहीं होगी। उन्होंने दावा किया कि बिना जांच के बसपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है और पार्टी इसे स्वीकार नहीं करेगी।

# विकसित यूपी 2047 का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण व समान शिक्षा प्रणाली पर आधारित: पार्थ

**लखनऊ, वार्ता**

- योजना भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य के साथ गुरुवार को योजना भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन 'शिक्षा में नवाचार, प्रगति का आधार विक. सित उत्तर प्रदेश /2047' का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में शिक्षा के भविष्य, तकनीकी बदलावों के प्रभाव, सीखने के परिणामों में सुधार और वैश्विक मानकों वाली शिक्षण प्रणाली पर व्यापक चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थसारथी सेन शर्मा ने कहा कि विकसित यूपी 2047 का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और अवसर-समान शिक्षा प्रणाली पर आधारित है। उन्होंने शिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण, वैश्विक स्तर की शिक्षण पद्धति, तकनीकी दक्षता और सीखने के मूलभूत परिणामों को सुधार यात्रा के केंद्र में रखने की आवश्यकता बताई। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि डिजिटल कंटेंट, तकनीकी हस्तक्षेप और कौशल- आधारित शिक्षा आज की अनिवार्यता बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि नवाचार की यह गति जारी रही, तो उत्तर प्रदेश निकट भविष्य में देश का अग्रणी शिक्षा मॉडल बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन में उत्तर प्रदेश की युवा पीढ़ी सबसे बड़ी शक्ति है और इसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित यूपी एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज, संस्थाओं और नीति-निर्माताओं का सामूहिक संकल्प है। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, महा. निदेशक मोनिका रानी, सलाहकार अवनीश अवस्थी, शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह और

# यूपी में बिजली बिल राहत योजना एक दिसम्बर से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड एक दिसम्बर से 'बिजली बिल राहत योजना' शुरू करने जा रहा है। योजना का उद्देश्य नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड और बिजली चोरी के प्रकरणों को हल करते हुए करोड़ों उपभोक्ताओं को राहत देना है।

प्रदेश में 54,12,443 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्होंने बिजली के बिल के रूप में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को एक भी रुपये का भुगतान नही किया है। इन पर पावर कारपोरेशन का 16,105 करोड़ रुपया बकाया है। जबकि 91,45,985 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन पर लंबे समय से कारपोरेशन का 15,100 करोड़ रुपये बकाया पड़ा है। ऐसे में उपभोक्ताओं से बकाए की वसूली को लेकर पावर कारपा. ेरेशन यह योजना शुरु कर रहा है। गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पॉवर कारपा. ेरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि कुल 1. 45 करोड़ उपभोक्ताओ के ऊपर कुल 31,205 करोड़ बकाया सरचार्ज सहित कुल देयक 45,980 करोड़ रुपये (जिसमें 24,775 करोड़ रुपये सरचार्ज) है। उन्होंने कहा कि यह योजना सरचार्ज माफी और मूलधन में भारी छूट देने वाली ऐतिहासिक पहल है।

### यूपी विधानसभा चुनाव से पहले होगा उपचुनाव?

**मऊ।** यूपी के मऊ की घोसी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह का गुरुवार को निधन हो गया हैं। उनके निधन के बाद घोसी सीट एक बार फिर से खाली हो गई हैं। ऐसे में अब इस सीट पर 2022 के बाद दूसरी बार उपचुनाव होंगे। नियमों के मुताबिक अगर किसी जन प्रतिनिधि की अचानक मृत्यु होने, अयोग्य ठहराए जाने या इस्तीफा देने के बाद कोई सीट खाली हो जाती है, तो उस पर छह महीने के भीतर उपचुनाव कराए जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक बार फिर से घोसी सीट पर मुकाबला देखने को मिलेगा।

2022 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से दारा सिंह चौहान ने इस सीट पर जीत हासिल की थी, लेकिन एक साल बाद ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देकर बीजेपी ज्वाइन कर ली थी, जिसके बाद 2023 में घोसी में उपचुनाव कराए गए। बीजेपी ने इस सीट से दारा सिंह चौहान को उतारा, लेकिन सपा के टिकट पर सुधाकर सिंह ने उन्हें 50 हज़ार वोटों से हरा दिया था।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 85632.68
निफ्टी 26192.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही और वे इस साल के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 446.21 अंक (0.52 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 85,632.68 अंक पर बंद हुआ।

बीच कारोबार में यह 85,801.70 अंक तक मजबूत हुआ था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 139.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत ऊपर 26,192.15 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का इस साल का उच्चतम स्तर है। हालांकि कुल मिलाकर बाजार में बिकवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी में मझौली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक लगभग सपाट रहे, जबकि छोटी कंपनियों में गिरावट रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.05 प्रतिशत लुढ़क गया। एनएसई में कुल 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,721 के शेयर बढ़त में और 1,385 के लाल निशान में बंद हुए जबकि 96 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सार्वजनिक बैंक, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों में बिकवाली ज्यादा रही। वहीं, ऑटो, वित्त, निजी बैंक और तेल एवं गैस समूहों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर लाल निशान में और अन्य 15 के हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 2.28 फीसदी चढ़ा। बजाज फिनसर्व का शेयर 2.25 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.01, एचडीएफसी बैंक का 1.42, टेक महिंद्रा का 1.29 और एक्सिस बैंक का 1.20 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। ट्रेंट, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, आईटीसी, मारुति सुजुकी और एलएंडटी के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियन पेंट्स के शेयर में 1. 20 फीसदी की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.06 प्रतिशत, टाइटन का 0.80, हिंदुस्तान यूनीलि. वर का 0.48 और कोटक महिंद्रा बैंक का 0. 43 प्रतिशत फिसल गया। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई आज 2.65 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.02 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.40 फीसदी की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.70 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.57 फीसदी ऊपर था।

### रेल पवेलियन में भारत के बदलते परिदृश्य की झलक

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में रेल पवेलियन भारत के बदलते परिदृश्य की झलक प्रस्तुत कर रहा है। यहां के भारत मंडप में स्थापित रेल पवेलियन में नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रैपिड रेल जैसी आधुनिक ट्रेनों की झलक देखने को मिल रही है, जो तेजी से बदल रही रेल यातायात की कहानी बयां कर रही है। भारतीय रेलवे के पवेलियन में सरकार की ओर से यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक और तीव्र यातायात की सुविधा मुहैया कराने के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। यहां पर रेलवे के विभिन्न कारखानों में निर्मित हो रहे डीजल और इलेक्ट्रिक इंजनों की भी छवि प्रदर्शित की गई हैं। साथ ही यहां भारतीय रेलवे की ओर से विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होने वाली पत्रिकाएं भी आगंतुकों को मुफ्त में मुहैया कराई जा रही हैं, जिनमें रेलवे से संबंधित परियोजनाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराई गई हैं।

# शहरों में जर्जर मकानों की जगह बनेंगी हाई-राइज बिल्डिंग्स

- योगी सरकार ने बनाया लोगों के लिए मेगा प्लान, अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर जैसे शहरों में दशकों से खतरनाक बनी जर्जर इमारतों को हटाया जाएगा। योगी सरकार प्रदेश में पहली बार व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति ला रही है। इसके तहत 25 साल से पुराने खतरनाक भवनों को तोड़कर उनकी जगह मॉर्डन हाई-राइज बिल्डिंग्स बनाई जा सकेंगी। वह भी रिकॉर्ड समय में मंजूरी और भारी छूट के साथ बनेंगी।

यह योजना कम से कम 1500 वर्ग मीटर जमीन पर ही लागू होगी। 25 साल या उससे ज्यादा पुरानी इमारतें इसके अंदर आएंगी। साथ ही दायरे में स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर तुरंत मंजूरी मिलेगी। इसके अलावा एकल मकान या लीज वाली जमीन पर इस योजना का क्रियान्वन नहीं किया जा सकेगा। इन इमारतों को मिश्रित भू-उपयोग (रिहायशी + कमर्शियल) की पूरी छूट होगी। इसके अलावा डेवलपमेंट चार्ज में 50 प्रतिशत तक का भारी डिस्काउंट मिलेगा। प्रभाव शुल्क में भी 25 प्रतिशत का छूट मिलेगी। इन हाई राइज बिल्डिंग में 15 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस और 10 प्रतिशत एलआईजी फ्लैट्स होंगे। ये प्रोजेक्ट शहरों की सूरत और अर्थव्यवस्था दोनों बदलेगी। आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के पुराने शहरी इलाकों में सैकड़ों प्राइम लोकेशन पर जर्जर भवन पड़े हैं। इनके पुनर्विकास से हजारों नए फ्लैट्स बनेंगे, खासकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए। इससे शहरों की खूबसूरती लौटेगी, अरबों रुपये का नया निवेश आएगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा। बंद पड़े कारखानों पर भी खुलेगा रास्त। इसके तहत तीन साल से बंद या बीमार घोषित उद्योगों की जमीन पर भी नई इमारतें बनाने की अनुमति मिल सकेगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राज्यपाल...** भीतर निर्णय लेना होगा। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया, क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत उच्चतम न्यायालय से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को विधेयकों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 प्रश्नों पर उच्चतम न्यायालय से राय मांगी थी। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितम्बर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत राष्ट्रपति संदर्भ का जवाब देते हुए, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने कहा कि न्यायालय द्वारा तय की गई समयसीमा संविधान में सोची गई ष्लचीलेपनष के खिलाफ होगी। न्यायालय ने पूछा कि क्या राज्यपाल पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक सकते हैं और चेतावनी दी कि इस तरह की कवायद से लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारें राज्यपाल की मर्ज़ी पर आ सकती हैं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायिक समय सीमा का इस आधार पर विरोध किया कि न्यायालय संवैधानिक कार्यालयों के कार्य नहीं कर सकते। उन्होंने मानी गई मंजूरी के विचार को भी खारिज कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, डा. एएम सिंघवी, केके वेणुगोपाल, गोपाल सुब्रमणियम और अरविंद दातार ने देरी से मंजूरी मिलने से होने वाली संवैधानिक रुकावट को रोकने के लिए न्यायिक रूप से लागू करने उचित समय सीमा के पक्ष में तर्क दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और महेश जेठमलानी ने तय समय सीमा के खिलाफ केन्द्र सरकार के रुख का समर्थन किया।

**नीतीश ने...** और डा. प्रमोद कुमार नीतीश कुमार की मंत्रिमंडल में इस बार शामिल हुए हैं, जबकि अन्य पांच पूर्व से मंत्रिमंडल में शामिल रहे। इसी तरह नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के आठ मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव,श्रवण कुमार, अशोक चौधरी,लेसी सिंह,मदन सहनी, सुनील कुमार और मो. जमा खान शामिल रहे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामिवलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की पार्टी से दो मंत्री संजय कुमार और संजय कुमार सिंह ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। वहीं उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) से उनके पुत्र दीपक प्रकाश ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली है, जबकि केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) से उनके पुत्र संतोष कुमार सुमन ने एक बार फिर मंत्री पद की शपथ ली। श्री कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधामनंत्री श्री मोदी के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री अर्जन राम मेघवाल, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, राजस्थान की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित राजग में शामिल जदयू, भाजपा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के नवनिर्वाचित विधायक, अन्य विशिष्ट अतिथिगण, सांसदगण, नवनिर्वाचित विधायकगण, विधान पार्षदगण, गणमान्य व्यक्ति, राजनीतिक कार्यकर्त्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# नेहरू की किताबें व भाषण आदि स्मार्टफोन पर ऑनलाइन उपलब्ध

**नई दिल्ली, वार्ता**

- मेमोरियल फंड ने पंडित नेहरू के लेखन के चुने कार्यों को डिजिटल रूप से तैयार किया

जवाहरलाल नेहरू मेमो. रियल फंड ने एक ऑनलाइन साइट विकसित की है, जिसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू के लेखन कार्यों, भाषणों तथा साक्षात्कारों को स्मार्टफोन पर पढ़ा और सुना जा सकता है।

जवाहरलाल नेहरू मेमो. रियल फंड ने गुरुवार को यहां एक विज्ञप्ति में यह बताया कि उसने पंडित नेहरू के लेखन के चुने हुए कार्यों को डिजिटलरूप में तैयार किया है, जिसे अब ऑनलाइन पढ़ा जा सकता है। मेमोरियल फंड ने पिछले वर्ष पंडित नेहरू की जयंती पर यह काम करने की घोषणा की थी और इसको लेकर वेबसाइट को पूरी तरह तैयार कर लांच कर दिया गया है। मेमोरियल फंड ने कहा है कि पंडित नेहरू के लेखन कार्यों के 100 संस्करणों का डिजिटल संस्करण तैयार किया गया है और उनके कार्यों के चुने हुए इन संस्करणों को अब स्मार्टफोन-अनुकूल नेहरूआर्काइव डॉट इन पर पढा जा सकता है। पंडित नेहरू के समग्र कार्यों को साइट पर जाकर अपने मोबाइल फोन पर आसानी से पढ़ा और देखा जा सकता है। इसे आसानी से खोजने के साथ ही डाउनलोड भी किया जा सकता है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कासीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एजेंट के साथ हुई रॉबरी का मामला सुलझा ,दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के वेलकम थाने की टीम ने कैश कलेक्शन एजेंट के साथ हुई रॉबरी के मामले को सुलझा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से रॉब कैश 4,47,290/रूपये- और अपराध में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 18.नवबर को दोपहर में, वेलकम थाने में एक रॉबरी की घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर, शिकायतकर्ता ने बताया कि वह एक प्राइवेट फर्म में काम करता है और कंपनी का कैश बैंक में जमा करने जा रहा था, तभी बाइक पर सवार दो लोगों ने उसे रॉब करने की कोशिश की। हालांकि, समय पर लोगों के दखल की वजह से कैश वाला बैग बच गया।घटनास्थल से एक बाइक बरामद की गई। इसके बाद वेलकम थाने के तहत मामला दर्ज कर एसएचओ वेलकम रूपेश खत्री के नेतृत्व टीम ने जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान,टीम ने अपराध में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी पहचान शिवम (24) और आशुतोष कश्यप (22) के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया और बताया कि उन्हें पता था कि पीड़ित एक कैश कलेक्शन एजेंट है, और उन्होंने उसे सॉफ्ट टारगेट मानकर रॉबरी की को. शिश की। केस में आगे की जांच जारी है।

## बारिश के बाद ही गिरेगा तापमान मौसम विभाग का पूर्वानुमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ठंड ने दस्तक दे दी है, किंतु वायु-गुणवत्ता में लगातार हो रही गिरावट ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। राजधानी में बुधवार को सुबह से ही मौसम में हल्का परिवर्तन देखने को मिला, परंतु प्रदूषण का स्तर अब भी बेहद गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि 'अनुभूत तापमान' लगभग 27 डिग्री रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के लिए शीतलहर को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, उत्तरी क्षेत्रों में उत्तर-पश्चिमी हवाएँ तेज होने के साथ तापमान में गिरावट की संभावना है। इसी क्रम में नोएडा और गाजियाबाद में घना कोहरा बढ़ने लगा है, जिससे दृश्यता प्रभावित होने की आशंका भी जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में आज आसमान साफ रहेगा, परन्तु हवा की गति अत्यंत धीमी होने के कारण प्रदूषक तत्वों का फैलाव संभव नहीं हो पा रहा है। राजधानी में हवा लगभग चार किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही है, जिसके चलते वायु-गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई। तापमान में अभी किसी बड़े परिवर्तन के संकेत नहीं मिले हैं और विभाग ने वर्षा की संभावना से इनकार किया है।

# एमसीडी स्कूल लाजपत नगर का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने नई दिल्ली के एमसीडी स्कूल, लाजपत नगर-ïïï का दौरा किया। यह दौरा वार्ड 7 के स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित बैग वितरण समारोह के अवसर पर हुआ। यह आयोजन हाल ही में मनाए गए बाल दिवस समारोहों के साथ-साथ, लाजपत नगर स्कूल की परिवर्तन यात्रा के 10 वर्ष पूरे होने का प्रतीक भी रहा जो हर बच्चे के लिए सीखने का गुणवत्तापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने में सरकार के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। कार्यक्रम में बांसुरी स्वराज, सांसद (लोकसभा); योगेश वर्मा, अध्यक्ष, शिक्षा समिति, एमसीडी दिल्ली और एमसीडी के अन्य गणमान्य अतिथि, विधायक नीरज बैसोया, शरद कपूर, नगर पार्षद एवं उपाध्यक्ष, श्रीनिवास तिवारी, प्राचार्य, एमसीडी स्कूल लाजपत नगर-ïïï, आदि उपस्थित थेवार्ड 7 के कई स्कूलों के नर्सरी से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों को 2,200 से अधिक स्कूल बैग वितरित किए गए। यह पहल गेल के साथ एक सीएसआर साझेदारी के तहत की गई। इस समारोह में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नृत्य, और एमसीडी स्कूल जीवन नगर के कक्षा 5 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत बैंड शामिल था।इस अवसर पर सूद ने कहा कि आज हमारे नन्हे विद्यार्थियों के बीच होना मेरे लिए गर्व का विषय है। स्वयं एक सरकारी स्कूल में पढ़े होने के कारण यह मेरे लिए घर वापसी जैसा है। आज हम जो ये बैग दे रहे हैं, ये केवल किताबें रखने के लिए नहीं हैं, बल्कि इनमें बच्चों के सपने हैं जो उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएंगे। हमारे शिक्षक, जो सबसे योग्य हैं, वे इन बच्चों के भविष्य को आकार देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## मनोज तिवारी का आम आदमी पार्टी पर प्रहार

**नई दिल्ली।** नगर निगम चुनाव के माहौल में राजनीतिक सरगर्मियाँ तेज हैं और इसी क्रम में सांसद मनोज तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में शालीमार बाग और अशोक विहार में आयोजित सभाओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा विकास कार्यों पर ध्यान देती है, जबकि आप सरकार ने राजधानी में अनेक परियोजनाओं की गति को रोक दिया है। तिवारी ने मतदाताओं से भाजपा को समर्थन देने की अपील की, ताकि दिल्ली में विकास की रफ्तार पुन: तेज हो सके। सभाओं में मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आप नेता अफवाहें फैलाते हैं कि भाजपा के सत्ता में आने पर झुग्गियों को हटाया जाएगा। तिवारी ने इसे पूर्णत: असत्य बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल में किसी भी झुग्गी को नुकसान नहीं पहुँचाया गया। इसके विपरीत, केंद्र सरकार ने झुग्गीवासियों को सुविधाएँ प्रदान करने के लिए उल्लेखनीय कदम उठाए हैं।

## यात्रा भत्ता बढ़ाने की मांग पर रनिंग स्टाफ आक्रोशित

**नई दिल्ली।** रेलवे के रनिंग स्टाफ ने किलोमीटर दरों (यात्रा भत्ता) में वृद्धि की मांग को लेकर अपना आंदोलन तेज कर दिया है। महंगाई निरंतर बढ़ने के बीच कर्मचारियों का कहना है कि उनकी किलोमीटर दर वर्षों से स्थिर है, जबकि अन्य श्रेणियों के कर्मचारियों को 50 प्रतिशत से अधिक महंगाई भत्ता होने पर स्वचालित रूप से 25 प्रतिशत की वृद्धि मिल चुकी है। रनिंग स्टाफ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और ट्रेन प्रबंधक जैसे रनिंग स्टाफ ड्यूटी के दौरान तय किए गए किलोमीटर के आधार पर भत्ता प्राप्त करते हैं। आल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन ने बताया कि महंगाई भत्ता मूल वेतन के 50 प्रतिशत से ऊपर जाने के बाद रेलवे के अन्य कर्मचारियों को उनके भत्तों में 25 प्रतिशत वृद्धि दी गई।

## 18 साल से कम उम्र में कोई भी सेक्सुअल एक्ट अपराध: कोर्ट

**नई दिल्ली।** पाक्सो से जुड़े मामले में आरोपी के विरुद्ध की गई एफआईआर को रद करने से इनकार करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की पीठ ने कहा कि ऐसे में जब 18 साल से कम उम्र की लड़की की सहमति पाक्सो एक्ट के लिए जरूरी न हो तो अदालत लगभग बालिग होने पर सहमति से बने रिश्तों के लिए छूट नहीं दे सकती। पीठ ने कहा कि पाक्सो अधिनियम सहित आईपीसी के नियमों के तहत 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति के साथ कोई भी सेक्सुअल एक्ट अपराध माना जाता है। अदालत ने कहा कि संसद ने 18 साल की उम्र तय की है और इसके नीचे कानून सेक्सुअल सहमति को मान्यता देने से मना करता है।

अदालत ने कहा कि नाबालिग से जुड़े रिश्ते में बाद में होने वाली घटनाओं में इस आधार पर राहत नहीं दी जा सकती कि इससे एक बच्चे का जन्म हुआ और अब पीड़िता को इस पर कोई आपत्ति नहीं है। पीठ ने कहा कि एक बार जब ये बातें साबित हो जाती हैं, तो नाबालिग की सहमति को क्रिमिनल लायबिलिटी के बचाव के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

अदालत ने उक्त टिप्पणी करते हुए ने आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ पाक्सो अधिनियम सहित बाल विवाह निषेध एक्ट के तहत प्राथमिकी रद करने से इनकार कर दिया। याचिका के अनुसार लड़की उस समय 16 साल और 5 महीने की थी। बच्चे के साथ कोर्ट में पेश होकर लड़की ने कहा कि यह रिश्ता अपनी मर्जी से था। इसलिए उसने केस बंद करने की मांग की। याचिका खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि पीड़ित को उसके बच्चे के साथ देखकर यह बात समझ में आई कि यह कार्रवाई एक युवा परिवार की स्थिरता से जुड़ी है।

# सोनिया विहार ऑनशोर सुविधा परियोजना को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में 'सोनिया विहार ऑनशोर सुविधा परियोजना' की समीक्षा हेतु एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसमें आई डब्ल्यू एआई, डीडीए दिल्ली जल बोर्ड एवं डीटीटीडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में यमुना तट पर विकसित की जा रही व्दींवतम थ्ंबपसपजल, त्पअमत ज्वनतपेउ ब्वततपकवत और क्रूज/ फेरी सर्विस से संबंधित प्रगति, आवश्यक अनुमतियाँ, साइट सर्वे, पर्यावरणीय अनुपालन तथा निर्माण-पूर्व गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मंत्री कपिल मिश्रा की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया कि सभी सम्बंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए तेजी से प्रयास करेंगे।

यमुना क्षेत्र में सभी गतिविधियाँ के पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप संचा. लित होंगी। साथ ही IWAI, Delhi Jal Board और डीटीटीडीसी के बीच इंटर-एजेंसी कोऑर्डिनेशन को और मजबूत किया जायेगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न हो तथा सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएँ। बैठक में प्रस्तुत योजना के अनुसार सोनिया विहार में आधुनिक ऑनशोर सुविधाएँ विकसित की जाएँगी।



पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा सचिवालय में 'सोनिया विहार ऑनशोर सुविधा परियोजना' को लेकर अधिकारियों संग बैठक करते हुए।

## एक नजर

### टमाटर की कीमतों में एक बार फिर से भारी उछाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश भर में टमाटर की कीमतों में एक बार फिर से अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे आम आदमी, खासकर रसोई का प्रबंधन संभालने वाली महिलाओं का मासिक बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पिछले 10 से 15 दिनों के भीतर ही खुदरा बाजार में टमाटर के दाम 50% तक बढ़ गए हैं, और कई प्रमुख शहरों तथा उच्च-स्तरीय इलाकों में अच्छी गुणवत्ता वाले टमाटर 80 रुपये से 100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को छू चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक महीने में टमाटर की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 36 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जो 27% की वृद्धि दर्शाती है। हालांकि, अलग-अलग राज्यों में यह उछाल कहीं अधिक है। चंडीगढ़ में खुदरा कीमतों में सर्वाधिक 112% का उछाल देखा गया है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी कीमतों में 40% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है।

### पुरानी दिल्ली के विकास पर बैठक

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के पुरानी दिल्ली क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और उनके स्थायी समाधान पर विस्तृत चर्चा करने हेतु आज सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने सभी संबंधित विभागों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में डी एम सेंट्रल, डी सी पी नार्थ, डीसीपी ट्रैफिक, ए सी पी कमला मार्किट, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, 'हॉर्टीकल्चर, जल बोर्ड और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी' उपस्थित रहे। सांसद खंडेलवाल ने बैठक की शुरुआत में कहा कि पुरानी दिल्ली तथा इसके आसपास के क्षेत्रों को 'अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करना समय की आवश्यकता' है, जिसके अंतर्गत व्यापार में वृद्धि हो क्योंकि यह सारा क्षेत्र देश भर में सबसे बड़ा व्यापारिक हब है।

वहीं स्वच्छता, सुंदरता, यातायात प्रबंधन, अतिक्रमण हटाने और सार्वजनिक सुविधाओं के उन्नयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जिससे चांदनी चौक में फुटफाल बढ़ेगा और व्यापार के बड़े अवसर उपलब्ध होंगे।सभी अधिकारियों ने इन सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की और सभी कार्य तुरंत शुरू करने का भरोसा दिया। बैठक के तुरंत बाद 'सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने सभी अधिकारियों के साथ पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में स्थल निरीक्षण' किया। दौरे के दौरान उन्होंने प्रत्येक विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि 'अपनी-अपनी जिम्मेदारी का तुरंत और प्रभावी निर्वहन' सुनिश्चित करें। इसके साथ ही चांदनी चौक में 'सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए विशेष जोन', आकर्षक' एंट्री गेट' और फूड कोर्ट के लिए स्थान चिन्हित किये गए वहीं हर प्रकार के अतिक्रमण को हटाने तथा ट्रैफिक व्यवस्था की दुरुस्त करने को भी कहा। अवैध रूप से चल रहे रिक्शों तथा ई रिक्शा को भी हटाए जाने के निर्देश दिए गए।

### एनएसई व बीएसई पर प्रस्तावित लिस्टिंग की घोषणा



**नई दिल्ली।** एडवेंट होटल्स इंटरनेशनल लिमिटेड भारत में प्रमुख उच्च-मांग वाले सूक्ष्म बाजारों में लक्जरी और उच्च-स्तरीय होटलों के एक प्रमुख मालिक ने 13 नवंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) और बीएसई लिमिटेड पर अपने इक्विटी शेयरों की प्रस्तावित लिस्टिंग की घोषणा की। एडवेंट होटल्स इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रमोटर निदेशक अरशद बलवा ने कहा कि एडवेंट होटल्स इंटरनेशनल की लिस्टिंग एक संस्थागत रूप से संचालित और पूँजी-कुशल आतिथ्य मंच के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। हम एक सुव्यवस्थित, परिचालन की दृष्टि से उत्कृष्ट होटल मंच के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो दीर्घकालिक शेयरधारक मूल्य सृजन पर केंद्रित है। एडवेंट होटल्स इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक और सीईओ राहुल पंडित ने कहा कि यह लिस्टिंग एडवेंट होटल्स इंटरनेशनल के लिए एक निर्णायक क्षण है, क्योंकि हमारा लक्ष्य भारत के सबसे प्रशंसित आतिथ्य प्लेटफार्मों में से एक का निर्माण करना है।

# ट्रेड फेयर में इंडिया गेट की शान ने जीता दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला इस साल भी विविधता और सांस्कृतिक सौंदर्य का संगम बन गया है, जहां 31 से अधिक राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने-अपने थीम आधारित पवेलियन प्रस्तुत किए हैं।

इन पवेलियनों में दिल्ली का मंडप विशेष रूप से आगंतुकों का ध्यान खींच रहा है, जिसकी संपूर्ण रूपरेखा ऐतिहासिक लाल किले पर आधारित है।दिल्ली पवेलियन को लाल किले जैसे गुंबदों, गेरुए पत्थरों जैसी दिखने वाली बाहरी दीवारों और उसके प्रतीकात्मक वास्तुशिल्प के साथ तैयार किया गया है।

प्रवेश द्वार के ऊपर बने गुंबद और बीच में लगा तिरंगा बिल्कुल लाल किले की झलक पेश करता है। भीतर प्रवेश करते ही दर्शकों का सामना इंडिया गेट की आकर्षक प्रतिकृति से होता है, जिसे एक प्रमुख सेल्फी प्वाइंट के रूप में सजाया गया है। यहां आगंतुक लगातार तस्वीरें खिंचवाते नजर आ रहे हैं।

इंडिया गेट की प्रतिकृति के पास दिल्ली में प्रारंभ की गई नई ग्रीन 'देवी बस' का मॉडल प्रदर्शित है, जिसका उपयोग भाजपा सरकार अपनी विक. ासपरक पहल के प्रचार में कर रही है। पवेलियन की बाहरी दीवारों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिल्ली सरकार की विभिन्न योजनाओं और प्रधानमंत्री मोदी की प्रमुख पहलों, विशेषकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, को प्रदर्शित किया जा रहा है। अंदर लगे दो बड़े स्क्रीन पर भी सरकार के आठ महीने के कार्यों, जैसे दिल्ली स्कूली शिक्षा फीस निर्धारण अधिनियम और व्यापारी कल्याण बोर्ड गठन, की विस्तृत झलक आगंत. ुकों को देखने को मिल रही है। राजस्थान पवेलियन का डिजाइन अपनी शाही विरासत को उजागर करता है। प्रवेश द्वार के पास बने आकर्षक हवा महल की भव्य प्रतिकृति आगंतुकों को बिहार पवेलियन का भव्य डिजाइन गया स्थित महाबोधि मंदिर की संरचना पर आधारित है, जो इसकी आध्यात्मिक पहचान को उजागर करता है। बाहरी बाउंड्री पर बनाई गई पारंपरिक मधुबनी कला इसे और आकर्षक बनाती है, जिसमें बिहार के प्रमुख तीर्थ स्थलों, लोककथाओं और सांस्कृतिक प्रतीकों को सुंदरता से दर्शाया गया है। पवेलियन की यह कलात्मक सजावट आगंतुकों को बिहार की समृद्ध विरासत और कला-संस्कृति का जीवंत अनुभव कराती है। महाराष्ट्र पवेलियन के भीतर रायगढ़, शिवनेरी, प्रतापगढ़ और विजयदुर्ग समेत राज्य के 12 प्रमुख दुर्गों की प्रतिकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं, जो आगंतुकों का मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं। बाहरी ढांचे में किले की थीम नहीं है, लेकिन प्रवेश द्वार पर स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा पवेलियन को विशिष्ट पहचान देती है। यह पूरा डिजाइन महाराष्ट्र की समृद्ध ऐतिहा. सिक विरासत और वीरता को उजागर करता है। उत्तर प्रदेश के पवेलियन को आकर्षक और भव्य रूप दिया गया है, हालांकि इसकी संरचना में किसी किले की थीम शामिल नहीं है। पवेलियन के अंदर राज्य की महत्वाकांक्षी योजना एक जिला, एक उत्पाद को प्रमुखता से प्रस्तुत किया

## दफ्तरों में एआई बना बर्नआउट से भी बड़ा फैक्टर

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब भारत में काम करने के तरीकों को प्रभावित करने वाला सबसे प्रभावशाली फैक्टर बनकर उभरा है। साथ ही इसने वेतन और बर्नआउट जैसे पारंपरिक शीर्ष प्राथमिकताओं को भी पीछे छोड़ दिया है। इनडीड की 2025 वर्कप्लेस ट्रेंड्स रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है। वार्षिक अध्ययन के इस पहले एडिशन में यह पाया गया है कि टेक्नोलॉजी, बदलते करियर मूल्यों और न्यू वर्क ट्रेंड जैसे फैक्टर भारत के आधुनिक कार्यस्थल को कैसे बदल रहे हैं इंडीड इंडिया के टैलेंट स्ट्रैटेजी एडवाइजर रोहन सिल्वेस्टर ने कहा, '' भारत का कार्यस्थल व्यावहारिक रूप से बदल रहा है - लोग कैसे सीखते हैं, कैसे अपना काम शेड्यूल करते हैं, और अपना करियर कैसे मैनेज करते हैं।

# सोलो कला प्रदर्शनी आयोजित

**नई दिल्ली।** युवा कलाकार अवनी चौहान द्वारा "अनंता" नामक सोलो कला प्रदर्शनी का आयोजन आईफैक्स आर्ट गैलरी, रफी मार्ग, नई दिल्ली में 22 से 27 नवंबर तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन वरिष्ठ कलाकार अजय समीर द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा, कलाकार अवनी चौहान ने बताया कि बचपन से ही उनका कला के प्रति गहरा रुझान रहा है। वे प्री-स्कूल से ही पेंटिंग कर रही हैं और कई राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं। अपनी पहली सोलो प्रदर्शनी में वे प्रतिष्ठित भारतीय कलाकारों द्वारा सराही गईं और उनके मार्गदर्शन में विभिन्न कला शैलियों को सीख रही हैं। यह उनकी दूसरी सोलो प्रदर्शनी है। 'अनंता' शब्द उनके इस विश्वास का प्रतीक है कि रचनात्मकता



हमेशा खुली, विस्तृत और अप्रतिबंधित रहनी चाहिए। अवनी स्वयं को एक मुक्त आत्मा मानती हैं जो चित्रकारी में सहज बहाव, विविध शैलियों और विभिन्न माध्यमों के साथ प्रयोग करते हुए प्रत्येक कृति को अपनी विशिष्ट लय और रूप खोजने देती हैं। प्रदर्शनी में प्रदर्शित प्रत्येक कलाकृति सीमाओं से परे कला की असीम संभावनाओं का प्रतिनिधित्व करती है। कलाकार अवनी चौहान कई राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं।

## आईपीयू में एमडी के चार सीटों के लिए काउंसलिंग 26 को

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में संचालित एमडी (पीडियाट्रिक्स) पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स की 4 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये सीटें विवि के राज्य कोटा एवं संस्थागत कोटा के तहत भरी जाएंगी। इस प्रोग्राम के लिए काउंसलिंग 26 नवंबर को आयोजित की जाएगी। केवल वे उम्मीदवारों इस कोटा के तहत प्रवेश के लिए पात्र हैं जिन्होंने विश्वविद्यालय के संबद्ध चिकित्सा कॉलेजों से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। इच्छुक उम्मीदवारों के पास भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस की डिग्री होनी चाहिए और प्रवेश वर्ष की निर्धारित तिथि से पहले एक वर्ष की अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप पूरी की होनी चाहिए।

## कम उम्र में आचार्य बनकर इतिहास रचेंगे जैन मुनि पन्यास श्री लब्धिवल्लभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जैनों के पावन तीर्थ पालिताना में 23 नवम्बर की सुबह एक अविस्मरणीय शुभ अवसर का साक्षी बनेगाख्रपरम पूज्य पन्यास श्री लब्धिवल्लभ विजयजी महाराज को आचार्य पद प्रदान किया जाएगा। यह अद्वितीय कार्यक्रम पालिताना स्थित सिद्धवड महातीर्थ की पावन भूमि पर आयोजित होगा।



परम पूज्य पन्यास भगवंत श्री लब्धिवल्लभ विजयजी महाराज वर्तमान में 37 वर्ष के हैं, किंतु उन्होंने मात्र आठ वर्ष की अल्पायु में दीक्षा ग्रहण की थी। उनके दीक्षा-पर्याय को अब 29 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इतनी कम उम्र में आचार्य पद प्रदान करने का यह सौभाग्य आचार्य श्रीमद् विजय रश्मीरत्नसूरिश्वरजी महाराज साहेब के वर्ध हस्तों से सिद्धवड तीर्थभूमि पर सम्पन्न होगा। पन्यासप्रवर लब्धिवल्लभ विजयजी महाराज ने अपना साधु-जीवन अत्यंत मर्यादित संपर्क, संघ-कल्याण की सूक्ष्म निष्ठा और अध्ययन के प्रति अडिग भावना के साथ व्यतीत किया है। उनके जीवन में व्यक्ति नहीं, बल्कि संकल्प प्रमुख रहा है, और प्रसिद्धि से अधिक शांति व कार्यशीलता देखने को मिलती है। आचार्य पद प्रदान का यह शुभ अवसर 200 से अधिक साधुख्रसाध्वी वृंद की निश्रा में आयोजित होगा। इस अवसर के साक्षी बनने के लिए गुरु-भक्तों की भारी उपस्थिति रहने की संभावना है। समारोह की सूचना मिलते ही श्रावक-श्राविकाओं, उपासकों और संघजनों के हृदय में भद्रभाव और आदर की लहर दौड़ पड़ी है। यह पूरा समारोह शांति, शिस्त और गुरु परंपरा की गौरवमयी नम्रता के साथ सम्पन्न होगा।

हालाँकि चार्य पद-ग्रहण का मुख्य अवसर 23 नवम्बर को है, पर 22 नवम्बर की सुबह छह बजे ओपन स्काई मेडिटेशन (ध्यान) का कार्यक्रम होगा। इसके बाद सुबह नौ बजे लब्धिवल्लभ विजयजी महाराज के जीवन-वैराग्य के एक अनजाने पहलू' से आराधकों को अवगत कराया जाएगा। शाम सात बजे 'नमो आयरियाणं' कार्यक्रम के माध्यम से आचार्य भगवंतों का महिमागान किया जाएगा।

## डीयू में हुआ 'भारत बौद्धिक्स' पुस्तक श्रृंखला का विमोचन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित "भारत बौद्धिक्स" पुस्तक श्रृंखला का विमोचन गुरुवार को डीयू के वाइस रीगल लॉज में हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल मुख्य अतिथि रहे और उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। इस कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित 21 पुस्तकों का हिन्दी और अंग्रेजी में विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण गोपाल ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया को पहला गणराज्य देने वाले हम थे।

# झारखंड पवेलियन में दिखाई दी नेतृत्व शक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में झारखंड पवेलियन इस वर्ष विशेष रूप से सुर्खियों में है। इसकी सबसे बड़ी वजह है। तसर सिल्क के क्षेत्र में झारखंड की अद्वितीय पहचान, जहां देश के कुल तसर उत्पादन का 70 प्रतिशत योगदान अकेले झारखंड देता है। यह उपलब्धि न केवल राज्य की प्राकृतिक संपदा और कौशल का प्रमाण है, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व में उभरती एक मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कहानी भी है।

झारखंड का तसर उद्योग आज एक स्पष्ट विजन के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है-स्थानीय आजीविका को सुदृढ़ करना, कच्चे रेशम के उत्पादन को बढ़ाना, तसर से जुड़े संपूर्ण इकोसिस्टम का निर्माण करना और राज्य को भारत के हस्तशिल्प



मानचित्र पर विशिष्ट स्थान दिलाना। इसी मिशन के तहत, झारखंड में आज 100 कोकून संरक्षण केंद्र और 40 पूर्ण-सुविधायुक्त परियोजना केंद्र संचालित हो रहे हैं। 2001 में 90 मीट्रिक टन कच्चे रेशम का उत्पादन बढ़कर 2024ख्र25 में 1,363 मीट्रिक टन तक पहुँच गया है, जिसने झारखंड को देश की तसर राजधानी के रूप में स्थापित कर दिया है। इस अभूतपूर्व सफलता के केंद्र में हैं झारखंड की महिलाएँ। तसर उत्पादन के 50-60 प्रतिशत कार्यों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी है । कोकून प्रसंस्करण से लेकर तसर धागा उत्पादन और तैयार उत्पादों के निर्माण तक। उल्लेखनीय है कि यार्न उत्पादन पूरी तरह से महिला कर्मियों द्वारा किया जाता है, जिसने उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ राज्य की तसर अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ भी बनाया है।

## एक्यूआई 400 के पार लोगों को हो रही सांस लेने में दिक्कत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। आज सुबह कई इलाकों में घना जहरीला स्मॉग छाया रहा। राजधानी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में आज सुबह एक्यूआई 400 से ऊपर दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आज सुबह राजधानी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 416, अशोक विहार में 443, आया नगर में 332, बवाना में 437, बुराड़ी में 418, डीटीयू में 432, द्वारका में 414, आईटीओ में 399, जहांगीरपुरी में 451 दर्ज किया गया है। राजधानी में आज सुबह इंडिया गेट क्षेत्र के आसपास घना जहरीला स्मॉग छाया रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार यहां एक्यूआई 400 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर एक महिला ने कहा, 'प्रदूषण इतना ज्यादा है कि सांस लेने में दिक्कत हो रही है। मास्क पहनना पड़ रहा है और एक्यूआई भी बहुत ज्यादा है। हम बाहर निकलने से बच रहे हैं। आज सुबह दिल्ली के मोती बाग इलाके के आस-पास के जहरीले स्मॉग की एक परत छाई हुई थी। सीपीसीबी के मुता. बिक, इलाके में एक्यूआई 439 है जो 'गंभीर' कैटेगरी में है। वहीं, दिल्ली के धौला कुआं और पंजाबी बाग इलाके में भी 400 के पार एक्यूआई दर्ज किया गया। धौला कुआं इलाके में 423 और पंजाबी बाग इलाके में 439 एक्यूआई दर्ज किया गया है। गाजियाबाद में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### सड़क हादसे में हुई दो युवकों की मौत से आक्रोशित

# परिजनों व स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** रमतेराम रोड पर कल रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद सुबह क्षेत्र में तनावपूर्ण हालात बन गए। हादसे में दो युवकों की मौत और तीसरे की नाजुक हालत को लेकर मृतकों के परिजनों व स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना के बाद से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है, जबकि पुलिस हालात सामान्य कराने में जुटी हुई है।जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात तेज रफ्तार इनावा कार ने बाइक पर जा रहे तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के



परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्रियांशु और शिवा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तीसरा युवक, साहिल, अभी भी वेंटिलेटर पर है और उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।परिजनों का आरोप है कि इनावा कार सवार युवक नशे में धुत



थे और लापरवाही से गाड़ी चला रहे थे। हादसा करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार की पहचान कर ली है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई करती और नशे में गाड़ी चलाने वालों पर सख्ती होती, तो आज तीन परिवारों पर यह दुखद समय नहीं आता। प्रियांशु और शिवा के परिजनों ने शवों को सड़क पर रखकर रमतेराम रोड जाम कर दिया। परिवारों और स्थानीय लोगों की मांग थी कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करे, मृतकों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र में नशे में वाहन चलाने पर कड़ी कार्रवाई हो। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया।एसीपी और थाना प्रभारी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी और मामले की निष्पक्ष जांच होगी।

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया और सड़क पर यातायात बहाल कराया गया। इस दुखद हादसे ने एक बार फिर गाजियाबाद में बढ़ते सड़क हादसों, तेज रफ्तार और नशे में ड्राइविंग को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रमतेराम रोड पर शाम के समय तेज रफ्तार वाहन आम बात है और पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने की जरूरत है। फिलहाल दो घरों में मातम पसरा है।

## फैसल हुसैन के नेतृत्व में फॉर्म भरकर अपलोड किए गए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मौहम्मद असलम कुरैशी द्वारा मुरादनगर विधानसभा में बी.एल.ए बनाकर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन के नेतृत्व में फॉर्म भरकर जिला अध्यक्ष को उपलब्ध एवं अपलोड किए गए। जिसमे संतोष यादव का बहुत योगदान रहा। इस अवसर पर इरफान अमानत यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष शाहनवाज खान विधानसभा अध्यक्ष गाजियाबाद अकरम प्रधान पूर्व महानगर अध्यक्ष मजदूर सभा योगेश सिरोही पूर्व महानगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी मनोज प्रजापति अजय कुमार जिला सचिव लोहिया वाहिनी मास्टर जगदीश जिला सचिव लोहिया वाहिनी रिजवान चौधरी अत्ताउल्लाह खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वसुंधरा और कविनगर जोन कर वसूली में सबसे आगे

**साहिबाबाद।** गृहकर में बढ़ोत्तरी को लेकर जारी गतिरोध के बीच शहर में रोजाना करीब 45- 50 लाख का कर जमा कराया जा रहा है। नगर निगम की ओर से चल रहे कर वसूली अभियान में वसुंधरा और कविनगर जोन सबसे आगे हैं। करदाता 20 फीसदी छूट का लाभ भरपूर उठा रहे हैं। इसके चलते नगर निगम रोजाना करीब 50 लाख रुपये का कर वसूल रहा है। गृहकर वसूली में वसुंधरा जोन इस समय प्रथम स्थान पर है। वसुंधरा में रोजाना 19.65 लाख का कर जमा हो रहा है। वहीं दूसरे स्थान पर कविनगर जोन है। यहां रोजाना 18.34 लाख का कर जमा हो रहा है।

## जयंत चौधरी का विश्वास टूटने नहीं दूंगा: इंद्रजीत सिंह टीटू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अर्बन कमेटी के मुख्य सदस्य व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि में उन साथियों को निमंत्रण देता हूं जो अभी तक राष्ट्रीय लोक दल से नहीं जुड़ पाए हैं वह किसी भी जाति किसी भी धर्म के क्यों ना हो में अपने नेता केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत को विश्वास दिलाता हूं और आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने पूरे उत्तर प्रदेश में अर्बन क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने के लिए पांच लोगों को चिन्हित किया है अलग-अलग शहर से और अलग-अलग समाज से उनमें गाजियाबाद से सिख समाज का सम्मान देते हुए मेरे पर विश्वास दिखाया है।

इस जिम्मेदारी मिलने के



बाद मेरी मुख्य भूमिका यह रहने वाली है की अभी तक एक संदेश दिया जाता है की राष्ट्रीय लोकदल केवल देहात क्षेत्र में मजबूत है लेकिन ऐसा नहीं है इस मिथ्या को तोड़ते हुए मैं पार्टी को बढ़ाने का काम करूंगा मैं शहर गाजियाबाद में पैदा हुआ हूं एक व्यापारी के यहां जन्म हुआ है पंजाबी समाज का मैं हिस्सा हूं राष्ट्रीय लोकदल का पूरा परिवार स्वर्गीय भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी से लेकर स्वर्गीय अजीत सिंह जी और मौजूदा में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सभी समाज को सम्मान देते हैं हर जाति का व्यक्ति राष्ट्रीय लोकदल में कहीं ना कहीं पदाधिकारी है चाहे राष्ट्र की कमेटी हो चाहे किसी जिले की हो किसी महानगर की हो चाहे प्रदेश की हो इसका एक उदाहरण मैं स्वयं हूं।

मैंने अपना काम आरंभ कर दिया है मुजफ्फरनगर से लेकर गाजियाबाद अलीगढ़ से लेकर गाजियाबाद अमरोहा से लेकर गाजियाबाद नोएडा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सभी युवा साथियों को राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों में अपना विश्वास रखने वाले समाज के लोगों को संपर्क करने का और उनको पार्टी में जिस तरीके की भी वह जिम्मेदारी चाहेंगे उनको उस जिम्मेदारी दिलवा कर पार्टी को मजबूत करूंगा इस पर निरंतर काम चल रहा है बहुत जल्द पंचायत के चुनाव भी होने वाले हैं उसमें भी अच्छे लोगों को टिकट दिलवाकर जितवाने के लिए भी मेहनत की जाएगी

आने वाले समय में मैं हर जाति हर धर्म के व्यक्ति के घर-घर तक जाऊंगा मेरे नेता ने मेरे पर विश्वास दिखाते हुए मुझे अर्बन कमेटी के पांच लोगों में जिम्मेदारी दी है अपने नेता का विश्वास नहीं टूटने दूंगा।

## एडीसीपी ने किया थानों का निरीक्षण

**गाजियाबाद।** शहर में अपराधों की जांच प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय अपराध) केशव कुमार द्वारा थाना सिहानी गेट एवं थाना नंदग्राम में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा और उनके समयबद्ध निस्तारण हेतु विशेष आदेश कक्ष का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे भी उपस्थित रहीं।

बैठक में दोनों थानों की विवेचक टीमों को मामलों की गंभीरता, लंबित अवधि और जांच की प्रगति के आधार पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया कि लंबित मामलों का समय पर निपटान



कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने विवेचकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक केस की जांच में पारदर्शिता, तथ्यात्मक मजबूती और समयबद्धता को प्राथमिकता दी जाए। एसीपी उपासना पांडे ने भी बैठक में मौजूद अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए कहा कि थानों में लंबित मामलों की संख्या कम करने के लिए फील्ड स्तर पर सक्रियता बढ़ाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मामलों से संबंधित साक्ष्य संग्रहीत करने, गवाहों के बयान दर्ज करने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई को तीव्र गति से पूरा किया जाए।

### छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित होने पर

# लापरवाह संस्थाओं के विरुद्ध कराई जाएगी कठोर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** साहित्य निकष सिंह जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गाजियाबाद ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष में मा. मुख्यमंत्री महोदय द्वारा छात्रवृत्ति योजना की गहन समीक्षा की जा रही है, जिसके क्रम में समस्त कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा लंबित प्रोफाईल लॉकिंग एवं छात्र/छात्राओं के डाटा अग्रसारण हेतु संस्थाओं को निरन्तर निर्देशित किया जा रहा है एवं विगत सप्ताह मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वयं बैठक आयोजित कर डाटा फारवडिंग एवं प्रोफाइल लॉक करने के सम्बंध में प्रभावी निर्देश निर्गत करने के उपरान्त भी जनपद की शिक्षण संस्थाओं द्वारा छात्र/छात्राओं के डाटा अग्रसारण एवं संस्थाओं की प्रोफाइल लॉक में न ही संस्थाओं द्वारा एवं न ही एफीलियेटिंग एजेन्सी द्वारा रूचि ली जा रही है।

अल्पसंख्यक कल्याण निदशालय से प्राप्त आज की सूचना के अनुसार अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जनपद में 1102 छात्र/ छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन के सापेक्ष मात्र 627 छात्र/ छात्राओं का फाईनल सबमिशन संस्थाओं द्वारा कराया



गया है एवं इसके सापेक्ष मात्र 08 छात्र/ छात्राओं का डाटा संस्था द्वारा फारवर्ड किया है एवं 618 छात्र/ छात्राओं का डाटा संस्था द्वारा अज्ञात कारणों से अपने लॉगिन पर लंबित रखा गया है, यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है एवं जिस समय प्रदेश के अन्य जनपदों में संस्थाओं द्वारा छात्र/ छात्राओं के डाटा अग्रसारण का प्रतिशत 55 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के परिसर में है, वही जनपद गाजियाबाद में मात्र 1.43 प्रतिशत है (एक दशमलव तिरालीस प्रतिशत मात्र), जिस कारण जनपद की लापरवाह संस्थाओं की शिथिलता से छात्र/छात्राओं का छात्रवृत्ति से वंचित होना प्रबल सम्भावित है। अत: इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जनपद गाजियाबाद की समस्त उच्च शिक्षा संस्थाओं को अवगत कराया जाता है कि, जिन संस्थाओं द्वारा अभी अपने प्रोफाइल को लॉक नही किया गया है वे तत्काल अपने प्रोफाइल को लॉक करें एवं जिन संस्थाओं द्वारा अपना प्रोफाइल लॉक कर दिया है वे तत्काल क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल मेरठ एवं एफीलियेटिंग एजेन्सी से सप्पर्क स्थापित करते हुये उनसे अपना प्रोफाइल लॉक कराना सुनिश्चित कराये तथा अपनी-अपनी लॉगिन पर प्रर्दशित समस्त छात्र/ छात्राओं के आवेदन का नियमानुसार अग्रसारण / निस्तारण सुनिश्चित करायें। यदि संस्थाओं की लापरवाही से छात्रवृत्ति रैकिंग में जनपद की रैकिंग मा0 मुख्यमत्री डैश बोर्ड पर प्रभावित होती है और कोई भी छात्र/ छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित होता है, तो लापरवाह संस्थाओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही कराई जायेगी।

## महामाया स्टेडियम रविवार को भी खुलेगा

**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम रविवार को भी विभिन्न खेलों के खिलाड़ी सुबह के समय अभ्यास कर सकेंगे - सुबह के समय प्रशिक्षण की सुविधा होने से खिलाड़ी पर्याप्त समय दे सकेंगे, 250 से अधिक खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा गाजियाबाद, अमन वत्स। शहर के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम अब रविवार को भी सुबह के समय खुला रहेगा। सुबह के समय सरकारी स्टेडियम में प्रशिक्षण की सुविधा होने से उन खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा, जो सप्ताह के अन्य दिनों में समय के चलते अभ्यास पूरा नहीं कर पाते थे।


## कौशांबी में किया गया राम कथा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी स्थित कैलाश त्रिशूल टावर में राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कुसुम गोयल पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा कथावाचक कृष्ण जी ठाकुर का आशीर्वाद लिया। कथा में राम विवाह के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे कैलाश टावर के मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश दीक्षित द्वारा सभी आए श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर उषा अग्रवाल जगमोहन शर्मा रामा शर्मा केवल सेठी वीणा सेठी एस के वैश्य रेखा वैश्य उषा गुप्ता लक्ष्मीकांत चानना कामिनी भदोरिया राकेश जकेतिया गौरव वर्मा पवन गुप्ता मनीष जैन नरेंद्र सिंह अशोक गर्ग राजेंद्र गोयल स्नेह लता मंजू कपूर सरोज वर्मा अशोक गर्ग रविंद्र नगर साहित् बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## लगातार लगाए जा रहे हैं कैंप, जागरूकता अभियान जारी



**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-6 के मतदाताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जारी एसआईआर - स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया अब 12 राज्यों में शुरू हो चुकी है। इसी क्रम में वैशाली सेक्टर-6 में मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए एसआईआर फॉर्म भरने का अभियान तेज किया गया है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मीना कौशिक ने बताया कि शनिवार और रविवार को मिलन एकेडमी स्कूल, सेक्टर-6 वैशाली में बीएलओ टीम की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। BLO शालिनी दिवाकर, रेखा रज और सीमा त्रिपाठी पूरे दिन मतदाताओं की सहायता में जुटी रहेंगी। मीना कौशिक स्वयं भी दोनों दिनों में उपस्थित रहेंगी। उन्होंने बताया कि आज भी कई लोगों ने फॉर्म भरकर अपनी जानकारी को अपडेट कराया है। मीना कौशिक ने कहा कि उन्होंने स्वयं अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ एसआईआर फॉर्म भरा है और सभी मतदाताओं से अपील की कि वे भी इस प्रक्रिया को गंभीरता से लें। उनका कहना है कि "जागरूक मतदाता होने के नाते यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने नाम को मतदाता सूची में सुनिश्चित करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।"

फॉर्म भरने के लिए मतदाताओं को अपना आधार नंबर, मतदाता पहचान पत्र नंबर, और भाग संख्या साथ लानी होगी। यदि EPIC नंबर उपलब्ध नहीं है, तो माता-पिता, पति या दादा-दादी के EPIC नंबर या भाग संख्या के आधार पर भी फॉर्म आसानी से भरा जा सकता है। इसके अलावा एक पासपोर्ट साइज फोटो लगाना अनिवार्य है

## भाजपा ने निकाली पदयात्रा, भारत माता की जय से गूंजा गाजियाबाद

**गाजियाबाद।** सोमवार को आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन- आंदोलन का स्वरूप देने और शहर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शहर विधानसभा में एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में निकाली गई इस विशाल पदयात्रा में क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, युवा संगठनों, महिला मोर्चा और विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर इसे एक जन-पहल का रूप प्रदान किया। पदयात्रा का शुभारंभ सांसद अतुल गर्ग, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप, शहर विधायक संजीव शर्मा तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की उपस्थिति में हुआ। प्रारंभिक स्थल



पर पूजा-अर्चना के बाद यात्रा को रवाना किया गया। नेताओं ने इसे लोकतंत्र में जनभागीदारी की शक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि शहर विधानसभा की यह पदयात्रा आत्मनिर्भर भारत और स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जनता की सक्रिय भागीदारी ही किसी भी विकासयोजना का आधार होती है। वहीं, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि स्थानीय समस्याओं का समाधान क्षेत्रीय सहयोग और निरंतर संवाद से ही संभव है। यह पदयात्रा इसी सकारात्मक संवाद की शुरुआत है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत तभी सफल होगा जब यह केवल सरकारी अभियान न रहकर जन-जन के जीवन का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि इस पदयात्रा ने शहर विधानसभा में जनसंपर्क को नई ऊर्जा प्रदान की है। पदयात्रा का समापन प्रताप विहार स्थित स्वदेशी चौक पर हुआ, जहां स्थानीय नागरिकों और व्यापारी वर्ग ने यात्रियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। समापन सभा में विधायक संजीव शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की यह उत्साहपूर्ण भागीदारी क्षेत्र के विकास और सुशासन के प्रति उनके विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शहर विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर और समर्पित प्रयास जारी रखेंगे।कार्यक्रम में अनेक गणमान्य उपस्थित रहे, जिनमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष बलदेव राज शर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा सहित अनेक मंडल एवं महानगर पदाधिकारी शामिल थे। संपूर्ण आयोजन का संचालन पदयात्रा संयोजक संजय कांत शर्मा ने किया।

## गाजियाबाद फिर बना देश का सबसे प्रदूषित शहर

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद एक बार फिर खतरनाक वायु प्रदूषण की मार झेल रहा है। गाजियाबाद देश का सबसे प्रदूषित शहर दर्ज किया गया, जब शहर का औसतन एयर क्वालिटी इंडेक्स 401 रहा। गत 18 नवंबर की सुबह आठ बजे भी गाजियाबाद का AQI पूरे देश में सबसे अधिक पाया गया। लगातार दो दिनों तक पहले स्थान पर रहने के बाद आज भी गाजियाबाद देश के टॉप 5 प्रदूषित शहरों में शामिल है। अक्टूबर और नवंबर में यह चौथी बार है जब गाजियाबाद ने यह 'कुख्यात' स्थान हासिल किया है।

यह स्थिति साफ सवाल खड़ा करती है कि तमाम अभियान, निगरानी और कार्यवाहियों के बावजूद गाजियाबाद का प्रदूषण काबू क्यों नहीं हो पा रहा? शहर में लगातार कूड़ा जलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कई इलाकों में खुले में कचरा उठाने और निस्तारण की व्यवस्था कमजोर होने के कारण लोग अक्सर कूड़े में आग लगा देते हैं। वहीं, सड़कों पर उड़ती धूल प्रदूषण को कई गुना बढ़ा रही है।

नगर निगम की ओर से कुछ स्थानों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल अस्थायी राहत देता है जबकि प्रदूषण की जड़ें कहीं अधिक गहरी हैं।वायु प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। शहर के अस्पतालों में सांस फूलने, श्वसन रोगों, आंखों में जलन और गले में खराश के मामलों में वृद्धि दर्ज की जा रही है। यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि AQI गंभीर श्रेणी में बना हुआ है, जो लंबे समय तक रहने पर लोगों के लिए बेहद खतरनाक साबित होता है।

## सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज के छात्रों का यूनानी चिकित्सा संस्थान में शैक्षणिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज ने बी. फार्म द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। यह भ्रमण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन, गाजियाबाद में संपन्न हुआ। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को यूनानी चिकित्सा पद्धति के सिद्धांतों और उसकी व्यवहारिक प्रक्रिया से परिचित कराना था। इससे छात्रों को पारंपरिक औषध निर्माण, मानकीकरण, गुणवत्ता नियंत्रण और उपचार पद्धतियों के बारे में व्यावहारिक जानकारी मिली। इस अनुभव ने छात्रों को आधुनिक फार्मेसी विज्ञान और पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के बीच के संबंधों को समझने में मदद की। भ्रमण का संचालन प्रो. आर. डी. गुप्ता, निदेशक (सुंदरदीप फार्मेसी



कॉलेज) के निर्देशन और सुष्मिता मिश्रा, सहयोगी प्राध्यापक एवं गतिविधि संयोजक के मार्गदर्शन में किया गया।

भ्रमण के दौरान फैकल्टी सदस्य डॉ. नितिन कुमार (प्रोफेसर, एस.डी.पी.सी.), नेहा जैन (एसोसिएट प्रोफेसर, एस.डी.पी.सी.), खुशबू बंसल (असिस्टेंट प्रोफेसर, एस.डी.पी.सी.) और स्टाफ सदस्य कपिल छात्रों के साथ उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने छात्रों को संस्थान के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया और वहां के विशेषज्ञों से बातचीत के माध्यम से पारंपरिक औषध विज्ञान की उपयोगी जानकारी दिलाई। प्रो. आर. डी. गुप्ता ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। ये न केवल उन्हें भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली की वैज्ञानिक समझ देते हैं बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार और दक्ष फार्मासिस्ट बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस भ्रमण के सफल आयोजन में संस्थान के चेयरमैन एवं चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (एडमिन) विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्लानिंग) पीयूष श्रीवास्तव, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) परसंजीत कुमार, डीन अकैडमिक्स डॉ. ए. शनमुगनाथन और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन का निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। छात्रों ने इस भ्रमण को बहुत ही ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को आधुनिक दृष्टिकोण से समझने और अपने पेशेवर विकास की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

# जाली प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट रैकेट में शामिल दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने डबल-मॉर्गेजिंग और जाली प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट रैकेट में शामिल कुख्यात धोखेबाज को गिरफ्तार किया है।आरोपी पिछले 15 सालों से अपना नाम और पहचान बदलकर फरार था।दिल्ली की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (इकोनॉमिक ऑफेंस विंग) अमृता गुगुलोथ में बताया कि ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के सीनियर मैनेजर की शिकायत पर ईओडब्ल्यू थाने में 15 मार्च 2019 को एक केस दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने परवेश शर्मा के तौर पर नकली पहचान बनाकर , रोहिणी, में प्रॉपर्टी की नकली टाइटल चेन बनाई और धोखे से इसे दो नेशनलाइज्ड बैंकों में गिरवी रख दिया, जिससे 44.95 लाख रुपये का गलत नुकसान हुआ।आरोपी जानबूझकर लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था।

इसके बाद टीम ने आरोपी की तलाश की। इस दौरान क्रेडेंशियल्स परवेश शर्मा की नकली पहचान से मेल खाते पाए गए, जो आरोपी द्वारा इस्तेमाल किया गया उपनाम था। आरोपी धीरज सिंह (37) ने आधार कार्ड में कई बार अपना नाम बदलकर परवेश शर्मा कर लिया था और जालसाजी के बाद उसने फिर से अपना नाम धीरज सिंह कर लिया। इस सुराग से एक अहम सफलता मिली और जांचकर्ताओं को टेक्निकल सर्विलांस, बैकग्राउंड वेरिफिकेशन और सर्विलांस इनपुट के जरिए टीम ने आरोपी धीरज कुमार को भरतपुर से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी धीरज कुमार उर्फ घ्परवेश शर्मा 2009-2010 के आसपास पैसे की दिक्कतों का सामना करते हुए, साथी आरोपियों के संपर्क में आया, जिन्होंने उसे गैर-कानूनी बैंक लोन एक्टिविटी के लिए नकली डॉक्यूमेंट का इस्तेमाल करने के लिए कहा।

इस नकली पहचान के तहत, आरोपी ने नकली सेल डीड बनवाई, और , रोहिणी में मौजूद प्रॉपर्टी के लिए टाइटल की नकली चेन बनाई। उसने नकली नाम से बैंक अकाउंट खोले, लोन से पैसे लिए।

# इंटरस्टेट बस नेटवर्क को नया रूप देने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी के इंटरस्टेट बस नेटवर्क को नया रूप देने की तैयारी में है। लगभग 14 साल बाद दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) फिर लंबी दूरी के रूटों पर बसें चलाने जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि जिन ई-बसों के दम पर इंटरस्टेट कनेक्टिविटी बढ़ाने का दावा किया गया था, वही अब चुनौती है। लंबी दूरी पर चार्जिंग ढांचे की कमी के कारण ई-बसें लॉन्ग रूट पर नहीं दौड़ पाएंगी। इसकी जगह सरकार बीएस-6 डीजल बसों को वेट-लीज मॉडल पर लेने की तैयारी में है। यानी बसें निजी ऑपरेटर चलाएंगे। डीटीसी ने दिल्लीख्रबागपत (बडौत) और दिल्लीख्रसोनीपत के लिए ई-बस सेवा शुरू कर दी है। अगले महीने दिल्लीख्रधारूहेड़ा तीसरा ई-रूट बन जाएगा। सरकार की शुरुआती योजना थी कि सभी इंटरस्टेट रूटों पर इलेक्ट्रिक बसें भेजी जाएं, लेकिन दूसरे राज्यों में चार्जिंग स्टेशन की कमी, बैटरी बैकअप आदि नहीं होने से ई-बसों को लंबी दूरी के लिए नहीं भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या, ऋषिकेश, हरिद्वार, चंडीगढ़, अमृतसर, जम्मू आदि पर अब ई-बसों की जगह डीजल बीएस-6 बसें चलेंगी। डीटीसी लंबी दूरी वाले मार्गों पर डीजल बस संचालन के लिए एक कंसेशनायर (निजी ऑपरेटर) नियुक्त करेगा। इसके तहत बसें निजी ऑपरेटर उपलब्ध कराएगा और संचालन की जिम्मेदारी भी उसकी होगी। बस का किराया मॉडल डीटीसी तय करेगा। अधिकारियों का दावा है कि इससे सेवा जल्दी शुरू की जा सकेगी और यात्रियों को मौजूदा निजी बसों से सस्ती यात्रा मिल सकेगी। डीटीसी ने जिन 17 गंतव्यों को चिन्हित किया है उसमें ऋषिकेश, हरिद्वार, देहरादून, अयोध्या, लखनऊ, मुरादाबाद, पानीपत, अमृतसर, चंडीगढ़ और जम्मू समेत अन्य शहर शामिल है।

# अल फलाह समूह के चेयरमैन जवाद अहमद को 13 दिन की ईडी का रिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ईडी ने कोर्ट में कहा कि अल फलाह समूह के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी विद.ेश भागने की फिराक में था। ईडी का दावा है कि प्रमाणन और मान्यता के झूठे दावों के आधार पर आपराधिक आय अर्जित की।

अल फलाह समूह के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से धोखाधड़ी के जरिये 415 करोड़ रुपये हड़पे थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में यह खुलासा हुआ है। जवाद को विशेष जज के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे 13 दिन के लिए ईडी के रिमांड में भेजा गया है। ईडी ने यह भी दावा किया कि जवाद देश छोड़कर भागने की फिराक में था। उसके परिवार के कई सदस्य पहले खाड़ी देशों में बस चुके हैं। ईडी ने दिल्ली धमाके से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में दिल्ली-एनसीआर में कई ठिकानों पर छापों के बाद जवाद को मंगलवार रात गिरफ्तार किया था। आधी रात के करीब उसे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान के आवास पर पेश किया गया।

रात एक बजे तक चली सुनवाई के दौरान ईडी ने बताया, जवाद के निर्देश पर विश्वविद्यालय और उसके नियंत्रक ट्रस्ट ने प्रमाणन व मान्यता के झूठे दावों के आधार पर विद्यार्थियों व अभिभावकों से बेईमानी कर कम-से-कम 415.10 करोड़ रुपये की आपराधिक आय अर्जित की। ईडी ने कहा, आरोपी के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन और प्रभाव है। उसका गंभीर आर्थिक अपराधों का इतिहास है। उसके करीबी परिवार के सदस्य भी खाड़ी देशों में बसे हुए हैं। उसके पास भारत से भागने के कई कारण हैं। इसलिए उसकी गिरफ्तारी जरूरी थी। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कहा, धनशोधन रोकथाम अधिनियम की धारा 19 के तहत सभी प्रक्रियाएं की गई हैं। आरोप गंभीर हैं और जांच अभी शुरुआती चरण में है। ऐसे में आरोपी से पूछताछ जरूरी है। ईडी ने अदालत से जवाद की 14 दिन की हिरासत मांगी, जिस पर कोर्ट ने एक दिसंबर तक 13 दिन की मंजूरी दी।

ईडी ने कोर्ट को बताया कि जवाद सिद्दीकी संस्थापक और प्रबंध ट्रस्टी है और अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट का हर शख्स उसके इशारे पर काम करता है। सभी चीजें उसके नियंत्रण में रहती हैं।

# कंपनी के कैशियर से लूट के आरोपी दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वेलकम थाना इलाके में दिनदहाड़े लूट की कोशिश करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बदमाशों ने एक कंपनी के कैशियर से 4.47 लाख रुपये लूटे थे। राहगीरों ने बदमाशों से वापस बैग छिन लिया था। बदमाशों की पहचान शिवम और आशुतोष कश्यप के रूप में हुई है। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल बाइक भी पुलिस ने बरामद कर ली है।

जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि बाबरपु सौ फुटा रोड पर एक कैंपनी के कैशियर से दो बदमाशों ने 4.47 लाख रुपये लूटे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर शिकायतकर्ता हिमांशु मिला। उसने पुलिस को बताया कि वह नकदी बैंक में जमा कराने जा रहा था। इसी दौरान बाइक पर दो बदमाशों ने उससे नकदी से भरा बैग लूट लिया। पीड़ित ने शोर मचाया तो मौके पर राहगीर जमा हो गए।

उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों से बैग छिन लिया। बदमाश अपनी बाइक को मौके पर ही छोड़कर मौके से भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज किया। बाइक को कब्जे में लिया। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से बदमाशों की पहचान की और उन्हें कीर्ति नगर से गिरफ्तार कर लिया।



पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा निर्माण साइटों का दौरा करते हुए।

# धूल नियंत्रण के लिए वीडियो फेंसिंग के जरिये हो रही साइटों की निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) राजधानी में अब तक के सबसे बड़े एंटी-डस्ट अभियान को अंजाम दे रही है, जिसमें निर्माण, उद्योग और वाहन-जनित प्रदूषण पर लगातार-ऑनलाइन और ऑफलाइनख्रनिगरानी हो रही है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि डीपीसीसी के डस्ट कंट्रोल सेल्फ-असेसमेंट पोर्टल-जो नगर निगमों की बिल्डिंग सैंक्शन प्रक्रिया से जुड़ा है के माध्यम से 500 वर्गमीटर से बड़े हर निर्माण स्थल का रजिस्ट्रेशन और मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है।

रियल-टाइम जवाबदेही के बारे में सिरसा ने कहा कि हम दिल्ली की हवा को साफ रखने के लिए सिस्टम में बड़े सुधार कर रहे हैं। हर प्रोजेक्ट की 24ञ्7 दूरस्थ निगरानी हो रही है। जुर्माना हो या सीलिंग-कार्रवाई सीधे स्रोत पर हो रही है, चाहे वह निर्माण स्थल हो, ट्रैफिक से उठती धूल हो या औद्योगिक गतिविधि। हमारी एसपीओ साफ है-जांच करें, आकलन करें और तुरंत कार्रवाई करें। 21 अक्टूबर से 14 नवंबर 2025 के बीच डीपीसीसी पोर्टल पर दर्ज प्रोजेक्ट्स की संख्या 653 से बढ़कर 747 हो गई, क्योंकि सरकार का अनुपालन अभियान तेजी से आगे बढ़ा। 29 अक्टूबर से इन दर्ज प्रोजेक्ट्स का सघन निरीक्षण शुरू हुआ; अब तक 461 साइटों की जांच कर ली गई है, और जहां कमी मिली है वहां सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

रियल-टाइम मॉनिटरिंग -360 डिग्री वीडियो फेंसिंग से लगातार निगरानी और पारदर्शिता मजबूत हुई है। निर्माण स्थलों पर सार्वजनिक डिस्प्ले बोर्ड पर डीपीसीसी रजिस्ट्रेशन प्क लगाना अनिवार्य किया गया है ताकि नागरिकों और अधिकारियों को अनुपालन की स्थिति दिखाई दे। डीपीसीसी टीमें शहरभर में अनरजिस्टर्ड प्रोजेक्ट्स का सर्वे भी कर रही हैं। 4,881 इलाकों में से 467 का निरीक्षण पूरा कर 33 नए उल्लंघन पाए गए हैं।

# 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' थीम पर सजा रेलवे पवेलियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे 44वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में इस बार भारतीय रेलवे सबसे बड़ा आकर्षण बना हुआ है। हॉल नंबर 4 और 5 में लगे रेलवे के इस पवेलियन में लोग सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। पूरे पवेलियन को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' थीम पर तैयार किया गया है, जहां रेलवे ने अपने नए प्रोजेक्ट, हाई स्पीड ट्रेनों और आने वाले समय की योजनाओं को बहुत ही आसान और दिलचस्प तरीके से दिखाया है।

यहां वंदे भारत, अमृत भारत, नमो भारत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिवेणी का नाम दिया है। इसी रुप में हाइड्रोजन ट्रेन और वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के मॉडल लोगों को सबसे ज्यादा पसंद आ रहे हैं। युवा इन मॉडलों के साथ तस्वीरें लेते नजर आ रहे हैं। रेलवे की पुरानी पत्रिकाएं भी यहां रखी गई हैं, जो 1960 से छप रही हैं। साथ ही पीआर जोन में एक खास अनुभव केंद्र भी बनाया गया है, जहां लोग थ्री डी टेक्नोलॉजी की मदद से ऐसा महसूस करते हैं जैसे वे कश्मीर में बर्फ के बीच रेल यात्रा कर रहे हों।

इस पवेलियन की सबसे खास बात देश के अलग अलग हिस्सों में बन रहे बड़े रेल प्रोजेक्टों के मॉडल हैं। दुनिया के सबसे ऊंचे चेनाब ब्रिज का मॉडल हर किसी का ध्यान खींच रहा है। 359 मीटर ऊंचा यह पुल एफिल टावर से भी 35 मीटर ज्यादा ऊंचा है, जो भारतीय इंजीनियरिंग की ताकत दिखाता है। इसी तरह पूर्वोत्तर में बन रहे बैराबी साएरंग प्रोजेक्ट और मिजोरम में तैयार हो रहा सबसे ऊंचा पिलर वाला ब्रिज भी लोगों को खूब पसंद आ रहा है। दक्षिण भारत के मशहूर पंबन ब्रिज का मॉडल भी यहां रखा गया है, जो समुद्र के ऊपर चलने वाली ट्रेन की अद्भुत तकनीक को दिखाता है। स्टॉल पर मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन की जानकारी भी प्रदर्शित की गई है। यह हाई स्पीड कॉरिडोर 508 किलोमीटर लंबा है, जिसमें ज्यादातर हिस्सा गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगा। ट्रेन की स्पीड 320 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। कम स्टॉप के साथ यात्रा सिर्फ 2 घंटे 7 मिनट में पूरी होगी। पूरे रूट पर 12 स्टेशन, 28 पुल और 21 किलोमीटर लंबी सुरंगें बनाई जा रही हैं, जिनमें 7 किलोमीटर की समुद्र तल के नीचे वाली सुरंग भी शामिल है।

# शादीपुर फ्लाईओवर पर लूट करने वाला धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शादीपुर फ्लाई ओवर पर पांच लाख रुपये और लैपटॉप लूटने वाले आरोपित को रंजीत नगर थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूटा गया बैग और लैपटॉप और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी जब्त की गई है।

हालांकि, वारदात में शामिल उसके तीन अन्य दोस्त अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। आरोपित को स्कूटी नंबर की मदद से पुलिस पकड़ने में सफल रही। उपायुक्त के अनुसार, 15 नवंबर को रंजीत नगर पुलिस को लूटपाट की पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना के तुरंत बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहां पर शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह अपनी कार से शादीपुर फ्लाईओवर से गुजर रहे थे।

# छात्रा की मौत के विरोध में परिजनों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में गोल डाकखाना के पास सेंट कोलंबस स्कूल के बाहर छात्र की मौत के विरोध में विद्यार्थियों और परिजनों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया जिसके चलते वहां अफरा तफरी मच गयी।

गौरतलब है कि इस स्कूल में पढ़ने वाले 16 वर्षीय एक छात्र ने 18 नवंबर को राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन पर आत्म हत्या कर ली थी। प्रदर्शनकारियों ने विद्यालय के कुछ शिक्षकों पर विद्यार्थियों को लगातार मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया और विद्यालय प्रशासन से जवाबदेही की मांग की।

करोल बाग के रहने वाले छात्र के पिता द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के अनुसार, कुछ शिक्षकों द्वारा बार-बार अपमानित करने और परेशान करने की वजह से वह 'मान. सिक रूप से बहुत परेशान' था। शिकायत में कहा गया है कि छात्र अक्सर घर पर अपनी परेशानी बताता था। वह अपने परिजनों को बताता था कि कुछ शिक्षक उसे छोटी-छोटी बातों पर डांटते और अपमानित करते हैं। आत्महत्या करने वाले छात्र के परिजनों का कहना है कि उन्होंने शिक्षकों और प्राचार्य दोनों से कई बार बोलकर शिकायत की थी, लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इस सिलसिले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपों की जांच शुरू कर दी है। इस बीच, प्रदर्शन में शामिल माता-पिता ने विद्यालयों में विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य के लिए इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और मजबूत सुरक्षा उपाय करने की मांग की।

## कनाडा के दंपति को मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कनाडा में रह रहे एक दंपत्ति को मानवीय आधार पर बड़ी राहत प्रदान करते हुए भारत में सरोगेसी से संबंधित कानूनी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी करने की अनुमति दे दी है। न्यायालय ने कहा कि दंपति को इस प्रक्रिया हेतु भारत यात्रा करने की आवश्यकता नहीं होगी और वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित दस्तावेज और आवश्यक विवरण प्रस्तुत कर सकेंगे।न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने इस मामले में 10 नवम्बर को पारित आदेश में कहा कि जिला चिकित्सकीय बोर्ड को व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए याचिकाकर्ताओं को वर्चुअल रूप से उपस्थित होने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# एमसीडी उपचुनाव के लिए भाजपा का प्रचार जोरों पर

**नई दिल्ली।** भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने 30 नवंबर को होने वाले नगर निगम के 5 वार्डों के उपचुनाव के लिए पूरा जोर लगा दिया।


**सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या (E6629522) में मेरा नाम जुल्फिकार अली अहमद (Julfikar Ali Ahamad) दर्ज है। मैंने अपना नाम अजुल्फिकार अली अहमद (Julfikar Ali Ahamad) से बदलकर जुल्फिकार अली (Julfikar Ali) कर लिया है भविष्य में मुझे से जुल्फिकार अली (Julfikar Ali) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। जुल्फिकार अली (Julfikar Ali) पुत्र श्री रसीद अहमदा निवासी वार्ड नम्बर-42, अशोक विहार लोनी जिला गाजियाबाद।



वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये सम्मन

आदेश 5 नियम 1 व 5

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी. डि.) / एफ.टी.सी. मुजफ्फरनगर** मूल वाद संख्या 317 सन 2018 नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्री देवदत्त त्यागी निवासी मकान नम्बर 17 मौहल्ला गाजावाली मुजफ्फरनगर बजात खुद व वारिस श्रीमति मन्जू त्यागी प्रतिवादीया नम्बर 14 ... वादी। **बनाम** (रमेश चन्द व 17 अन्य)1:- रमेश चन्द पुत्र श्री सीताराम निवासी 1/11760 पंचशील गार्डन सरोवर मार्ग नवीन शाहदरा दिल्ली। 2- प्रवेश कुमार पुत्र श्री विरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम बेहडी परगना चरथावल तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 3:- राजबीर सिहं पुत्र स्व. श्री जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम रोहाना खुर्द परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 4:- कपिल कुमार पुत्र श्री विरेन्द्र कुमार ग्राम बेहडी परगना चरथावल तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 5:- अमोल त्यागी पुत्र श्री अशोक कुमार निवासी ग्राम अम्बेहटा शेख तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर . ..**प्रतिवादीगण** । आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी नरेन्द्र कुमार ने आपके विरुद्ध डिग्री इस्तकरार व हुक्म इम्तनाई का वाद न्यायालय उपरोक्त मे योजित किया है आपको इस न्यायालय मे उक्त वाद का उत्तर पत्र प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात / उपस्थित होने के लिए दिनाकं 26-11-2025 को दिन में 10:00 बजे के लिये यह सम्मन प्रेषित किया जाता है आप नियत दिनाकं को न्यायालय उपरोक्त में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार / अधिवक्ता द्वारा उपसंजात होकर इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय मे उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात / उपस्थित नही होगें तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति मे गुण दोष पर किया जावेगा। आज दिनाकं 12 माह 11 सन 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया ।


# राजधानी में नहीं थम रहीं बम की धमकी दिल्ली के कई स्कूलों को आया ईमेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चाणक्यपुरी स्थित संस्कृति स्कूल समेत आज कई स्कूलों बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। स्कूल प्रशासन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वॉड और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्कूल परिसर, भवनों, कक्षाओं और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। बताया जा रहा है कि संस्कृति स्कूल में काफी देर तक चली जांच और सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। ईमेल की तकनीकी जांच कर भेजने वाले की पहचान की कोशिश की जा रही है। वहीं अन्य स्कूलों में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, घटना के समय स्कूल परिसर में बच्चे और स्टाफ मौजूद थे। सभी को तुरंत बाहर निकाला गया। स्कूल परिसर को खाली करा दिया गया। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। जिसके बाद जांच शुरू की गई। पुलिसकर्मी स्कूल और आसपास के क्षेत्र में तैनात हैं। इससे पहले 18 नवंबर मंगलवार को दिल्ली के चार कोर्ट और दो स्कूलों को बम की धमकी मिली। के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। धमकी के बाद साकेत, द्वारका, पटियाला हाउस और रोहिणी स्थित अदालतों को तुरंत खाली करा लिया गया था और गहन तलाशी अभियान चलाया गया था।

# युवाओं में बढ़ती नशे की लत चिंता का विषय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाहौर शास्त्री नगर स्थित बाबा बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धा, आस्था और भारतीय संस्कृति की गरिमा के साथ तुलसी विवाह कथा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कथावाचक तुलसी महाराज ने भावपूर्ण शैली में कथा वाचन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। यह आयोजन मंदिर की संचालिका तथा प्रमुख समाजसेवी स्नेह लता शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने क्षेत्र में धार्मिक वातावरण के संवर्धन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार की दिशा में सराहनीय पहल की है। कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व पार्षद तथा मंदिर के संस्थापक बंसी लाल (नेताजी), प्रमुख समाजसेवी विकास जैन, फेस मीडिया ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. मुश्ताक



अंसारी सहित अनेक सम्मानित नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों तथा स्थानीय निवासियों ने भाग लेकर धर्ममय वातावरण को और अधिक गरिमामय बनाया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद बंसी लाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अत्यधिक मात्रा में विदेशी सभ्यता के प्रभाव में आकर अपने मूल सांस्कृतिक मूल्यों से दूर होती जा रही है, जो समाज के लिए चिन्ता का विषय है। डॉ. मुश्ताक अंसारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म किसी प्रकार की विभाजन रेखा नहीं है, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाली मार्गदर्शक शक्ति है।

# 'फांसी घर' मामले में विशेषाधिकार समिति आगे

**नई दिल्ली।** केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, राम निवास गोयल और राखी बिरला को विशेषाधिकार समिति के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए आज की बैठक में फिर उपस्थित नहीं हुए। इससे पहले भी इन्हें समिति द्वारा दो अवसर प्रदान किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद भी वह उपस्थित नहीं हुए।

दोनों निर्धारित बैठकों में उनकी लगातार अनुपस्थिति को देखते हुए समिति ने अब विचाराधीन मामले में आगे की कार्रवाई तय करने का निर्णय लिया है।" यह जानकारी विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत ने दी।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में 9 अगस्त 2022 को दिल्ली विधान सभा परिसर में उद्घाटित 'फांसी घर' की प्रामाणिकता से संबंधित विषय को उठाया था। इसके उपरांत मामले की विस्तृत जांच के लिए इसे विशेषाधिकार समिति को निर्देशित किया गया था।

अपनी चल रही जांच के क्रम में समिति की आज की बैठक विशेष रूप से 'फांसी घर' की प्रामाणिकता से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार-विमर्श हेतु निर्धारित की गई थी। विशेषाधिकार समिति की बैठक उद्घाटन से संबंधित परिस्थितियों की व्यापक एवं निष्पक्ष पड़ताल के लिए आवश्यक तथ्यात्मक तथा प्रक्रियात्मक मूल्यांकन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

विशेषाधिकार समिति में अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत, सूर्य प्रकाश खत्री, अभय कुमार वर्मा, अजय कुमार महावर, सतीश उपाध्याय, नीरज बसोया, रवि कांत, राम सिंह नेताजी एवं सुरेन्द्र कुमार शामिल हैं।समिति ने पारदर्शिता, जवाबदेही और संस्थागत अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दो. हराया। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि निष्पक्ष और व्यापक जांच पूर्ण करने के लिए सभी संबंधित व्यक्तियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा।**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **क्र. सं. 01. खुली ई-निविदा सूचना सं.: इज्जत/इलै./ओ.टी/28/2025 दि. 18.11.2025 कार्य का नाम:** नैनीताल होली डे होम में NV सीरीज सूटों के उपर 07 सूटों के निर्माण से सम्बन्धित विद्युत कार्य और मण्डल चिकित्सालय, इज्जतनगर में ICCU वार्ड, अधिकारी केबिन, दंत चिकित्सा कक्ष, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, पैथेलॉजी और OT, ICCU अधिकारी केबिन आदि की छत उपचार में सुधार और भोजीपुरा टी.आर.डी. डिपो में बारवेड वायर बाउंड्री वाल, दो स्टोर रूम, दो जीप ट्रक शेड और मॉडल OHE की व्यवस्था तथा काठगोदाम और लालकुआं में पुराने/जीर्ण-शीर्ण 28 नग टाइप-II आवासो के बदलाव से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **विवरण अनुमानित लागत (रु. में)** : 76,29,856.65 **घरोहर राशि रु. में** : 1,52,600.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में** : शून्य **निविदा का प्रकार** : खुली निविदा। **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय** : 11.12.2025 15.00 बजे तक। **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** आठ माह। • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट, http://www.ireps.gov.in. पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर ऑन लाइन जारी किए गए शुद्धिपत्र की जॉच करे, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नही किया जाएगा।

सहायक मंडल विद्युत इंजी/कोचिंग/इज्जतनगर

मुजाचि/विद्युत-190

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# शाहोथॉन -2025 हाफ मैराथन का आयोजन 23 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत का भविष्य शाहोथॉन -2025 एक अद्वितीय और प्रेरणादायक हाफ मैराथन है, जिसका आयोजन 23 नवंबर को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य फिटनेस, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक जागरूकता को बढ़ावा देना है।

इस भव्य आयोजन का नेतृत्व संरक्षक कँवर रवि चौहान, रवीन्द्रगढ़ गोठड़ा, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में यह हाफ मैराथन एक राष्ट्रीय स्तर की खेल एवं जागरूकता पहल के रूप में आयोजित हो रही है। यह आयोजन माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाहके राष्ट्रहित में किए गए उल्लेखनीय योगदानों जैसे अनुच्छेद 370 को हटाना तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े निर्णायक अभियान, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर विशेष रूप से उल्लेखनीय है ख्र को समर्पित है। शाहोथॉन 2025 में 6,000 से 7,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है, जो इसे दिल्ली की प्रमुख हाफ मैराथन में से एक बनाएगी।वॉइस ऑफ कॉन्स्टिट्यूशन के अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि इस हाफ मैराथन का उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों में संविधान के प्रति जागरूकता और राष्ट्रनिर्माण की भावना को मजबूत करना है।

# बीयूएमएस के टॉपर्स को दिया जाएगा उड़मा की तरफ से अवॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 2018 से अब तक हर साल की तरह इस साल आठवें उड़मा डे के मौके पर बी यू एम एस के 4 टॉपर्स को उड़मा की तरफ से अवॉर्ड दिया जाएगा जो कि इस साल हैदराबाद के मीनार गार्डन में 6 और 7 दिसंबर को मनाया जाएगा

इस अवार्ड को उड़मा के बेहाफ से हमदर्द नेशनल फाउंडेशन की तरफ से दिया जाता है जिसमें 2 सरकारी यूनानी कॉलेज और 2 प्राइवेट यूनानी कॉलेज के टॉपर्स को अवॉर्ड से नवाजा जाएगा , उड़मा को ऑर्डिनेटर मो. नौशाद ने इवेंट की तैयारी का भी बताया जो कि जोर शोर से चल रही है जिसमें साउथ इंडिया के सभी यूनानी कॉलेज , और



एसोसिएशन , यूनानी प्रैक्टिशनर्स , स्टॉकिस्ट और लोकल जनरल पब्लिक की भागीदारी और शिरकत रहेगी जहां यूनानी आयुर्वेद की 50 से जायद कंपनीज अपना डिसप्ले लगाएंगी, जनरल सेक्रेटरी जनाब नबील अनवर ने अवार्ड्स और इवेंट शेड्यूल के बारे मै बताया और खुशी जाहिर की जिसमें तेलंगाना मीडिया को भी इसका हिस्सेदार बनाया गया है हकीम गुलाम मोहिउद्दीन , जनाब अनवर अली खान , जनाब मीर अनवर अली , जनाब अमजद अली फैज , खाजा वाहिब, डॉ. मिन्हाज, डॉ फजल अहमद की निगरानी में यूनानी की सभी मैन्युफैरिंग कंपनीज की न्यू जेनरेशन बहुत बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है , 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक पूरे हैदराबाद मै इवेंट के बुलावे की मुहिम चलाई जाएगी , सभी मशहूर यूटूवर को भी जिम्मेदारी दी गई है।

# नकली बिक्री करने वाले गिरोह पर विभाग की कार्रवाई

## अभियान चलाकर तीन दुकानों पर मारा छापा, नकली हार्पिक के 136 पीस किए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में रेकिट बेंकिज़र कंपनी के लोकप्रिय टॉयलेट क्लीनर हार्पिक की नकली बिक्री करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई की गई है। कंपनी की टीम और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर कुचेसर रोड चौपला और गांव फतेहपुर में तीन दुकानों पर छापा मारा। कार्रवाई में 136 पीस नकली हार्पिक बरामद किए गए। दो दुकानदारों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया।

कंपनी को कई दिनों से जानकारी मिल रही थी कि क्षेत्र में उसके ब्रांड नाम पर नकली हार्पिक की बिक्री हो रही है। शिकायत के आधार पर नोएडा स्थित सेमिटा लीगल एडवोकेट्स फर्म के जांचकर्ता अंकुर शर्मा को जांच की जिम्मेदारी दी गई। गुरुवार को पुलिस टीम के साथ उन्होंने गांव फतेहपुर में अग्रवाल पैलेस के पास प्रमोद कुमार की दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान प्रमोद कुमार की दुकान से 200 एमएल के 15 पीस 1 लीटर के 11 नकली पीस बरामद किए। छापेमारी के दौरान दुकानदार प्रमोद कुमार मौके से फरार हो गया। टीम ने हरीश किराना स्टोर से छापेमारी कर 500 एमएल के 15 पीस और 1 लीटर के 6 नकली पीस बरामद कर दुक. ानदार गोलू को पुलिस ने पकड़ लिया। इसी के साथ टीम ने देवेंद्र कुमार-मुकेश कुमार किराना स्टोर पर छापेमारी कर 500 एमएल के






35 पीस और 200 एमएल के 54 नकली पीस बरामद कर दुकानदार राहुल गुप्ता को भी हिरासत में ले लिया।

कंपनी ने बरामद माल में से कुछ सैंपल लैब परीक्षण के लिए भेज दिए हैं। पकड़े गए दोनों दुक. ानदारों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि यह नकली माल उन्हें मेरठ के एक सप्लायर से मिला था। मामले में बाबूगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की जांच की जा रही है। जल्द ही नकली उत्पादों का बड़ा सप्लाई नेटवर्क भी बेनकाब होने की संभावना है।

# सीओ ने थाना बहादुरगढ़ का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और थानों की कार्यप्रणाली को और बेहतर करने के उद्देश्य से सीओ गढ़मुक्तेश्वर स्तुति सिंह ने थाना बहादुरगढ़ का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों का गहनता से जायजा लिया और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीओ स्तुति सिंह ने सबसे पहले थाना कार्यालय में मौजूद अभिलेख, अपराध रजिस्टर, डेली डायरी सहित अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड का अवलोकन किया। उन्होंने रिकॉर्ड के रख-रखाव में और सुधार लाने के लिए पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश जारी किए। इसके बाद उन्होंने कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्था एवं कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने महिला हेल्प



डेस्क पर आने वाली शिकायतों के त्वरित और संवेदनशील निस्तारण पर विशेष जोर दिया। सीओ ने बैरकों, मालखाने, शस्त्रागार और बन्दीगृह का भी निरीक्षण किया। सफ़-स्फ़ाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया, साथ ही जहां सुधार की आवश्यकता थी, वहां संबंधित पुलिसकर्मियों को तुरंत व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर बेहतर पुलिसिंग तभी संभव है जब रिकॉर्ड सही हों, शिकायतों का समय से निस्तारण हो और परिसर की सुरक्षा तथा साफ-सफाई व्यवस्था मानकों के अनुरूप हो। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अनुशासन, सजगता और जनता के प्रति संवे. दनशीलता बनाए रखने की हिदायत दी। सीओ स्तुति सिंह के इस निरीक्षण को पुलिस प्रशासन की सक्रियता और पारदर्शिता की दिशा

# दबंगों ने घर में घुसकर परिवार पर किया हमला, घटना सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक बेहद गंभीर और चिंताजनक घटना सामने आई है। मोहल्ला अशोक नगर निवासी अभिलाषा पत्नी गौरव शर्मा द्वारा पिलखुवा थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, बुधवार अपराह्न करीब 3:45 बजे मोहल्ले के कुछ दबंग युवक अचानक उनके घर में जबरन घुस आए और परिवार पर हमला कर दिया।

पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अभिलाषा ने आरोप लगाया कि घर में घुसते ही आरोपियों ने उसके पति गौरव शर्मा पर लोहे जैसी किसी कठोर वस्तु से हमला कर उसके सिर में गंभीर चोट पहुँचा दी। इसके साथ ही उन्होंने उसकी



देवरानी के साथ भी गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार किया। शोर सुनकर जब अन्य परिजन बचाव के लिए आगे आए तो आरोपियों ने उन्हें भी बेरहमी से पीटा। हमले के बाद आरोपी घर से बाहर निकलकर शांत नहीं हुए, बल्कि घर के बाहर खड़े दोपहिया और चौपहिया वाहनों में जमकर तोडफ़ोड़ की। इस दौरान गाली-गलौज और धमकियों का सिलसिला जारी रहा। पूरा घटनाक्रम पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में खलबली मच गई और लोग दहशत में हैं। अभिलाषा ने पुलिस से हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और वायरल सीसीटीवी फुटेज को भी जांच में शामिल किया जा रहा है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया गया है।

# अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार, 12 मोटरसाइकिलें बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले की धौलाना थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर अलग-अलग जनपदों से चोरी की गई कुल 12 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। यह कार्रवाई वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में बेहद अहम मानी जा रही है।

गुरुवार को धौलाना थाने पर आयोजित प्रेसवार्ता में एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वाहन चोरी में शामिल एक अपराधी गालंद नहर पुल के




पास आने वाला है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सोनू पुत्र राज. कुमार निवासी ग्राम गोठनी, थाना खुर्जा नगर, जनपद बुलंदशहर को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। सोनू ने बताया कि वह एनसीआर क्षेत्र समेत कई जनपदों से मोटरसाइकिलें चोरी कर उन्हें अलग-अलग स्थानों में छिपा देता था। इसके बाद सोशल मीडिया, खासकर फेसबुक पर वाहनों के फर्जी विज्ञापन डालकर उन्हें सस्ते दामों में बेच देता था, जिससे उसे अच्छा खासा आर्थिक लाभ होता था। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर छापेमारी कर 12 मोटरसाइकिलों को बरामद किया है, जिनमें कई वाहन विभिन्न जनपदों से चोरी किए गए थे। एएसपी ने बताया कि सोनू एक शातिर व सक्रिय वाहन चोर है, जिसके खिलाफ हापुड़ और बुलंदशहर जनपद में चोरी समेत आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। धौलाना पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में मदद मिलेगी।

# युवक पर हमला, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के चंडी मंदिर के पास स्थित चौराहे पर युवक के साथ हुई मारपीट का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल फुटेज में देखा जा सकता है कि कुछ युवक एक व्यक्ति को घेरकर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। वीडियो में दिखाई देता है कि एक युवक चौराहे पर खड़ा था, उसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और उससे बातचीत करते हुए अचानक उस पर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने युवक की जमकर पिटाई की। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। स्थानीय लोगों के बीच वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना के वायरल होने के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो की बारीकी से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमचंद ट्रस्ट द्वारा लगाया गया निःक्षय चिकित्सा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समस्त भारत में हर महीने की 15 तारीख को निःक्षय दिवस टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों में मनाया जाता है। इसी क्रम में गुरुवार को जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर निःक्षय दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी अभियान के तहत मेरिनो कंपनी द्वारा प्रायोजित प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट और जिला क्षय रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पुट्ठा हुसैनपुर, हापुड़ में निःशुल्क टीबी जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 133 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इनमें से 12 मरीजों की बलगम जांच कराई गई। 5 मरीजों को एक्सरे हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय हापुड़ रेफर किया गया जबकि 51 मरीजों की ब्लड शुगर जांच की गई। ट्रस्ट द्वारा अब तक 31 निःक्षय चिकित्सा शि. विरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के प्रति जागरूकता और उपचार तक पहुंच मजबूत हुई है। कार्यक्रम के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और समय पर पूरा उपचार करने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मेरिनो कंपनी और ट्रस्ट का योगदान अत्यंत सराहनीय है। शि. विर में ट्रस्ट के चिकित्सा अधिकारी डा. पीएस अग्रवाल एवं डा. डीके अग्रवाल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जबकि अनिल कुमार, विनोद कुमार, यासीन अली लेब तकनीशियन तथा मोहम्मद सो. हेल फार्मासिस्ट ने शिविर संचालन में सहयोग किया। प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह शिविर इस राष्ट्रीय लक्ष्य को सशक्त बनाने का एक प्रभावी कदम है।



# पत्रकारिता में प्रेस काउंसिल की भूमिका विषयक संगोष्ठी संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**'अलीगढ़।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन उपजा के तत्वाधान में जवाहर भवन सभागार में ''पत्राकारिता में प्रेस काउंसिल की भूमिका'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मा0 वीणावादिनी मॉ सरस्वती जी के चित्रा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मा0 विधायक कोल अनिल पाराशर ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि पत्राकार संविधान का चौथा स्तम्भ और समाज का तीसरा नेत्रा हैं। आज के डिजिटल युग में प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता बनी हुई है। समाज को सही रास्ते पर ले जाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मा0 एमएलसी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर एकत्रा हुए हैं। यह दिन हमें न केवल भारतीय प्रेस की गौरवशाली परंपरा की याद दिलाता है, बल्कि हमें यह भी सोचने के लिए प्रेरित करता है कि स्वतंत्रा, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्राकारिता किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की नींव होती है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि समय के साथ सभी की भूमिका परिवर्तित होती रहती है, ऐसे में आत्म मंथन बहुत आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन एवं पत्राकारों के मध्य आपसी समन्वय पर बल देते हुए कहा कि हम एक-दूसरे के पूरक हैं, किसी भी स्तर पर संवाद हीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। स्थानीय मीडिया को सत्यता की वास्तविक जानकारी होती है। राष्ट्र निर्माण में आपकी सक्रिय भूमिका की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पत्राकारिता के क्षेत्रा में महिलाओं के आना एक बहुत ही सकारात्मक पहल है। सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार ने सभी पत्राकार साथियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस बधाई दी और बताया कि भारत के प्रेस परिषद की स्थापना इसी उद्देश्य से हुई थी कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्राता की रक्षा हो, पत्राकारों को अपना कार्य बिना भय और दबाव के करने का वातावरण मिले, और समाचारों की विश्वसनीयता बनी रहे। प्रेस दिवस हमें स्मरण दिलाता है कि लो. कतंत्रा तभी मजबूत होगा, जब प्रेस सशक्त, नैतिक और पारदर्शी होगा। उन्होंने पत्राकार साथियों को आश्वस्त किया कि पत्राकारों के हित में शासन द्वारा जो भी निर्णय लिए जाते हैं उनका शत-प्रतिशत लाभ उन्हें दिलाया जाएगा। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्राकार राज नारायण सिंह ने कहा कि 16 नवंबर 1966 को प्रेस काउंसिल ऑपफ इण्डिया की स्थापना हुई। पत्राकार को सभी प्रकार की विषम परिस्थितियों में भी कार्य करना होता है, उसे कोई मोहलत नहीं है। आज उनके लिए आर्थिक सहयोग की बातें तो होती हैं लेकिन वह कहीं न कहीं अधूरी रह जाती हैं। उन्होंने संगोष्ठी में उपस्थित वरिष्ठ पत्राकारों को नमन करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को उनके मार्गदर्शन की अत्यंत आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन उपजा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा कि जब 1966 में प्रेस काउंसिल ऑपफ इण्डिया की स्थापना हुई तो उसमें केवल प्रिंट मीडिया के लिए ही प्राविधान किया गया। उन्होंने बदलते समय की मांग को ध्यान में रखते हुए आव्हान किया कि अब समय है प्रेस काउंसिल का दायरा बढ़ाते हुए ''मीडिया काउंसिल'' का गठन शीध्र किया जाए, जिसमें प्रिंट व इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ ही सोशल मीडिया का भी प्राविधान हो।

# ऑपरेशन शस्त्र अभियान में पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियार रखने वाला आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत हापुड़ पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। अभियान के दौरान थाना हापुड़ नगर पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश को धर-दबा. चा, जिसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि बुधवार को थाना हापुड़ नगर पुलिस की टीम रामपुर रोड पर संदिग्ध व्यक्तियों की चे. कंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी ने पुलिस की सतर्कता और ऑपरेशन शस्त्र अभियान की सफलता को एक बार फिर साबित कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाकर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अब उसके नेटवर्क और हथियार कहां से आया इसकी जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान साजिद उर्फ राशिद पुत्र सप्पो निवासी गली नंबर-6, मजी. दपुरा, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी हाल में अवैध हथियारों का इस्तेमाल व तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सरस्वती हॉस्पिटल में लगा मेगा हेल्थ कैंप, 200 से अधिक को मिला उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड हॉस्पिटल में गुरूवार को आयोजित ऑर्थोपेडिक मेगा हेल्थ कैंप में 200 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क उपचार का लाभ उठाया। यह स्वास्थ्य शिविर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. मेजर जनरल चरणजीत सिंह अहलूवा. लिया के निर्देशन और पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बजे हुआ, जहाँ शुरुआत से ही लोगों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर उत्साह दिखाया। मरीजों को निःशुल्क ऑर्थोपेडिक परामर्श, एक्स-रे, तथा बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही मार्केटिंग टीम ने मरीजों के लिए आभा आईडी निर्माण की व्यवस्था भी की, जिससे उन्हें डिजिटल हेल्थ सेवाओं में आगे आसानी होगी। दिनभर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों को हडियों और जोड़ों के स्वास्थ्य से जुड़े आवश्यक सुझाव, सावधानियाँ, जीवनशैली सुधार, और आर्थराइटिस, घुटना-कूल्हा दर्द, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं की शुरुआती पहचान को लेकर जागरूक किया। सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन और वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन ने चिकित्सा टीम, नर्सिंग स्टाफ, मार्केटिंग और प्रशासनिक विभागों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य कार्यक्रम जारी रखेगा।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने रचा इतिहास, बना हापुड़ का नंबर वन स्कूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने खेल जगत में ऐसा इतिहास रचा है, जिसने न केवल जिले में बल्कि पूरे क्षेत्र में स्कूल का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कर दिया है। सीबीएसई द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर स्कूल ने हापुड़ का नंबर वन स्कूल होने का गौरव हासिल किया है।

स्पोर्ट्स ऑफिसर दीपांशु गर्ग के अनुसार, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ का एकमात्र ऐसा स्कूल बन गया है जिसने चार अलग-अलग सीबीएसई प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट, वालीबॉल, खो-खो और शूटिंग में मेडल जीतकर बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है। अंडर-17 क्रिकेट बालक वर्ग में छात्र हर्षित तोमर ने ज़ोन वन में गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल के



लिए क्वालीफाई किया और राष्ट्रीय स्तर पर भी चमकते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अंडर-14 वॉलीबॉल बालक वर्ग में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। अंडर-14 खो-खो बालिका वर्ग मे खिलाड़ीाओं ने अपना दमखम दिखाते हुए सिल्वर मेडल जीता। अंडर-19 खो-खो बालिका वर्ग में टीम ने मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। अंडर-14 शूटिंग बालक वर्ग मे बच्चों ने गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल स्तर पर क्वालीफाई किया और हापुड़ का नाम रोशन किया। स्कूल प्रबंधन ने सभी विजेता खिलाड़ियों का भव्य सम्मान समारोह में स्वागत किया। मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल और प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक ने खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी, टी-शर्ट और ट्रैक सूट देकर पुरस्कृत किया। यही नहीं, खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें स्कॉलरशिप देने की भी घोषणा की गई।

# 3 नफर वारंटी को गिरफ्तार किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 3 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बुधवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी जाने आलम पुत्र नवाब अली उर्फ नामे अली निवासी आंगनवाड़ी केंद्र के जी आई सी मोहल्ला ईदगाह नरपत नगर 2 रामसिंह पुत्र गनपत सिंह निवासी भूवरी 3 रेहान पुत्र अहमद जान निवासी ग्राम मीरापुर मीरगंज को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0 नि0 अजय कुमार शुक्ला,वीरेश कुमार शुक्ला, मनोज कुमार मिश्र, हे0का0 गुलाब सिंह, भानु प्रताप सिंह,नितेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# 30 दिवसीय एयर कंडीशनर एवं रेफ्रिजरेटर रिपेरिंग प्रशिक्षण को 30 नवम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** निदेशक आरसेटी देशराज मीणा ने बताया कि आरसेटी में 18 से 45 वर्ष के युवाओं को 30 दिवसीय एयर कंडीशनर एवं रेफ्रिजरेटर रिपेरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह से कराया जाना प्रस्तावित है। स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवा 30 नवम्बर, 2025 तक प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड/जॉब कार्ड 05 फोटो , बैंक पासबुक की फोटो कॉपी लेकर आवेदक प्रातः 9:30 से सायं 5:30 बजे तक संस्थान में आकर आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया निःशुल्क है, जिसमें चाय,नाश्ता,भोजन, यूनिफॉर्म और प्रशिक्षण सामग्री निःशुल्क दी जाती हैस अधिक जानकारी के लिए 9012183432, 9058382486 , 6397879587 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# चार करोड़ के मादक पदार्थ नष्ट कराए





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को तस्करों से बरामद करीब चार करोड़ 29 लाख रुपये के मादक पदार्थ नष्ट कराए। इनमें गांजा, डोडा, चरस, एमडीएमए और अन्य मादक पदार्थ शामिल थे। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में पंजीकृत एनडीपीएस ऐक्ट के मुकदमों से संबंधित मादक पदार्थों को नियमानुसार नष्ट कराने के लिए अभियान चलाया गया। डीसीपी नार्कोटिक्स शैव्या गोयल के निर्देशन में सहायक एसीपी अपराध उमेश यादव और एसीपी लाइन राकेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में मादक पदार्थों को नष्ट कराया गया। इनमें कमिश्नरेट के सात थानों में दर्ज कुल 149 अभियोगों से संबंधित कुल 846.3091 किलोग्राम नशीले पदार्थों को नष्ट कराया गया।

इसमें 842.866 किलोग्राम गांजा (कुल अनुमानित कीमत लगभग चार करोड़ 21 लाख 43 हजार 300 रुपये), 510 ग्राम डोडा (कुल अनुमानित कीमत लगभग सात हजार 650 रुपये), 2.925 किलोग्राम चरस (कुल अनुमानित कीमत लगभग सात लाख 31 हजार 250 रुपये), 8.27 मिली ग्राम एमडीएमए (कुल अनुमानित कीमत लगभग आठ हजार 270 रुपये) और 100 गोलियं डायजापाम (कुल अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये) को नष्ट कराया गया।

**इन थानों में जब्त थे मादक पदार्थ:** एक्सप्रेसवे थाने में दर्ज छह मुकदमों से संबंधित 5.510 किलाेग्राम गांजा, बादलपुर थाने में दर्ज 19 मुकदमों से संबंधित कुल 11.390 किलोग्राम गांजा, 510 ग्राम डोडा, सेक्टर-49 थाने में दर्ज 72 मुकदमों से संबंधित कुल 28.810 किलोग्राम गांजा, 2.925 किलोग्राम चरस, 8.27 मिली ग्राम एमडीएमए, 100 गोलियां डायजापाम, सेक्टर-58 थाने में दर्ज एक मुकदमे से संबंधित कुल 761 किलोग्राम गांजा, सेक्टर-142 थाना पर दर्ज दो मुकदमों से संबंधित कुल 2.850 किलोग्राम गांजा, ईकोटेक तृतीय थाने पर दर्ज चार मुकदमों से संबंधित कुल 5.698 किलोग्राम गांजा और बीटा-दो थाने पर दर्ज 45 मुकदमों से संबंधित कुल 27.6080 किलोग्राम गांजा का निस्तारण कराया गया।

# बार चुनाव समय पर होने के आश्वासन से अधिवक्ताओं ने धरना किया समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन का चुनाव कराने को लेकर अध्यक्ष से मिले आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने अपना धरना खत्म कर दिया। इससे पहले अध्यक्ष-सचिव सहित विभिन्न पदों के प्रत्याशियों ने समय पर चुनाव नहीं कराने की मांग को लेकर धरना दिया गया था। धरने के दौरान वर्तमान बार कार्यकारिणी के कनिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र खारी भी इस्तीफा दिया था।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोज भाटी ने बताया कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी की ओर से गुरुवार को आम सभा की बैठक के दौरान अधिवक्ता चौक पर सभी को आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही एल्डर्स कमेटी का गठन किया जाएगा।

साथ ही तय समय 23 दिसंबर को बार का चुनाव करा दिया जाएगा। इस कारण पिछले दो दिन से चल रहे धरने को स्थगित कर दिया है। वहीं बार अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी का कहना है कि देश के समस्त प्रदेशों के बार काउंसिल के चुनाव के कारण बार काउंसिल आफ इंडिया द्वारा 15 नवंबर से 15 फरवरी 2026 के मध्य चुनाव ना करने का पत्र देश की समस्त जनपद की बार एसोसिएशन को जारी किया गया था।

जिससे गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन के कुछ साथियों को भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। जिसके कारण उच्च न्यायालय दिल्ली में बार एसोसिएशन के कुछ सदस्यों द्वारा रिट लगाई की गई। मगर क्षेत्राधिकार न होने के कारण नोट प्रेस की गई। इसके बाद उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट लगाई गई थी। उच्च न्यायालय द्वारा भी बिना सभी पक्षों को सुने बार काउंसिल के द्वारा जारी आदेश के विरुद्ध कोई आदेश पारित नहीं किया गया। मामले में सुनवाई के लिए 6 दिसंबर की तारीख नियत की गई है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया के खिलाफ मथुरा जनपद के कुछ अधिवक्ताओं द्वारा सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में भी याचिका लगाई गई है। उसमें भी बिना पक्षकारों को सुने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेश संबंध कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। अग्रिम सुनवाई के लिए 5 दिसंबर 2025 तारीख तय की गई है। बार एसोसिएशन की मंशा स्पष्ट है और प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समय पर चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

## वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर 7.3 लाख का जुर्माना

**नोएडा।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने धूल उड़ाने वालों पर गुरुवार को 7.3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। नोएडा प्राधिकरण पर भी कार्रवाई की गई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम एक हफ्ते से लगातार कार्रवाई कर रही है। सेक्टर-74 में नोएडा प्राधिकरण द्वारा निर्माण सामग्री और मिट्टी खुले में रखी गई थी। बोर्ड की टीम ने संबंधित एजेंसी पर 50 हजार का जुर्माना लगाया। सर्फाबाद से सेक्टर-115 की ओर जाने वाली सड़क के निर्माण के लिए सामग्री और मिट्टी खुले में रखने पर पांच लाख का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा सेक्टर-14, 49, 41, 121 में भी ग्रैप-3 के नियमों के उल्लंघन पर एक लाख 80 हजार का जुर्माना लगाया गया।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली पदयात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** लौह पुरुष तथा देश की एकता और अखंडता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक भारत, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आज जनपद गौतमबुद्ध नगर के जेवर विधानसभा में एक पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री सुरेश राणा, सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक धीरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

पदयात्रा की शुरुवात खेड़ा मो. हमदाबाद से विधायक धीरेन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। यह पदयात्रा ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, भाईपुर भोले मंदिर एवं मेंहदीपुर से होते हुए सिरौली बांगर एवं फलैदा बांगर गांव के रास्ते जनहित इंटर कॉलेज पहुंची। इस पदयात्रा में समाज के सभी वर्गों लोगों ने प्रतिभाग किया। पदयात्रा लगभग 8 किमी की थी। पदयात्रा में शिक्षा विभाग, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड्स, माय भारत, पीआरडी आदि ने हिस्सा लिया। यह पदयात्रा जिला प्रशासन, पीडब्ल्यूडी, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण, स्वास्थ विभाग आदि के सहयोग से संपन्न हुई।

इस मौके पर सुरेश राणा ने कहा कि सरदार पटेल ने 1947 में खण्ड-खण्ड भारत को एक कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की नींव रखी। यह पदयात्रा राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने तथा लोगों में भाई-बंधुत्व की भावना बढ़ाएगी।

सांसद डॉ. महेश शर्मा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है और एक संगठित समाज ही मजबूत राष्ट्र का आधार बनता है। समाज और राष्ट्र के विकास की पहली शर्त एकता है, जो 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करती है। विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक सद्भाव और देशभक्ति का सशक्त संदेश देने का अवसर है।

## एक नजर

### 20.54 लाख की साइबर ठगी में नहीं मिली अग्रिम जमानत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 20.54 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी में आरोपी मोनिश पाशा की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज की है। अभियोजन के अनुसार वादी संदीप कुमार के मोबाइल पर 21 जनवरी 2024 को एक अज्ञात नंबर से संदेश आया था। जिसमें उसे घर से कामकर पैसे कमाने का लालच दिया गया। उसे गूगल मैप पर होटल और रेस्टोरेंट की रेटिंग देने के नाम पर टेलीग्राम के वीआईपी 88 ग्रुप में जोड़ा गया। इस ग्रुप में कई लोग जुड़े थे, जो टास्क के बदले भुगतान का झांसा देते थे। धीरे-धीरे उसे मर्चेंट टास्क के नाम पर 60 हजार रुपये निवेश करने को कहा गया। इसके बाद सर्विस टैक्स और अन्य कारणों से वादी से लगभग 20.54 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। जब उसने रुपये लौटाने की मांग की, तो उसे धमकियां मिलने लगीं। मामले की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज हुआ।

### युवती पर थिनर से हमला

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** दनकौर में बाथरूम में पहले नहाने को लेकर हुए विवाद में एक महिला पर थिनर फेंक दिया गया। इस घटना में महिला की आंखें झुलस गईं, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी महिला के पति पर भी हमला किया गया, जिससे उन्हें भी चोटें आई हैं।

यह घटना दनकौर के तुलसी नगर मोहल्ले की है। पीड़ित महिला रविता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ एक किराए के मकान में रहती हैं। उसी मकान के दूसरे कमरे में एक अन्य महिला भी रहती है।बुधवार शाम रविता ड्यूटी जाने के लिए बाथरूम में नहाने जा रही थीं। इसी दौरान दूसरे कमरे में रहने वाली महिला ने उनसे पहले नहाने को कहा। जब रविता ने जल्दी होने का हवाला देते हुए पहले नहाने देने का अनुरोध किया, तो दूसरी महिला गुस्सा हो गई। गुस्साई महिला ने रविता के साथ गाली-गलौज की और फिर उन पर थिनर फेंक दिया। थिनर गिरने से रविता की आंखें बुरी तरह झुलस गईं। उन्हें गंभीर हालत में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के दौरान आरोपियों ने रविता के पति पर भी सिर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें भी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष ने बुधवार देर रात कोतवाली में आरोपी पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित पक्ष की शिकायत ले ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने जेठ पर लगाए गंभीर आरोप कहा- मारने के लिए छत से दिया धक्का

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** दनकौर क्षेत्र के कनरसा गांव की रहने वाली एक महिला ने अपने जेठ पर छत से धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया है। घायल महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के एक माह बाद कोर्ट के आदेश पर आरोपित जेठ के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा। पीड़ित महिला कुसुमलता का कहना है कि उनका जेठ अनिल कुमार उनसे और उनके पति से रंजिश मानता है। 20 अक्टूबर को वह अपने घर की छत पर खड़ी थी। इसी दौरान आरोपित जेठ भी छत पर आ गया और जान से मारने की नीयत से उसे छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। घटना के बाद से ही महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बृहस्पतिवार को कोर्ट के आदेश पर आरोपित जेठ के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जाएगी।

### तीन महीनों में 30 हजार वाहनों की आरसी रद्द

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** शहर में पुराने वाहनों की आरसी लगातार रद्द की जा रही है। पिछले तीन माह में 10 साल के डीजल और 15 साल वाले पेट्रोल चलित पुराने करीब 30 हजार से अधिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट को रद्द किया गया। सेक्टर-32ए स्थित उप संभागीय परिवहन विभाग के दफ्तर से मिली जानकारी के अनुसार अक्टूबर माह में 10409 वाहनों की आरसी रद्द की गई। इसके पहले सितंबर माह में 10310 वाहन और अगस्त माह में 10197 वाहनों की आरसी रद्द की गई। इनमें 10 साल की मियाद पूरी कर चुके डीजल वाहन और 15 साल की मियाद पूरी कर चुके पेट्रोल चलित वाहन शामिल हैं। इनमें निजी व कमर्शियल दोनों तरह के वाहन शामिल हैं। हालांकि ऐसे वाहन जिन्होंने अपनी फिटनेस कराई, ऐसे करीब 3090 वाहनों को अक्टूबर में एनओसी जारी की गई। यह वाहन अब अगले एक साल तक सड़कों पर दौड़ सकेंगे।

# जिम्स में मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में गुरुवार से मोतियाबिंद का आपरेशन निशुल्क कर दिया गया है। इससे मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी और उनकी जेब पर असर नहीं पड़ेगा। वहीं, संस्थान में बेहतर चिकित्सीय सुविधा के लिए ईएसआईसी से भी समझौता किया है। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मरीजों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए गए, जो सफल भी हुए। अब मरीज यहां पर निशुल्क आपरेशन करा सकेंगे। इससे मरीजों को निजी अस्पतालों की लूट से राहत मिलेगी। इसके अलावा जिम्स आने वाले मरीजों को सस्ती और बेहतर सुविधा व उपचार देने के लिए ईएसआइसी से एमओयू किया गया है।

ईएसआइसी की डायरेक्टर मेडिकल डॉ. सविता भाटिया ने माडर्न, कुशल और पेशेंट-सेंट्रिक हेल्थकेयर सर्विस देने में जिम्स की सरहाना की। उन्होंने कहा कि यह सहयोग ईएसआइसी लाभार्थियों के लिए बेहतर हेल्थकेयर सर्विस के लिए एक बेहतर पहल है। इससे गौतम बुद्ध नगर और आस-पास जिलों के मरीजों को लाभ मिलेगा। इस पैनल में शामिल होने के साथ लाभार्थियों को स्पेशल मेडिकल सर्विस, इमरजेंसी केयर, एडवांस्ड डायग्नोस्टिक्स और सुपर-स्पेशियलिटी ट्रीटमेंट का इस्तेमाल कर पाएंगे।

## यूपी रेरा ने नौ और परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने गुरुवार को हुई बैठक में गौतमबुद्ध नगर समेत छह जिलों में नौ परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं से लगभग 2009 करोड़ रुपये का निवेश आने का अनुमान है। फ्लैट, भूखंड और विला मिलाकर 1586 इकाइयां विकसित की जाएंगी। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि स्वीकृत प्रदान की गई नौ परियोजनाएं लखनऊ, बाराबंकी, प्रयागराज, चंदौली, अलीगढ़ और गौतमबुद्ध नगर में हैं। इनमें सबसे अधिक तीन परियोजनाएं गौतमबुद्ध नगर में हैं। नौ परियोजनाओं में फ्लैट, भूखंड और विला मिलाकर कुल 1,586 इकाइयां विकसित की जाएंगी। परियोजनाएं आवासीय एवं मिश्रित विकास मॉडल पर आधारित हैं, जो शहरी और उपनगरीय दोनों क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करेंगी।

# सोरखा में ताबड़तोड़ फायरिंग

**जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में चल रहा विवाद, वीडियो वायरल, पुलिस ने दो पकड़े**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सोरखा गांव में दबंगों ने कई राउंड फायर किया। फायरिंग की आवाज सुनकर गांव निवासी घरों में घुस गए। जिस घर पर फायर किया जा रहा था वहीं किसी महिला ने एक वीडियो बनाया। जिसे अब वायरल किया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो-तीन को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस बीच दोनों पक्षों में एक पक्ष के लोग सड़क पर हाथ में डंडा और पिस्टल लेकर पहुंचे। जमकर गाली गलौज किया गया।

इसके बाद एक युवक ने तीन से चार राउंड फायर किया। फायर की आवाज सुनते ही ग्रामीण घर के अंदर चले गए। एक महिला ने चोरी से इसका वीडियो बनाया। बताया कि जिस महिला ने वीडियो बनाया दबंग लोग उसी के घर को टारगेट कर रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महर्षि संस्थान ने किया भारत उत्कर्ष महायज्ञ का आयोजन

**108 कुंडों में सामूहिक आहुतियों के साथ जन-कल्याण की प्रार्थना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** महर्षि नगर, सेक्टर-110 स्थित महर्षि महेश योगी संस्थान द्वारा आयोजित 108 कुण्डीय भारत उत्कर्ष महायज्ञ के पाँचवें दिन "शत्रु नाश यज्ञ" का विशेष आयोजन किया गया। विशाल रामलीला ग्राउंड में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यजमानों ने एक साथ अग्नि में आहुति अर्पित कर व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के कल्याण की मंगलकामना की।

इस यज्ञ का उद्देश्य केवल बाहरी शत्रुओं का नाश ही नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर बसे मानसिक और आध्यात्मिक शत्रुओं का भी शमन करना बताया गया। यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रों की ध्वनि और अग्निहोत्र की पवित्र सुगंध से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि यह यज्ञ तीन प्रकार के शत्रुओं के नाश के लिए किया गया। जैसे अंत: शत्रु: काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसे वे दोष जो मनुष्य के भीतर ही छिपे रहते हैं। जो वाह्य शत्रु: वे चुनौतियाँ और बाधाएँ जो सीधे रूप में व्यक्ति या समाज के सामने आती हैं। गुप्त शत्रु: वे नकारात्मक शक्तियाँ या परिस्थितियाँ जिन्हें हम देख नहीं सकते, लेकिन जो प्रगति में अवरोध बनती हैं।

भारत उत्कर्ष महायज्ञ में अब तक करीब 5 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो चुके हैं। इस महायज्ञ में आगामी 25 नवंबर तक प्रतिदिन विशेष अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आध्यात्मिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। प्रवेश नि:शुल्क है और कोई भी इस आध्यात्मिकख्रसांस्कृतिक आयोजन में शामिल हो सकता है।

# यीडा के इंडस्ट्रियल पार्कों में आएगी प्लाट योजना, तलाशी गई जमीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के पांच औद्योगिक पार्कों में प्लाट की योजना जल्द आएगी। प्राधिकरण ने सभी पार्कों में 40 से ज्यादा छोटे और बड़े औद्योगिक भूखंडों पर योजना शुरू करने की तैयारी कर ली है। अगले सप्ताह तक योजना शुरू की जा सकेगी। यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि शहर में मेडिकल डिवाइस पार्क, हस्तशिल्प, टॉय, अपैरल और एमएसएमई पार्क विकसित हो रहे हैं। सभी पार्कों में अब तक 1049 भूखंड आवंटित हो चुके हैं, जिनमें से 336 आवंटियों ने भूखंडों पर कब्जा ले लिया है। कई कंपनियों का मौके पर निर्माण कार्य चल रहा है।

**नए भूखंड पर योजना निकालने की तैयारी:** पार्कों में औद्योगिक गतिविधियां तेज करने के लिए अब नए भूखंड पर योजना निकालने की तैयारी है। पिछली बोर्ड बैठक में नए भूखंडों पर योजना शुरू करने का प्रस्ताव भी पास किया जा चुका है। प्राधिकरण पहले करीब 40 भूखंडों पर योजना लेकर आएगा, इसे लेकर जमीन तलाश ली गई है। अगले सप्ताह तक इन पार्कों में योजना शुरू होने का अनुमान है।

**दिसंबर 2026 तक संचालन का लक्ष्य:** यमुना प्राधिकरण ने इन सभी पार्कों के संचालन के लिए दिसंबर 2026 की लक्ष्य निर्धारित किया है। इन पार्कों में काम तेजी से पूरे कराने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। नोडल अधिकारी देखेंगे कि आवंटी ने कितने समय पहले भूखंड पर कब्जा लिया और अब काम की क्या स्थिति है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**निवेश के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे:** प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के साथ ही एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लिए शासन स्तर से भी निगरानी की जा रही है।

# पुलिस के विरोध में किसान सभा ने की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** किसान संघर्ष मोर्चा की 25 नवंबर को कलेक्ट्रेट पर होने वाली महापंचायत को रोकने के लिए पुलिस किसान नेताओं पर दबाव बना रही है। किसानों को पांच लाख रुपये के नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जिन किसानों को नोटिस मिले हैं, उनमें से कई किसानों ने अपना लिखित जवाब भी दाखिल दिया है। गुरुवार को पतवाड़ी गांव में पंचायत कर किसानों ने रोष जाहिर किया है।

किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नगर ने बताया कि बीती रात करीब 2 बजे पुलिस सैंकड़ों की संख्या में किसानों के घरों पर पहुंची, पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। यह सब केवल इसलिए किया जा रहा है, ताकि किसान अपनी वाजिब मांगें न उठा सकें।

किसान सभा के नौजवान सचिव सुरेंद्र यादव ने कहा कि किसानों की पुश्तैनी आबादियों का अधिग्रहण किया है, 10 फीसदी प्लॉट का वैधानिक हक छीना गया है। किसान किसी भी दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। अपने हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेंगे।

किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर में किसी भी किसान संगठन ने कभी कोई हिंसक आंदोलन नहीं किया, फिर भी किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए, ताकि वे 10 फीसदी प्लॉट, आबादियों के निस्तारण और नए भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने की मांग न उठा सकें।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## निजी वाहनों की नई सीरीज यूपी16एफजे जारी

**नोएडा।** निजी वाहनों की नई सीरीज यूपी16एफजे गुरुवार को जारी हो गई। वाहन मालिक शुक्रवार से परिवहन विभाग की वेबसाइट www-parivahan-gov-in पर सीरीज के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यूपी16एफएच पूरी होने के बाद ब्लॉक कर दी गई है। अब इस सीरीज का कोई नंबर बुक नहीं होगा। वहीं, नई सीरीज यूपी16एफजे जारी कर दी गई है। सीरीज के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें वाहन मालिक को निर्धारित पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा।

# अपर जिला जज ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर आज अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव चंद्र मोहन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के परिसर में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वाद चिन्हित करने तथा चिन्हित किये गये वादों में पक्षकारों को नोटिस व सम्मन आदि भिजवाने को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किये जाने को निर्देशित किया।

बैठक के दौरान अपर जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा-138 एनआई एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो, वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत की डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है। यह फैसले बाध्यकारी होते हैं और इनके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। लोक अदालत का कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाती है।

आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी, एसीपी सुरक्षा सुनील गुलाटी, यातायात पुलिस विभाग से राकेश प्रताप सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुराग सारस्वत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अस्पतालों में अवांछित लोगों की आवाजाही पर लगेगी लगाम:डीएम

## जिलाधिकारी की पहल पर ड्रेस कोड और आईडी व्यवस्था जनपद के सरकारी अस्पतालों में हुई लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को मजबूत करने और अस्पतालों में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने एक महत्वपूर्ण व्यवस्था लागू की है। अब जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी सहित सभी स्वास्थ्य इकाइयों में कार्यरत डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल टीम, वार्ड बॉय, सुरक्षा कर्मियों सहित सभी कर्मचारियों को निर्धारित वर्दी और स्पष्ट पहचान पत्र के साथ ही डयूटी पर उपस्थित होना होगा। इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।







जिलाधिकारी ने कहा कि कई बार मरीजों और परिजनों को यह समझने में कठिनाई होती है कि अस्पताल में कौनसा व्यक्ति किस विभाग का कर्मचारी है और किससे सहायता ली जानी चाहिए। इस अव्यवस्था को समाप्त करने और मरीजों की सुविधा बढ़ाने के लिए सभी कार्मिकों का यूनिफॉर्म और पहचान पत्र के साथ होना अनिवार्य किया गया है ताकि अस्पताल में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति आसानी से पहचान सके कि संबंधित कर्मचारी किस जिम्मेदारी से जुड़ा है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य केवल अनुशासन लागू करना ही नहीं है, बल्कि अस्पतालों में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता बढ़ाना भी है। जब कर्मचारी वर्दी और पहचान पत्र के साथ कार्य करेंगे, तब न केवल सेवा का स्तर सुधरेगा बल्कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी भी तुरंत तय की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम मरीजों के साथ अस्पताल के स्टाफ के व्यवहार, समयबद्धता और सेवा भावना पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। अस्पतालों में बड़ी संख्या में दैनिक आधार पर मरीज आते हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से ऐसे मरीजों के लिए अक्सर कर्मचारी वर्ग की पहचान करना कठिन हो जाता है। इस व्यवस्था के लागू होने से न केवल भ्रम कम होगा बल्कि मरीजों में सुरक्षा और विश्वास की भावना भी मजबूत होगी। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सा अधीक्षकों और अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि वे इस नियम का कड़ाई से पालन करवाएं। इस व्यवस्था की निगरानी के लिए अस्पतालों में निरीक्षण दल भी बनाए जाएंगे, जो समय-समय पर यह जांच करेंगे कि कर्मचारी निर्धारित यूनिफॉर्म और पहचान पत्र के साथ डयूटी पर उपस्थित हैं या नहीं। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल प्रशासन को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि सभी कर्मचारियों के पहचान पत्र समय पर नवीनीकृत कराए जाएं। जिलाधिकारी द्वारा शुरू की गई यह पहल जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए चलाए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। इससे पहले भी जिला प्रशासन द्वारा जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए विभिन्न अभिनव कदम उठाए जा चुके हैं। प्रशासन का कहना है कि मरीज को सम्मानजनक, सहज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में अस्पतालों में कार्यकुशलता, अनुशासन और सेवा स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।

# लर्निंग लेब्स में डीपीआरओ की लापरवाही पर गरमाई डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलेभर में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों की समीक्षा बैठक कर सभी केंद्रों के कायाकल्प एवं लर्निंग लेब्स की स्थिति का निरीक्षण किया।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की ढील या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और यदि केंद्र समय पर तैयार नहीं होते हैं तो संबंधित अधिकारियों का वेतन रोका जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण और शिक्षा दोनों पर बराबर ध्यान दिया जाना चाहिए। बच्चों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुसज्जित लर्निंग लेब्स सुनिश्चित किए जाएँ। जनपद में कुल 23 निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र हैं जिनमें पिलाना क्षेत्र में पांच केंद्र शामिल हैं। जिलाधिकारी ने खेकड़ा और पिलाना खंड में निर्माण कार्य की स्थिति और विकास अधिकारियों के कामकाज को असंतोषजनक पाया और अपनी कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि लर्निंग लेब्स में डीपीआरओ की लापरवाही के कारण हुई देरी और निरीक्षण में कमी पूरी तरह अस्वीकार्य है। कार्यशैली में सुधार के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता सुनिश्चित तरीके से पूरे किए जाएँ। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छता, बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण, पोषणयुक्त भोजन और उपयोगी लर्निंग लेब्स सुनिश्चित किए जाएँ। साथ ही, नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण और रिपोर्टिंग समय पर होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह बच्चों के उज्जवल भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने का अभियान है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने क्षेत्र में पूर्ण जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस मुख्य चिकित्सा अधिकारी तीरथ लाल आदि मौजूद रहे।

# सिविल बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष बने हरेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव में बावली गांव निवासी हरेंद्र सिंह तोमर कोषाध्यक्ष पद पर विराजमान किए गए। उनका आज उनके चेंबर पर उन्हें मिठाई खिलाकर अधिवक्ताओं ने जीत की बधाई देकर उनका स्वागत किया है। इस मौके पर अपने चेंबर पर अधिवक्ताओं के साथ बैठक करते हुए उन्होंने कहा यह जीत मेरी जीत नहीं समस्त तहसीलों के अधिवक्ताओं की जीत है जिन्होंने मुझे चुन चुन कर वोट देकर इस पद पर विराजमान किया है मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने पद की गरिमा रखते हुए अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एक साथ चलने का काम करूंगा। बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने उनका सम्मान किया है। इस अवसर पर कोमल सिंह एडवोकेट राजेंद्र सिंह एडवोकेट विनोद मान एडवोकेट कृष्णपाल शैलेंद्र कुमार एडवोकेट रामधन सिंह आदि अधिवक्ता



# युवती से छेड़छाड़ करने वाले को घसीटते हुए चौकी ले गए लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के टटीरी कस्बे में एक युवती से छेड़छाड़ के आरोपी को स्थानीय लोगों ने पीट दिया। आरोपी को चौकी ले जाते समय उसने विरोध किया, जिसके बाद लोग उसे घसीटते हुए पुलिस चौकी तक ले गए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, टटीरी कस्बे में एक व्यक्ति ने एक युवती से छेड़छाड़ की। युवती ने इसका विरोध किया, जिसके बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। जब स्थानीय लोग आरोपी को पुलिस चौकी ले जाने लगे, तो उसने इसका विरोध किया और लोगों से मारपीट करने की कोशिश की। इसके बाद, लोगों ने उसे घसीटते हुए पुलिस चौकी तक पहुंचाया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि लोग आरोपी को सड़क पर घसीटते हुए ले जा रहे हैं। इस मामले में कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### जिलाधिकारी ने दिए प्रदूषण विभाग को सिंचाई विभाग पर जुर्माना लगाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी के संज्ञान में आया कि सिंचाई विभाग द्वारा बड़ौत में नहर की सफाई तो की गई, लेकिन निकली हुई शिल्ट का निस्तारण नहीं किया गया, जिससे धूल एवं गंदगी का खतरा बढ़ गया। इस अनुशासनहीनता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने प्रदूषण विभाग को निर्देश दिया कि सिंचाई विभाग पर जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग को यह समझना होगा कि छोटे-से-छोटे कार्य में लापरवाही भी पर्यावरण पर बड़ा प्रभाव डाल सकती है। जिलाधिकारी ने ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग और नगर निकायों को निर्देश दिया कि सड़कों को धूल-मुक्त रखने और ट्रैफिक को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संयुक्त टीम बनाए। अवैध पार्किंग, धुआं उत्सर्जित करने वाले वाहन, और जाम की स्थिति प्रदूषण को गंभीर रूप से बढ़ाते हैं। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी मुख्य मार्गों पर दैनिक सफाई, जल छिड़काव और वाहनों की जांच का कार्य निर्बाध रूप से चले। सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे GRAP चरण-3 के निर्देशों का कड़ाई से पालन कर जनपद की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें। इस अवसर पर बैठक में सभी एसडीएम, अधिशासी अधिकारी, परिवहन विभाग, नगर निकायों, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पंचायती राज विभाग और अन्य कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में बढ़ते वायु प्रदूषण और शीतकालीन मौसम में हवा की गुणवत्ता में लगातार गिरावट को देखते हुए गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ जिसमें ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण-3 को प्रभावी और सख्ती से लागू करने के संबंध में सभी विभागों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान कहा कि वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खुले में कूड़ा-कचरा जलाना, पत्तियां या सूखी घास जलाना और किसी भी प्रकार के धुएँ का अनावश्यक उत्सर्जन जनपद की वायु गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव डालता है। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं ऐसे कार्यों से बचें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि एक व्यापक सामाजिक चेतना विकसित हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि बाजारों, मुख्य मार्गों, भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों और निर्माण-प्रभावित क्षेत्रों में एंटी-स्मॉग गन द्वारा नियमित जल छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उड़ती हुई धूल विशेषकर सर्दियों में हवा में लंबे समय तक रहती है जिसके कारण वायु गुणवत्ता तेजी से खराब होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि धूल नियंत्रण को प्राथमिकता दी जाए और जहां भी सड़क पर कूड़ा या मिट्टी जमा हो, वहां तत्काल सफाई और छिड़काव किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस दिशा में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग तथा बड़ौत डिपो को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला मुख्यालय, बड़ौत, टटीरी और अन्य प्रमुख बस अड्डों पर बसों के इंजनों को बिना कारण चालू न रखा जाए। बस संचालकों और चालकों को इस संबंध में स्पष्ट चेतावनी जारी की जाए और यदि कोई वाहन अनावश्यक रूप से धुआं उत्सर्जित करता पाया जाए तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाए। यह आवश्यक है कि बस अड्डों को प्रदूषण के स्रोत के रूप में विकसित न होने दिया जाए। जनपद में अधिकांश निर्माण कार्यों को अस्थाई रूप से बंद कराया गया है, जबकि अत्यंत आवश्यक कार्यों को सशर्त अनुमति दी गई है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां निर्माण जारी है, वहां ग्रीन नेट शीट लगाना पूरी तरह अनिवार्य होगा।



# डीएम ने किया सीएचसी का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बुधवार रात्रि में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत का औचक निरीक्षण किया। सभी स्टाफ समय से उपस्थित मिला।

उन्होंने जच्चा-बच्चा वार्ड, डिलीवरी कक्ष एवं संबंधित रिकॉर्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ लगातार उपलब्ध कराई जाएँ, स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा आवश्यकतानुसार रिकॉर्ड अपडेट रखे जाएँ। स्वच्छता एवं सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा.विभास राजपूत सहित उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एकता का संदेश देने को भाजपाइयों ने निकाली पदयात्रा



**रमाला।** भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए विधानसभा यूनिटी मार्च पदयात्रा निकाली। यह पदयात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक डा. सहेन्द्र सिंह रमाला के नेतृत्व में आयोजित की गयी। यात्रा किशनपुर बिराल के डीएवी इन्टर कॉलेज सें रमाला स्थित जय पार्वती ग्लोबल स्कूल सभा के रूप में जिसका समापन हुआ। यात्रा का रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान हाथ में तिरंगा लिए भाजपा कार्यकर्ता व स्कूल के बच्चों के साथ-साथ लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद के नारे लगाए। डीजे के धुन पर सभी चलते रहे, जिससे वातावरण में उत्साह और देशभक्ति का माहौल बना रहा। पूर्व विधायक डा.सहेन्द्र सिंह रमाला ने यात्रा में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एक महान पुरुष थे, जिन्होंने समाज में एकता का संदेश दिया और देश को मजबूती के साथ खड़ा किया।

# ग्रामीणों ने लगाए ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से शिकायत करते हुए गाधी गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते और नाली निर्माण में नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे उनके घरों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।



ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जिस रास्ते का निर्माण हो रहा है, उसके पास नाले का निर्माण नियमों के विरुद्ध किया जा रहा है। उनके मकानों के बाहर बनी दीवारें, चबूतरे और अन्य संरचनाओं को अतिक्रमण बताकर तोड़ा जा रहा है, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। गाधी गांव निवासी कुलदीप, जयपाल, प्रदीप और कैलाश सहित लगभग आधा दर्जन लोगों ने कलेक्ट्रेट पर अधिकारियों से शिकायत की। उन्होंने बताया कि रास्ते के दोनों ओर नालियां हैं, लेकिन अब नाली की चौड़ाई बढ़ा दी गई है, जो गलत है। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की है कि इस निर्माण कार्य को तुरंत रोका जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए। उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्हें कलेक्ट्रेट आना पड़ा। इस दौरान प्रदीप, प्रवेश, कुलदीप, पवन, कैलाश, शुभम, मीनाक्षी, अनिता आदि मौजूद रहे।

# कोल्हू संचालकों को अस्थाई रूप से संचालन बंद करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निर्माण सामग्री को ढककर रखने, ट्रकों द्वारा सामग्री ढुलाई में कवर का उपयोग सुनिश्चित करने और स्थल पर नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था को दैनिक प्राथमिकता में रखा जाए। साथ ही सभी एसडीएम और संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि वे ऐसे स्थलों का औचक निरीक्षण करें और नियमों की अवहेलना पाए जाने पर तुरंत कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने बैठक में यह भी कहा कि शीतकाल में कोल्हू गन्ना क्रशर संचालन से निकलने वाला धुआं ग्रामीण क्षेत्रों की हवा को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने सभी कोल्हू संचालकों को अस्थाई रूप से संचालन बंद करने के निर्देश दिए, ताकि धुआं रोककर ग्रामीण इलाकों में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित किया जा सके क्योंकि गांवों में बच्चे, बुजुर्ग और किसान इस धुएं से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। जनपद के 75पेट्रोल पंपों में मात्र 34 पंपों पर प्रदूषण जांच सुविधा उपलब्ध है। इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच इकाई उपलब्ध हो ताकि वाहन प्रदूषण की नियमित जांच की जा सके। खुले में कूड़ा जलाने की घटनाओं को रोकने। डीएम ने बताया कि आपदा विभाग की ओर से 'आपदा मित्र' स्वयंसेवकों को किसी भी स्थान पर कूड़ा या पत्तियां जलाते हुए व्यक्ति की फोटो सहित पूरी सूचना देने पर 2500 का प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी एवं कूड़ा जलाने वाले संबंधित व्यक्ति पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य ऐसी घटनाओं में तुरंत नियंत्रण लाना, जिम्मेदार नागरिकों को सक्रिय करना और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। औद्योगिक क्षेत्र निवाड़ा में सड़क किनारे जमा कूड़ा-कचरा और अपशिष्ट सामग्री को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया कि वहां तत्काल सफाई की जाए और वृक्षारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने से न केवल प्रदूषण नियंत्रित होगा बल्कि इलाके में पर्यावरणीय सुधार और सौंदर्य भी बढ़ेगा।

# पशुओं को आवारा छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के करीमपुर मिलक नौखरीद के ग्रामीणों ने छुट्टा गोवंशीय पशुओं को ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर मिर्जापुर गौशाला भेजा है और पशुओं का आवारा छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ पुलिस का कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को करीमपुर के पूर्व प्रधान सुशील कुमार मुकेश मौर्य सुरेश पाल मोहम्मद दानिश आदि ने करीमपुर और मिलक नौखरीद गांव में घूम रहे छुट्टा गोवंशीय पशुओं को पकड़कर नवाब नगर मिर्जापुर की पशु आश्रय स्थल में दाखिल कराया है किसानों का कहना है की छुट्टा घूम रहे पशु फसलों में नुकसान पहुंचाते हैं और रातों-रात फसलों की रखवाली करनी पड़ती है इस मामले में किसानों ने चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला को एक शिकायती पत्र सोपा है जिसमें कहां है की आवारा छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए किसानों ने 10 पशुओं को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर गौशाला भेजा है।

# डीएम ने किया शुगर मिल निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बुधवार रात्रि में दी किसान सहकारी शुगर मिल, बागपत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिल परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने किसान कैंटीन का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई एवं भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही मिल में आने-जाने वाले वाहनों पर लगे रिफ्लेक्टर की स्थिति की जाँच की और आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गन्ना तोल केंद्र एवं संबंधित अभिलेखों का भी निरीक्षण किया तथा रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएँ और किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# डीएम ने की गौशालाओं में सर्दी से बचाव की तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गौ संरक्षण केंद्रों और गौशालाओं में सर्दी से बचाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि गौवंश के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि गौसंरक्षण हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ आश्रय स्थलों में पर्याप्त तिरपाल, गर्म चटाई, भूसा, अलाव, हीटर और हेलोजन जैसी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएँ। इसके साथ ही हरे चारे और स्वच्छ पानी की नियमित उपलब्धता, बीमार या कमजोर गायों के लिए विशेष चिकित्सा सुविधा और नियमित सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रत्येक नोडल अधिकारी अपने संबंधित गौशालाओं का निरीक्षण करें और अब तक हुए निरीक्षण की रिपोर्ट मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध कराएँ। उन्होंने केयर टेकर की समय पर उपस्थिति और भुगतान सुनिश्चित करने, 24 घंटे उनकी डयूटी सुनिश्चित करने, और गांव के किसानों से सीधे चारा खरीदने के संबंध में भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास निराश्रित गौवंश की सूचना प्रशासन को दें ताकि उन्हें नजदीकी गौशालाओं में संरक्षित किया जा सके। नागरिक अपने कर्तव्य के रूप में अपने आसपास के पशुओं की सर्दी से सुरक्षा के लिए छोटे-छोटे हरसंभव उपाय भी अपनाएँ। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि सर्दी में गौवंश को हरसंभव सुरक्षा और देखभाल मिल सके। बैठक में सीडीओ नीरज कुमार श्रीवास्तव, सीवीओ डा.अरविंद त्रिपाठी, सीएमओ डा.तीरथ लाल और सभी बीडीओ, ईओ उपस्थित रहे।



**सूचना**

मेरे दामादो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने दोनो दामादो राजा उर्फ रियाजू व रहीस से सम्बंध विच्छेद करती हूं।

आमना पत्नि स्व.शहीद निवासी चोधरान पट्टी कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र अंशुल से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

अनिता देवी पत्नि सुन्दर बाल्मीकि व सुन्दर वाल्मीकि पुत्र हरद्वारी निवासी ग्राम लौहड्डा थाना बडौत जनपद बागपत।

# नगर पंचायत करनावल के निर्माण कार्यों को लेकर हाई कोर्ट की फटकार

## जिलाधिकारी मेरठ को कोर्ट ने दिया 24 घंटे का समय

- हर हाल में जमा करनी होगी गुणवत्ता टेस्टिंग रिपोर्ट
- एसडीएम सरधना व ईओ कोर्ट में तलब, नगर पंचायत में सी.सी. निर्माण की गुणवत्ता को लेकर हुई थी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**करनावल।** नगर पंचायत करनावल, जिला मेरठ उत्तर प्रदेश में निर्माणाधीन सीसी रोड की गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवालों के बीच, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए सरकार और स्थानीय प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति अजीत कुमार एवं न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने Public Interest Litigation (PIL) No- 2988 वर्ष 2025 रूपेश कुमार बनाम स्टेट ऑफ यूपी एवं अन्य की सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि गुणवत्ता परीक्षण टेस्टिंग रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत किए बिना कोई भी बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### अदालत की कड़ी टिप्पणी

दिए गए इंस्ट्रक्शन रिकॉर्ड में लिए गए हैं, लेकिन टेस्टिंग रिपोर्ट के साथ इंस्ट्रक्शन नहीं दिए गए हैं। अदालत ने नगर पंचायत करनावल में बनाई जा रही सीसी रोड की गुणवत्ता पर गंभीर संदेह व्यक्त करते हुए टेस्टिंग रिपोर्ट अनिवार्य रूप से अगली सुनवाई तक प्रस्तुत करने का आदेश दिये है।

### अगली सुनवाई तक सैंपल व शपथ पत्र अनिवार्य

अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीसी रोड निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का टेस्टिंग सैंपल, नगर पंचायत करनावल के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के शपथ पत्र को अगली निर्धारित तारीख तक हर हाल में कोर्ट में पेश किया जाए। अनुपालन न करने पर अधिकारियों को उपस्थित होना होगा।

### आदेश का नहीं हुआ पालन तो एसडीएम सरधना होंगे कोर्ट में पेश

हाई कोर्ट ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश का अनुपालन नहीं हुआ तो सब डिविजनल मजिस्ट्रेट सरधना, जिला मेरठ, तथा एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, नगर पंचायत करनावल को स्वयं अदालत में उपस्थित होना पड़ेगा।

### डीएम मेरठ को 24 घंटे के अंदर जानकारी देना अनिवार्य

अदालत ने यह भी निर्देश दिये है कि एडिशनल चीफ स्टैंडिंग काउंसिल राजीव गुप्ता इस आदेश को तुरंत जिला मजिस्ट्रेट मेरठ तक पहुंचाएं। डीएम मेरठ अगले 24 घंटे के भीतर संबंधित सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट सरधना को संपूर्ण आदेश की जानकारी उपलब्ध कराए।

### अगली सुनवाई 9 दिसंबर को

मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर 2025 को निर्धारित की गई है। अदालत ने स्पष्ट संकेत दिये है कि किसी भी लापरवाही या टालमटोल को गंभीरता से लिया जाएगा।

नगर पंचायत करनावल में बन रही सड़कों की गुणवत्ता को लेकर आम जनता में लंबे समय से उठ रहे सवालों के बीच हाई कोर्ट ने प्रशासन को कठोर निर्देश देकर यह संदेश दिया है कि सार्वजनिक धन, सार्वजनिक कार्य और सार्वजनिक हित से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। यह आदेश स्थानीय प्रशासन को सतर्क करने वाला तथा निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# महिला बीएलओ से अभद्रता व मारपीट करने वाला भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ा गांव में महिला बीएलओ के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। ग्राम अमीनाबाद उर्फ बड़ा गांव में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआइआर फार्म भरने का कार्य बीएलओ सविता कर रही है जिसकी गांव के ही युवक ललित उर्फ राजू ने अधिकारियों से झूठी शिकायत कर दी थी। बुधवार को सविता राजू के घर पहुंची तो उसने फार्म भरवाने से इंकार कर दिया जब सविता ने उसे झूठी शिकायत करने की बात कही तो उसने सविता के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट कर दी सविता ने थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना पुलिस ने गुरुवार सुबह ललित उर्फ राजू को पकड़कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### शहर घंटाघर के पास ई-रिक्शा चालक भिड़े

**मेरठ।** शहर घंटाघर के पास दो ई-रिक्शा चालक सवारी को अपने रिक्शा में बैठाने के लिए भिड़ गये। एक चालक ने दूसरे से सड़क पर पड़ी ईंट से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। राहगीरों ने लड़ाई होते देख दोनों का बीच-बचाव कराकर घायल को पास के डाक्टर के पास भेज दिया।

# 13 दिसम्बर को किया जाएगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रमेश कुशवाहा द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता में बताया कि 13 दिसम्बर द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत व आर्बिट्रेशन से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अपील करते हुये कहा कि सभी वादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत में शीघ्र, सुलभ व सक्षम न्याय पाये। आपसी समझौते से अंतिम निर्णय कराये। उन्होंने बताया कि त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। 13 दिसम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय स्तर तक के किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलो को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अंतिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लंबित मामलो से छुटकारा पाने के लिए वाद कारियों के लिए स्वर्णिम अवसर है। इसका अधिकतम लाभ उठाए।

# नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज में हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम

- वित्तीय कौशल के माध्यम से सशक्त भारत का सफल आयोजन
- 100 से अधिक छात्रों ने कार्यक्रम में लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज शोभित विश्व विद्यालय में 19-20 नवंबर को दो दिवसीय कार्यशाला वित्तीय कौशल के माध्यम से सशक्त भारत का सफल आयोजन हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में वित्तीय साक्षरता, बजट प्रबंधन, बचत, निवेश एवं शेयर बाजार की मूलभूत समझ विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक प्रो. डॉ. विकास गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि सही वित्तीय निर्णय केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि देश के आर्थिक विकास को भी मजबूत बनाते हैं। कार्यशाला का संचालन प्रतिष्ठित सिक्योरिटीज मार्केट ट्रेनर सुश्री अर्चना शर्मा ने किया। उन्होंने बजटिंग, जिम्मेदार निवेश, वित्तीय योजना और निवेशक संरक्षण पर सरल व व्यावहारिक मार्गदर्शन देते हुए कहा कि वित्तीय अनुशासन जीवन को सुरक्षित बनाता है, और छोटे-छोटे निवेश भी समय के साथ बड़े आर्थिक लाभ का आधार बन सकते हैं। युवाओं को आज से ही सही वित्तीय आदतें अपनानी चाहिए। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और क्विज व प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से महत्वपूर्ण वित्तीय कौशल सीखे। कार्यक्रम का समापन डॉ. नेहा त्यागी एसोसिएट प्रोफेसर और डॉ. गर्गी चौधरी असिस्टेंट प्रोफेसर के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने संसाधन व्यक्ति, संकाय सदस्यों और सभी छात्रों का आभार व्यक्त किया। यह कार्यशाला छात्रों द्वारा अत्यंत सराही गई और उन्हें वित्तीय रूप से जिम्मेदार एवं सशक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

**19 और 20 नवम्बर को आयोजित हुआ था कार्यक्रम**

# किठौर की छात्राएं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, किठौर की पांच छात्राओं ने मंडल स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इन छात्राओं का चयन वाराणसी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए किया गया है, जिससे विद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। यह प्रदर्शनी डीएन इंटर कॉलेज में तीन दिनों तक चली। छात्राओं की इस सफलता में मेंटर रुचिरा चंदेल (एस.आर.जी. विज्ञान) और रेनू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने छात्राओं को मॉडल निर्माण, वैज्ञानिक प्रस्तुति और विषयगत समझ में निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला स्तर पर विजयी होने के बाद इन पांचों छात्राओं ने मंडल स्तर पर अपने प्रभावशाली मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें कक्षा 11 की शीबा ने हरित ऊर्जा, कक्षा 10 की सानिया ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन, कक्षा 9 की अलिश्मा ने उभरती प्रौद्योगिकी, कक्षा 8 की अर्शी ने मनोरंजक गणितीय मॉडल और कक्षा 10 की सायमा ने चिरस्थायी कृषि पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किए। इन मॉडलों में पर्यावरण संरक्षण, सतत् विकास, प्रौद्योगिकी नवाचार और वैज्ञानिक विश्लेषण क्षमता का उत्कृष्ट संयोजन देखने को मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या कुसुम एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है और उन्हें विश्वास है कि छात्राएं राज्य स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करेंगी। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और अभिभावकों ने भी छात्राओं के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। अब ये पांचों छात्राएं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में किठौर और मेरठ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# बीएलओ आखिर क्या करें!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक तरफ चार दिसंबर तक वोटर काम पूरा करना दूसरी तरफ लापरवाही पर निलंबन व एफआईआर होना और ऊपर से पिटाई भी होना आखिर बीएलओ क्या करें। परीक्षितगढ़ में एक महिला बीएलओ की पिटाई की गई है। उससे दो दिन पूर्व ही सरधना में दो बीएलओ के खिलाफ लापरवाही के कारण जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। जहां तक एफआईआर दर्ज कराने की बात है वह डीएम का विवेकपूर्ण निर्णय हो सकता है। लेकिन महिला बीएलओ पिटाई का कोई समर्थन नहीं किया जा सकता है हालाकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है जो जरूरी भी था ताकि लोग कानून हाथ में लेने से बचें। बीएलओ भी इंसान हैं।

# रोडवेज बस ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, एक की मौत

## चार लोग हुए गंभीर घायल, सैफपुर-फिरोजपुर के पास हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** गुरुवार सुबह हरियाली पेट्रोल पंप के सामने ई रिक्शा में उत्तराखंड उत्तर प्रदेश रोडवेज बस की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गये। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी। बताते चले कि मेरठ के सोफीपुर निवासी जितेंद्र पुत्र जयप्रकाश, नोटी पुत्र बिट्टू, लक्की पुत्र अज्ञात, तरुण पुत्र देवेंद्र, संदीप पुत्र विनोद ई रिक्शा से राम. राज में टेंट का काम कर वापस अपने गांव सोफीपुर लौट रहे थे। वह बैटरी रिक्शा से घर की ओर जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा हरियाली पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे सामने से आ रही उत्तराखंड उत्तर प्रदेश रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही बहसूमा पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल 108 एंबुलेंस बुलवाकर सभी घायलों को सीएचसी हस्तिनापुर भिजवाया। जहां डाक्टरों ने जितेंद्र पुत्र जयप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए मेरठ भिजवा दिया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी उवैस खान ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी घायलों का उपचार चल रहा है। अभी तक कोई तहरीर थाने पर नहीं आई है। तहरीर आते ही कार्रवाई की जाएगी।



मृतक जितेन्द्र

# किठौर में एसआईआर फार्म को लेकर मतदाता बरत रहे हैं लापरवाही

## चेयरमैन, सभासद और बीएलओ के प्रयास हो रहे हैं फेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** नगर पंचायत में एसआईआर फार्म पंजीकरण अभियान तेजी से जारी है, लेकिन चेयरमैन सलमान मुनकाद अली और बीएलओ टीम के लगातार प्रयासों के बावजूद मतदाताओं में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिख रही है।

नगर पंचायत किठौर द्वारा वार्ड वार शिविर आयोजित किए गए हैं, जहां कर्मचारियों और बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक वार्ड के सभासद भी मतदाताओं की सहायता कर रहे हैं। इसके बावजूद कई पात्र मतदाता अभी तक पंजीकरण के लिए नहीं पहुंचे हैं। अधिकारियों का कहना है कि मतदाता सूची में अपना नाम सही दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, ताकि चुनाव के समय मतदान में किसी प्रकार की समस्या न हो। चेयरमैन सलमान मुनकाद अली ने बताया कि टीम रोजाना घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही है, लेकिन कुछ लोग अभी भी लापरवाही बरत रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से जल्द से जल्द एसआईआर फार्म पंजीकरण पूरा करने और अपने लोकतांत्रिक अधिकार को सुरक्षित करने का अनुरोध किया। किठौर के वार्ड हरि. जनोंवाला की बीएलओ नाहिद जहां ने मतदाताओं से एसआईआर फार्म पंजीकरण को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने जोर दिया कि मतदाता सूची में नाम सही दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि चुनाव के दौरान कोई परेशानी न हो। उन्होंने कुछ लोगों की लापरवाही को अनुचित बताया। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पंजीकरण प्रक्रिया समय रहते पूरी कर ली जाए, ताकि बाद में मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने सभी नागरिकों से समय पर प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत कार्यालय पहुंचने की सलाह दी है।



# दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष ने एसआईआर फार्म की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दौराला मंडल के गांव सिवाया में दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने बूथ क्रमांक 183, 186 पर बी.एल.ओ. अरविंद कुमार ओर बी.एल.ओ शबाना आजमी के साथ, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत फार्म की जानकारी ली और इस अभियान को गति देने को कहा। ओर सभी से भी आग्रह किया पूरी जागरूकता के साथ अपने फार्म भरें और साथ वालों के भी भरवाएं। इस दौरान साथ रहे किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र सिंह, बूथ अध्यक्ष अमित गुप्ता, मिंटू विहान आदि रहे।



# शोभित विवि में उद्यमिता और नवाचार करियर के नए अवसर पर कार्यशाला आयोजित

## कार्यक्रम में छात्रों को उद्योग अनुभव नवाचार की भूमिका और बदलते परिदृश्य की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के विश्व. विद्यालय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विश्व. विद्यालय इन्स्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल ष्प्छ के सहयोग से उद्यमिता और नवाचार करियर के नए अवसर विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता अम्बरीश द्विवेदी, वाइस प्रेसिडेंट, इंडियामार्ट रहे। जिन्होंने छात्रों को उद्योग अनुभव, नवाचार की भूमिका, और उद्यमिता के बदलते परिदृश्य पर आधारित अत्यंत सारगर्भित जानकारी प्रदान की। अपने संबोधन में द्विवेदी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में उद्यमिता और नवाचार केवल करियर विकल्प नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक वृद्धि और आत्मनिर्भरता के महत्वपूर्ण आधार हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे समस्याओं को अवसर में बदलने की क्षमता विकसित करें और डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए नए विचारों को वास्तविक मॉडल में परिवर्तित करें। उन्होंने यह भी बताया कि बदलते उद्योग परिवेश में सृजनात्मक सोच, जोखिम प्रबंधन, और बाजार की समझ युवाओं को सफलता की ओर ले जाती है। इस अवसर पर निदेशक, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल, डॉ. अभिषेक कुमार डबास ने भी छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी भारत के नवाचार आधारित भविष्य की रीढ़ है। छात्रों को नौकरी खोजने के साथ-साथ नौकरी देने की मानसिकता भी विकसित करनी चाहिए। आज भारत सरकार और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश सरकार उद्यमिता एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को विभिन्न वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। डॉ. डबास ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने विचारों पर विश्वास करें और विश्वविद्यालय व ई सेल के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाएं। कार्यशाला का संचालन डॉ. नेहा याजुर्वेदी द्वारा अत्यंत प्रभावी ढंग से किया गया। इस अवसर पर डॉ. नवनीश त्यागी, रूपाली कन्नौजिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों के बीच उद्यमिता, स्टार्टअप इकोसिस्टम और नवाचार के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया। विद्यार्थियों ने इस सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बताया।



# लवकेश कुमार रोहेला बनें परीक्षितगढ़ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के परीक्षितगढ़ इंटर कॉलेज में मेजर लवकेश कुमार रोहेला ने प्रधानाचार्य का पद ग्रहण किया है उन्हें सभी स्टाफ ने शुभकामनाएं दी।

आदर्श विद्यापीठ इंटर कॉलेज गुलावटी से स्तानांतरित होकर आए लवकेश कुमार रोहेला को स्कूल के प्रबंधक संचालक डाक्टर नारायण शरण ने प्रधानाचार्य का पद ग्रहण कराया लवकेश कुमार रोहिला की शैक्षिक योग्यता एमए अंग्रेजी भूगोल अर्थशास्त्र व एमएड है। वहीं उन्होंने 22 वर्ष तक एनसीसी में सेवा की जिसमें दो बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री रैली में केडेट्स के साथ प्रतिबद्ध करने का मौका मिला था। वह अनेक शिविरों में भी गए थे। इस मौके पर प्रधानाचार्य राज्य पुरस्कार पदमसैन मित्तल ने भी अपने कार्यकाल की जानकारी देते हुए स्कूल के बारे में विस्तार से बताया और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य शिव प्रताप सिंह सहित सभी स्टाफ मौजूद रहा।

# कृषि विवि में प्राथमिक कॉलेज की छात्राएं हुई कृषि विज्ञान की नई तकनीक से रूबरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व. विद्यालय में गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज शेखपुरा खिचड़ा हापुड़ के लगभग 200 से अधिक छात्र छात्राओं का दल विश्वविद्यालय पहुंचा यहां पर इन छात्र-छात्राओं को कृषि की नवीन तकनीक तथा शोध कार्यों का अवलोकन करने का मौका मिला। छात्र-छात्राओं ने बताया कि यह पहला मौका है जब वह अपने गांव के कॉलेज से निकलकर किसी विश्वविद्यालय में भ्रमण के लिए पहुंचे हैं यहां पर आकर उनको काफी अच्छा लगा।

उन्होंने बताया की छात्र छात्राओं को यह प्रेरणा प्राप्त हुई कि वह आगे चलकर कृषि विवि में शिक्षा ग्रहण करें और इस क्षेत्र में आगे बढ़े। प्रोफेसर आरएस शंकर निदेशक ट्रेनिंग और प्लेसमेंट ने बताया की शेखपुरा खिचरा राजकीय इंटर कॉलेज की छात्र छात्राओं बायो टेक्नोलॉजी कॉलेज की टिशु कल्चर प्रयोगशाला नैनोपार्टिकल प्रयोगशाला एनिमल बायोटेक्नोलॉजी प्रयोगशाला सेल बायोलॉजी हॉर्टिकल्चर कॉलेज फूड टेक्नोलॉजी कॉलेज एग्री कल्चर कॉलेज की विभिन्न प्रयोग शालाओं का भ्रमण किया गया। इस दौरान अधिष्ठाता प्रोफेसर रविंद्र कुमार, डाक्टर पंकज चौहान, डाक्टर निलेश कपूर, डॉ. निधि सिंह, डॉ. रेखा दिक्षित एवं कॉलेज की तरफ से टूर इंचार्ज कोमल, पुष्पेंद्र शुक्ल के अलावा समता, शिप्रा, कामिनी, नेहा, रेनू, पूजा आदि शिक्षक मौजूद रहे।




# फिर भूलाया गया आयरन लेडी इंदिरा को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 20 दिन में यह दूसरा मौका है जब देश व प्रदेश की सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री और दुनिया की आयरन लेडी कहे जाने वाली इंदिरा गांधी को सम्मान नहीं दिया गया। बीते 31 अक्टूबर को सरकार द्वारा लौह पुरूष सरदार पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। लेकिन आयर लेडी के शहादत दिवस पर कुछ नहीं बोला गया। यह सब जानते है कि इंदिरा गांधी की हत्या देश को बचाने के कारण हुई थी। इसी प्रकार बीते 19 नवम्बर को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा भारत की अमर योद्वा रानी लक्ष्मी बाई की जयंती तो धूमधाम से मनाई गई लेकिन इंदिरा गांधी के जन्मदिन पर कुछ नहीं बोला गया। पूर्व प्रधानमंत्री जिनका निधन हो गया हो वह दल से ऊपर उठकर हो जाते हैं और देश की सरकार उचित अवसरो पर उन्हे नमन करती रही हैं। लेकिन इंदिरा गांधी के साथ शायद कुछ अन्याय हो रहा है। गलत निर्णय इंदिरा जी के भी रहे होंगे लेकिन जब कोई आदमी देश के लिए शहीद होता है तो देश को उसकी शहादत का सम्मान करना ही चाहिये। आशा है कि सरकार दलगत भावना से ऊपर उठेगी।

# हाई कोर्ट का आदेश बेईमानी नहीं हटा बिजली का खंभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बिजली विभाग इस कदर तानाशाह हो गया है कि हाई कोर्ट को भी चकमा दे रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बिजली विभाग ने थाना लिसाड़ी गेट के मजीद नगर में मकान नम्बर 322 के सामने ट्रांस्फार्मर लगाने के लिए विद्युत पोल लगा दिये। मकान का स्वामी निसार पुत्र इस्माईल बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ हाई कोर्ट में चला गया जहां पर बिजली विभाग की तरफ से हाई कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया गया कि विभाग इस स्थान से खंभा हटा लेगा लेकिन सात महीने बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों ने हाई कोर्ट में दिये गये शपथ पत्र पर अमल नहीं किया है। पीड़ित निसार रोज अधिकारियों के दरवाजे के चक्कर काट रहा है। उसे सिर्फ टरकाया जा रहा है। कानूनन यह खंभा अब तक हट जाना चाहिये था।

# दीक्षा डागर ने जीता सोना



सिल्वर मेडल फ्रांस की मार्गो ब्रेजो को मिला और ब्रांज मेडल कनाडा की एरिका डॉन ने जीता

**टोक्यो, वार्ता।** भारत की प्रोफेशनल गोल्फर दीक्षा डागर ने गुरुवार को डेफलंपिक्स के छठे दिन महिलाओं के इंडिविजुअल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। दीक्षा ने 3 राउंड के बाद 11 अंडर पार का स्कोर किया। 54 होल के आखिर में उनके कुल पार थे- राउंड3: 11 अंडर पार, राउंड2: 11 अंडर पार और राउंड1: 4 अंडर पार। यह 24 साल की दीक्षा का तीसरा डेफलंपिक्स मेडल है। उन्होंने 2017 में सैमसन तुर्किए में अपने पहले गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था, फिर ब्राजील के कैक्सियास डो सुल में गोल्ड मेडल जीता था। तीन डेफलंपिक्स के अलावा, अर्जुन अवॉर्डी दीक्षा ने टोक्यो ओलंपिक्स 2020 (एबल बॉडी) में भी देश को रिप्रेजेंट किया है। सिल्वर मेडल फ्रांस की मार्गो ब्रेजो को मिला और ब्रॉन्ज़ मेडल कनाडा की एरिका डॉन रिवार्ड ने जीता। डेफलिपिक्स 15-26 नवम्बर तक टोक्यो में खेले जा रहे हैं और इसमें 111 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## अरशद नदीम ने भाला फेंक स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**रियाद, वार्ता।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम ने इस्लामिक सॉलिडैरिटी गेम्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। प्रिंस फैसल बिन फहद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में बुधवार को हुए मुकाबले में अरशद नदीम ने अपने दूसरे प्रयास में 83-05 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सात प्रतियोगियों के बीच अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाया।

अरशद नदीम ने तुर्की के कोन्या में पिछले एडिशन में भी 88.55 मीटर का नया गेम्स रिकॉर्ड बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



## खेल विशेष

### फेडरर अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम चुने गए

**लंदन, वार्ता।** स्विट्ज़रलैंड के स्टार टेनिस खिलाड़ी और 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रोजर फेडरर को अंतर्राष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में चुना गया है। रोड आइलैंड स्थित हॉल ऑफ फेम ने बुधवार को यह जानकारी दी। टीवी प्रस्तोता और पत्रकार तथा पूर्व खिलाड़ी मैरी कैरिलो को योगदानकर्ता श्रेणी में चुना गया। इन्हें हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के लिए समारोह अगस्त 2026 में होगा। फेडरर ने 103 टूर-स्तरीय खिताब, 20 बड़ी ट्रॉफियां और 28 एटीपी मास्टर्स 1000 क्राउन जीते है। 43 साल के फेडरर के नाम फरवरी 2004 से अगस्त 2008 तक 237 हफ्तों तक लगातार वर्ल्ड नंबर वन रहने का रिकॉर्ड है। वह पांच बार एटीपी ईयर-एंड नंबर वन रहे, पीआईएफ सम्मान से सम्मानित हुए, 13 बार स्टीफन एडबर्ग स्पोर्ट्समैनशिप अवॉर्ड मिला और 2003-21 तक लगातार 19 सालों तक एटीपी फैंस के पसंदीदा चुने गए। अपनी इस उपलब्धि पर फेडरर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होना और खेल के इतने सारे महान चैंपियन के साथ खड़ा होना बहुत बड़ा सम्मान है। अपने पूरे करियर में, मैंने हमेशा टेनिस के इतिहास और मुझसे पहले आए लोगों के उदाहरण को महत्व दिया है। स्विस टेनिस में, अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों से घिरे हुए यह खबर सुनना बहुत खास था वह जगह जहां मेरी अपनी यात्रा पहली बार शुरू हुई थी। खेल और मेरे साथियों से इस तरह पहचान मिलना बहुत अच्छा लग रहा है। मैं अगले अगस्त में टेनिस कम्युनिटी के साथ इस खास पल को मनाने के लिए न्यूपोर्ट आने का इंतजार कर रहा हूं। 20 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी फेडरर 'क्लास ऑफ 2026' के लिए समर्थन प्राप्त करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। फेडरर ने नडाल और जोकोविच जैसे साथी महान खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले युग को 'टेनिस के लिए स्वर्णिम समय' माना।

# मुशफिकुर-लिटन के शतक, आयरलैंड 98/5 पर

**मीरपुर, वार्ता।** मुशफिकुर रहीम (106) और लिटन कुमार दास (128) की शतकीय पारियों के दम पर बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में 476 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद बल्लेबाजी कर रही आयरलैंड के स्टंप के समय तक 98 रन पर पांच विकेट झटकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। बांग्लादेश ने कल के 294 पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में अपने 100वें टेस्ट में शतक बनाने वाले मुशफिकुर रहीम आउट हुए। उन्होंने 214 गें. दों में पांच चौके लगाते हुए 106 रन बनाए। उन्हें मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मेहदी हसन मिराज ने लिटन दास के साथ छठे विकेट के लिए 123 रन जोड़े। गेविन होए ने मेहदी हसन मिराज को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। बंगलादेश का सातवां विकेट दूसरे शतक वीर लिटन कुमार दास के रूप में गिरा। लिटन कुमार दास ने 192 गेंदों में आठ चौके और चार छक्कों की मदद से 128 रनों की पारी खेली। तैजुल इस्लाम (चार), हसन मुराद 11 रन बनाकर आउट हुए । 142वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन ने खलील अहमद (आठ) को आउटकर 476 के स्कोर पर बंगलादेश की पहली पारी का अंत कर दिया। आयरलैंड के लिए एंडी मैकब्राइन ने छह विकेट लिए। मैथ्यू हम्फ्रीज और गेविन होए को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड के लिए कप्तान एंडी मैकब्राइन और पॉल स्टर्लिंग की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। खलील अहमद ने पॉल स्टर्लिंग (27) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 19वें ओवर में हसन मुराद ने एंडी मैकब्राइन (21) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कैड कारमाइकल (17), हैरी टेक्टर (14) और कर्टिस कैम्फर (शून्य) पर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड ने पांच विकेट पर 98 रन बना लिए थे और लोरकन टकर (नाबाद 11) और स्टीफन डोहेनी (नाबाद दो) क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश के लिए हसन मुराद ने दो विकेट लिए। खलील अहमद , तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## फीफा रैंकिंग में स्पेन शीर्ष पर

**जिनेवा, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) की ओर जारी की ताजा विश्व रैंकिंग में स्पेन 1877.18 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। ताजा रैंकिंग के अनुसार इस दौरान कुल 149 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए, जिसमें 74 मैत्री मैच शामिल हैं। रैंकिंग में अर्जेंटीना 1873.33 अंक के साथ दूसरे , फ्रांस 1870 अंक के साथ तीसरे और इंग्लैंड 1834.12 अंक के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है। ब्राजील को दो स्थान का फायदा हुआ है वह 1760-46 अंक के साथ दो पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर आ गया, जबकि पुर्तगाल 1760.38 अंक छठे और नीदरलैंड्स 1756.27 अंक सातवें स्थान पर आ गए। नॉर्वे से 4-1 से हारने के बाद इटली शीर्ष 10 से नीचे गिरकर 1702.06 अंक के साथ 12वें स्थान पर खिसक गया।

# सात्विक-चिराग और लक्ष्य सेन ने क्वॉटर फाइनल में प्रवेश किया

- **सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-11 से हराया**

**सिडनी, वार्ता।** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने गुरुवार को चीनी ताइपे की जोड़ी सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिटंन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। वहीं लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल मुकाबले में जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई।

पुरुष युगल बैडमिटंन रैंकिंग में तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 50वीं रैंक वाली चीनी ताइपे की जोड़ी सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन की जोड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-11 से हराया। भारतीय बैडमिटंन खिलाड़ियों ने सिडनी के ओलंपिक बुलेवार्ड के क्वेसेंटर में धीमी शुरुआत की। वे सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन के खिलाफ शुरुआती गेम में 15-9 से पीछे चल रहे थे। इसके बाद सात्विक-चिराग ने तेजी दिखाते हुए बढ़त बना ली और पहला गेम 21-18 से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम एकतरफा रहा। सात्विक-चिराग की जोड़ी शुक्रवार को शीर्ष आठ में इंडोनेशिया के पांचवें सीड मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और फजर अल्फियन से मुकाबला करेंगे। इस बीच, पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने एक घंटे से अधिक देर तक चले मुकाबले संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीनी ताइपे के 27वें रैंक वाले ची यू-जेन को 21-17, 13-21, 21-13 से हराया। इस बीच, आयुष शेट्टी ने जापान के कोडाई नाराओका पर दूसरी उलटफेर वाली जीत दर्ज की। 32वें नंबर पर मौजूद शेट्टी ने एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में नाराओका को 21-17, 21-16 से हराया। आयुष शेट्टी शुक्रवार को क्वार्टर-फाइनल में लक्ष्य सेन का सामना करेंगे। भारत के दुनिया के 35वें नंबर के एचएस प्रणय इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-19, 21-10 से हारकर मुकाबले से बाहर हो गए।





## महित संधू ने 50 मीटर राइफल प्रोन में जीता सिल्वर

**टोक्यो, वार्ता।** राइफल शूटर महित संधू ने 50मी प्रोन इवेंट में सिल्वर जीता, टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में यह उनका तीसरा मेडल है। महित ने फाइनल तक पहुंचने के लिए क्वालिफिकेशन में वर्ल्ड डेफ रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने फाइनल में 246-1 का स्कोर करके सिल्वर मेडल जीता, जबकि चेकिया की एलिस्का स्वोबोडोवा ने 247-2 के स्कोर के साथ गोल्ड जीता। हंगरी की मीरा जुज़ाना बियातोव्स्की ने 225-0 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में दूसरी भारतीय शूटर, नताशा जोशी शूट-ऑफ के बाद आठवें स्थान पर रहीं।

फाइनल में, महित 14 शॉट पूरे करने के बाद चौथे स्थान पर थीं। अगले दो शॉट्स की सीरीज के बाद वह ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रहीं, उन्होंने यूक्रेन की वायलेटा लाइकोवा को हराया और 20 शॉट्स पूरे होने तक उसी पोजीशन पर रहीं। इसके बाद माहित ने अगली सीरीज में 9-8 और 10-2 का स्कोर किया, लेकिन हंगेरियन शूटर के 9-4 और 9-8 के स्कोर ने पक्का कर दिया कि भारतीय सिल्वर पोजीशन पर पहुंच गई। माहित ने फिर 10-0 और 10-7 के स्कोर के साथ फाइनल खत्म किया, लेकिन स्वोबोडोवा के कुल स्कोर की बराबरी नहीं कर सकीं क्योंकि चेक शूटर ने भी अपने दोनों आखिरी शॉट 10 में मारे। इससे पहले क्वालिफिकेशन में, माहित ने 619-7 के स्कोर के साथ छह सीरीज खत्म करके एक नया डेफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जबकि नताशा जोशी ने 611-6 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। भारत ने टोक्यो में शूटिग में अपने मेडल की संख्या 12 कर ली है, जिसमें माहित ने तीन मेडल जीते हैं।

# युवराज संधू ने छह शॉट की बड़ी बढ़त हासिल की

- **युवराज अब डिगबोई में अपनी तीसरी जीत और सीजन के पांचवें टाइटल के लिए तैयार है**

**डिगबोई ( असम ), वार्ता।** पीजीटीआई रैंकिंग लीडर युवराज संधू के तीसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें डिगबोई गोल्फ लिक्स में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स 2025 में कुल 16-अंडर 200 के स्कोर के साथ छह शॉट की बड़ी बढ़त दिला दी। युवराज (65-69-66), जो पहले और दूसरे राउंड के बाद दो स्ट्रोक से आगे थे, ने गुरुवार को शानदार और बिना गलती के छह-अंडर 66 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त चार शॉट और बढ़ा ली। चंडीगढ़ के 28 साल के युवराज अब डिगबोई में अपनी तीसरी जीत और सीजन के पांचवें टाइटल के लिए तैयार हैं। आखिरी दिन युवराज का पीछा विराज मदप्पा (70-68-68) करेंगे, जो पहली बार डिगबोई में खेल रहे हैं और अभी 10-अंडर 206 के साथ दूसरे नंबर पर हैं। 28 साल के मदप्पा के तीसरे राउंड में 68 के स्कोर ने उन्हें रात भर की टाई वाली तीसरी जगह से एक जगह ऊपर उठा दिया। श्रीलंका के एन थंगाराजा (67) और डिगबोई के पूर्व विजेता वीर अहलावत (69) नौ-अंडर 207 के कुल स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर रहे। डिगबोई के देवेन भूमिज, जो कट बनाने वाले एकमात्र लोकल प्रोफेशनल हैं, अपने तीसरे राउंड में 73 के स्कोर के बाद चार-ओवर 220 के स्कोर के साथ 42वें नंबर पर रहे। युवराज संधू, जो पहले दिन से ही लीडरबोर्ड में टॉप पर हैं, ने तीसरे राउंड में ज़बरदस्त शुरुआत की, पहले सात होल्स में पांच बर्डी हासिल की, जहां उन्होंने छह से 10 फीट की रेंज से तीन पट लगाए। इसके बाद युवराज ने पार-5 के 15वें होल पर एक और बर्डी लगाई। युवराज, जो इस साल अब तक च्र्ळ्ज्ष् पर सीज़न की कमाई में 1 करोड़ रुपये की कमाई पार करने वाले अकेले खिलाड़ी हैं, ने कहा कि मैंने लगातार दूसरे दिन रेग. ुलेशन में 17 ग्रीन्स मारे, इसलिए मेरी बॉल-स्ट्राइकिग सॉलिड बनी हुई है। पटर ने भी अपना काम किया।

हालांकि, बैक-नाइन पर बर्डी के लिए मैं कुछ फोर-फुटर्स चूक गया, जिससे मेरी प्रोग्रेस थोड़ी धीमी हो गई। इस साल की शुरुआत में पीजीटीआई के विनर विराज मदप्पा, डिगबोई गोल्फ़ लिक्स में अपनी पहली मौजूदगी में ही अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे, जो असम का उनका पहला दौरा भी है। विराज के राउंड में 11वें होल पर ईगल के लिए एक चिप-इन, एक और शानदार चिप जिससे उन्हें 14वें होल पर टैप-इन बर्डी मिली, दो और बर्डी और एक बोगी मिली। सप्तक तलवार (72), जो हाफ़वे स्टेज में दूसरे नंबर पर थे, आठ-अंडर 208 के साथ टाई में पांचवें स्थान पर आ गए।

## रोनाल्डो ने राष्ट्रपति ट्रम्प को कहा शुक्रिया

**वाशिगटन, वार्ता।** पुर्तगाली फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने व्हाइट हाऊस में सऊदी प्रिस मोहम्मद बिन सलमान के लिए आयोजित स्टेट डिनर मे उन्हें और उनकी मंगेतर जॉर्जिना रोड्रिगेज को बुलाए जाने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया है। रोनाल्डो ने ट्रम्प के साथ अपनी और जॉर्जिना रोड्रिगेज की फोटो सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा कि मिस्टर प्रेसिडेंट, आपके निमंत्रण और आपने और प्रथम महिला ने मुझे और मेरी होने वाली पत्नी जॉर्जिना का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया, उसके लिए धन्यवाद। हममें से हर किसी के पास समाज को देने के लिए कुछ ना कुछ है और मैं अपनी ओर से पूरा प्रयास करुंगा।



# गुवाहाटी टेस्ट नहीं खेल पाएंगे शुभमन गिल

## दूसरे टेस्ट में उप कप्तान ऋषभ पंत शुभमन गिल की जगह कप्तान

**गुवाहाटी, वार्ता।** शुभमन गिल पिछले हफ्ते कोलकाता में पहले टेस्ट के दौरान लगी गर्दन की चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हो पाने के कारण शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में शुरू होने वाले भारत के दूसरे टेस्ट से बाहर हो जाएंगे। उप कप्तान ऋषभ पंत उनकी जगह कप्तान होंगे।

माना जा रहा है कि मेडिकल सलाह के अनुसार, अगर गिल इतनी जल्दी खेलते हैं तो उन्हें गर्दन में ऐंठन दोबारा होने का खतरा है। उन्हें और आराम करने की सलाह दी गई है। इस बात का असर 30 नवम्बर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले तीन मैचों के लिए वनडे टीम में उनके सिलेक्शन पर भी पड़ सकता है। उस सीरीज के लिए टीम 23 नवम्बर को चुने जाने की उम्मीद है। गिल के बाहर होने की वजह से, भारत को उनकी जगह साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और नीतीश कुमार रेड्डी में से किसी एक को चुनना पड़ सकता है। कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गिल को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जब उन्होंने भारत की पहली पारी में सिर्फ तीन बॉल खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट होने का फैसला किया था। तीसरे दिन की सुबह, बीसीसीआई ने कहा कि वह टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं लेंगे। भारत 124 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 93 रन पर आउट हो गया और पिच पर अनइवन बाउंस थी, जिसके बाद टीम 30 रन से मैच हार गई। गिल अक्टूबर 2024 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ गर्दन में ऐंठन की वजह से एक टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। गुरुवार को, जब ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला कि गिल मैच नहीं खेल पाएंगे, तो भारत के बैटिग कोच सीतांशु कोटक ने गिल को बाहर किए बिना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अगर ऐंठन दोबारा होने की कोई संभावना है तो टीम उन्हें खिलाने का रिस्क नहीं लेगी। कोटक ने कहा कि वह निश्चित रूप से बहुत अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। अब, (उन्हें खिलाना है या नहीं) यह फैसला कल शाम को लिया जाएगा। फिजियो, डॉक्टरों को यह फैसला करना होगा कि, (भले ही) वह पूरी तरह से ठीक हो जाएं, (खेल के दौरान), उन्हें फिर से वह ऐंठन नहीं होनी चाहिए। अगर हमारे पास यह गारंटी है कि, बहुत संभावना है, उन्हें यह समस्या दोबारा नहीं होगी, तो वह खेलेंगे। अगर कोई शक है, तो मुझे यकीन है कि वह एक और गेम के लिए आराम करेंगे, क्योंकि अगर वह खेलते हैं तो यह टीम के लिए मददगार नहीं होगा। गिल के रिप्लेसमेंट के बारे में सोचते समय भारत के लिए एक चिता यह है कि उनकी टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की संख्या ज़्यादा है। कोलकाता में उनकी एकादश में छह खिलाड़ी थे। टॉप आठ में पांच -और साई सुदर्शन और पडिक्कल, जो लाइन-अप में आने की कोशिश कर रहे थे, वे भी बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं। भारत की लाइन-अप में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की संख्या ज़्यादा होने से कोलकाता में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर को काफी फायदा हुआ। कोटक ने कहा कि ऑफ स्पिनर बनाम बाएं हाथ के बल्लेबाज के मैच पर बहुत ज़्यादा ध्यान दिया गया, और बताया कि दक्षिण अफ्रीका ने कोलकाता में बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को भी खिलाया, जिससे भारत की लाइन-अप को फायदा होना चाहिए था। आप मुझे एक बात बताइए, उनके पास एक बाएं हाथ का स्पिनर भी था। अगर हमारे पास सात दाएं हाथ के बैट्समैन होते, तो? उनके पास एक बाएं हाथ का स्पिनर भी था, और एक ऑफ स्पिनर भी। मेरा मानना है कि आपको अच्छा खेलना होगा। ऑफ स्पिनर का बाएं हाथ के बल्लेबाज को बॉलिंग करने का मतलब यह नहीं है कि बाएं हाथ का बल्लेबाज आउट हो जाए। हमारे पास (कोलकाता में) दो बाएं हाथ के स्पिनर थे, उनके पास नौ दाएं हाथ के बल्लेबाज थे( क्या वे आउट हुए? तो शायद वह बात थोड़ी ओवररेटेड है। ओवररेटेड हो या न हो, इंडिया शायद मैच-अप पर सोचेगा, भले ही वे गुवाहाटी के ट्रैक के लिए तैयारी कर रहे हों, जो कोलकाता के मुकाबले बैटर्स के लिए ज़्यादा आसान होने वाला है। मैच से दो दिन पहले इंडिया के ज़रूरी प्रैक्टिस सेशन से कुछ इशारा मिला कि गिल की जगह कौन आ सकता है। नेट्स में बैटिग करने आए पहले चार बैटर यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, वाशिगटन सुंदर और ध्रुव जुरेल थे। पहले तीन कोलकाता में इंडिया के टॉप तीन थे, और जुरेल ने गिल की गैरमौजूदगी में दूसरी इनिंग्स में नंबर 4 पर बैटिग की थी। साई सुदर्शन अगले नेट्स में थे। इस बीच, पडिक्कल ने नेट्स सेशन के शुरुआती हिस्से में बैटिग नहीं की, लेकिन स्पिनर्स के नेट में पार्ट-टाइम ऑफस्पिन बॉलिंग करते दिखे। सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर रेड्डी, जिन्हें कोलकाता में स्क्वॉड से रिलीज कर दिया गया था ताकि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंडिया ए की लिमिटेड-ओवर्स सीरीज में खेल सकें, ट्रेनिग में वापस आ गए, और साथ में बॉलिंग की। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप फास्ट बॉलर्स के नेट में। अक्षर ने शुरू में बॉलिंग नहीं की, और सेशन शुरू होने के लगभग 45 मिनट बाद ही अपने टीम के साथियों के साथ शामिल हुए। इनमें से कोई भी बात जरूरी नहीं कि भारत के संभावित सिलेक्शन की ओर इशारा करती हो।

# सैन्य क्षमता बढ़ाना जरूरी

अमेरिका ने भारत के लिए दरियादिली का रास्ता खोला है, या जबरदस्ती कर्ज में फंसाने की चाल चली है, यह तो बाद में पता चलेगा। ट्रम्प ने भारत के लिए हथियारों के दरवाजे खोल दिए हैं। भारत अब यूएस से 93 मिलियन डालर (8249379000 रुपये) के हथियार खरीदेगा। इस डील के बाद अब भारत को जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइलों और एक्सकैलिबर प्रिसिजन-गाइडेड आर्टिलरी राउंड्स का नया बैच मिलने का रास्ता साफ हो गया है। ये डील चीन और पाकिस्तान के लिए भारी साबित होगी। डील में मिलने वाले हथियारों से दोनों देशों की रातों की नींद उड़ जाएगी। दुश्मन के टैंक के लिए तो ये तबाही साबित होंगे। ये अमेरिका की चाल है या भारत अपने रक्षा सिस्टम में बढ़ोतरी करना चाहेगा, क्योंकि आज दुनिया विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी है। भारत के एक तरफ चीन और पाकिस्तान हैं, तो दूसरी तरफ बांग्लादेश है। इसलिए हमें अभी से चौकन्ना रहना है। इसका नतीजा ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए पाकिस्तानी सेना के हमले से निकला है। अगर भारत के पास रूस का एस-400 एंटी मिसाइल सिस्टम नहीं होता, तो भयंकर परिणाम हो सकते थे। इसलिए भारत को अपनी सेना की ताकत बढ़ाना आज के समय में जरूरी है। भारत को यह देखना होगा कि उसे अमेरिका ने हथियार देने का जो रास्ता खोला है, वह कहीं कुटिल चाल न हो। अमेरिकी एजेंसी डीएससीए ने अपने बयान में कहा है कि प्रस्तावित बिक्री से भारत की मौजूदा और भविष्य के खतरों का सामना करने की क्षमता में सुधार होगा। देश की सुरक्षा मजबूत होगी और क्षेत्रीय खतरों को रोका जा सकेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि भारत को इन चीजों और सेवाओं को अपनी सेना में शामिल करने में कोई मुश्किल नहीं होगी। अमेरिका ने एक्सकैलिबर गाइडेड आर्टिलरी राउंड की बिक्री को भी मंजूरी दी है। इसकी कीमत लगभग 47 मिलियन डॉलर है, जिससे कुल कीमत लगभग 93 मिलियन डॉलर हो गई है। बता दें कि जेवलिन सिस्टम आरटीएक्स और लॉकहीड मार्टिन ने मिलकर बनाए हैं, जिससे पैदल सेना की यूनिट लंबी दूरी पर बख्तरबंद टारगेट पर बहुत सटीकता से हमला कर सकती हैं। एक्सकैलिबर राउंड आर्टिलरी यूनिट के लिए ळचै-गाइडेड सटीकता देते हैं, यह एक ऐसी क्षमता है जिसका इस्तेमाल भारत पहले भी कोलेटरल डैमेज को कम करने के लिए कर चुका है। डीएससीए ने इन प्रस्तावों को ट्रांसफर करने के बारे में औपचारिक तौर पर जानक. ारी साझा की है। भारत को इन सभी सैन्य हथियारों को अपनी सेना में शामिल करने में किसी भी प्रकार की मुश्किल नहीं होने वाली है। इस उपकरण की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा। जेवलिन दुनिया की सबसे एडवांस पोर्टेबल एंटी-टैक गाइडेड मिसाइल है। एक बार फायर हो जाने के बाद सैनिक को निशाना बनाए रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यह मिसाइल खुद लक्ष्य को ढूंढ़ती है और टारगेट करती है। इससे पहले भारत फ्रांस से राफेल फाइटर खरीद चुका है, जो दुश्मन पर भारी पड़ रहे हैं। हमारे देश की सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना है। सरकार को चाहिए कि देश की सेना नंबर एक पर आ जाए, तो फिर कोई भी आंख उठाने की जुर्रत नहीं कर सकेगा। क्योंकि अभी चीन और पाकिस्तान समय-समय पर भारत को आंख दिखाते रहे हैं। कुल मिलाकर जब सभी देश अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहे हैं, तो भारत पीछे क्यों रहे, लेकिन खरीदारी भी संयम के साथ करनी होगी, जिससे देश के विपक्ष और जनता में सकारात्मक संदेश जा सके।


## भारत के लिए चिंताजनक रिपोर्ट



अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की हाल में आई वार्षिक रिपोर्ट को भारत के लिए चिंताजनक है, इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, उक्त रिपोर्ट करीब 800 पेज की है और इसके पृष्ठ 108 और पृष्ठ 109 में दिए उल्लेख आश्चर्यजनक और समझ से परे हैं, रिपोर्ट में पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान द्वारा आयोजित विद्रोही हमला बताया गया है, रिपोर्ट में इसके बाद चार दिन चले संघर्ष में भारत पर पाकिस्तान की सैन्य सफलता बताया गया है, क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे।

**-जयराम रमेश**
**प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# SIR सिर्फ आरोप से काम नहीं चलेगा





**यशोदा श्रीवास्तव**

**चुनाव आयोग खुलकर सत्ता पक्ष के लिए यूपी विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव की बिसात बिछा रहा है उधर विपक्ष बैठकें करने में व्यस्त है। बड़ा सवाल यह है कि जब एसआईआर चल रहा है तब विपक्ष के लोग कहां हैं? बात केवल यूपी की करें तो यहां साफ साफ दिख रहा है कि एसआईआर एक पक्षीय चल रहा है। बीएलओ से लेकर सरकारी अमला, भाजपा और संघ के लोग सब इसमें शामिल है, लेकिन यह सब आसानी से होने क्यों दिया जा रहा है? सरकारी अमला तो सरकार के लोग होते हैं, वे वही करेंगे जो सरकार चाहेगी। और यह आज की बात नहीं है।**

एस आई आर क्यों? इस सवाल का कोई मतलब नहीं। इस सवाल का भी कोई मतलब नहीं कि बिहार के बाद सिर्फ 12 राज्यों में ही एस आई आर क्यों? म्यांमार, जहां से सर्वाधिक रोहिंग्या घुसपैठ कर सीमावर्ती भारतीय प्रदेशों में विराजमान हैं जैसा कि कहा जाता है,लेकिन म्यांमार के सीमावर्ती भारतीय प्रदेशों में एस आई आर की जरूरत चुनाव आयोग ने बिल्कुल नहीं महसूस की। यह तय है कि विपक्ष कितना भी चिल्ल पों कर लें यूपी में 2027 का विधानसभा चुनाव और 2029 में लोकसभा चुनाव एस आई आर के जरिए परिवर्तित वोटर लिस्ट से ही होना है। दरअसल चुनाव आयोग आगामी इसी चुनाव की बिसात बिछा रहा है।

एसआईआर की विसंगतियां हजार है। जैसे बीएलओ जिन्हें एसआईआर फार्म घर घर पहुंचाने की जिम्मेदारी है,वह लगभग नहीं हो रहा है। जागरूक लोगों को बीएलओ को ढूंढ कर एसआईआर फार्म लेना पड़ रहा है। राजस्थान से लेकर यूपी में ऐसे हजारों उदाहरण मौजूद हैं। यूपी के एक भाजपा विधायक के वायरल वीडियो पर यकीन करें तो वह अपने लोगों से बहुत साफ शब्दों में कह रहा है कि विपक्षी वोटरों के नाम उड़ा दिए जाएं। दरअसल चुनाव आयोग की मंशा भी यही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के खिलाफ बड़ा आंदोलन चलायाए लेकिन क्या हुआ, किसने सुनी उनकी बात? उलटे 272 पूर्व जज और नौकरशाहों ने राहुल के खिलाफ चिट्ठी लिखकर विरोध जताया कि वे चुनाव आयोग जैसी पवित्र संस्था को बदनाम कर रहे हैं। इन नौकरशाहों को ब्राजील की मॉडल का भारतीय वोटर लिस्ट में शामिल होकर कई जगहों पर मतदान करना गलत नहीं लगा और न ही बिहार में बीच चुनाव सरकारी खजाने से लाखों महिलाओं को दस दस हजार की इमदाद भी अचंभित नहीं किया। जब दो पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त मौजूदा चुनाव आयोग दिशा हीन बता रहा है तब लोकसभा में बहुमत के आंकड़े के बराबर 272 पूर्व नौकरशाहों का राहुल के खिलाफ खुलकर आना हैरान करने वाला है। तो क्या पूर्व नौकरशाहों के खुला विरोध को राहुल के खिलाफ महाभियोग माना जाए?

इधर चुनाव आयोग खुलकर सत्ता पक्ष के लिए यूपी विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव की बिसात बिछा रहा है उधर विपक्ष बैठकें करने में व्यस्त है। बड़ा सवाल यह है कि जब एसआईआर चल रहा है तब विपक्ष के लोग कहां हैं? बात केवल यूपी की करें तो यहां साफ साफ दिख रहा है कि एसआईआर एक पक्षीय चल रहा है। बीएलओ से लेकर सरकारी अमला, भाजपा और संघ के लोग सब इसमें शामिल है, लेकिन यह सब आसानी से होने क्यों दिया जा रहा है? सरकारी अमला तो सरकार के लोग होते हैं, वे वही करेंगे जो सरकार चाहेगी। और यह आज की बात नहीं है। पहले भी सरकारें ऐसे ही करती रही हैं, लेकिन सत्ता में विराजमान राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं के समतूल्य विपक्षी दलों के लोग ऐसा क्यों नहीं कर पाते? यूपी में प्रमुख विपक्षी दल सपा है। आगामी विधानसभा चुनाव में इसे सत्ता के लिए जंग करनी है, लेकिन यह पार्टी भी पूरे यूपी में कुछ जगहों को छोड़ कर एस आई आर को लेकर शायद ही कहीं और दिख रही हो। हां वाट्सएप पर इनके ज्ञान की भरमार है। वे जानते हैं कि उनके कोर वोटर कौन हैं और इन्हीं वोटरों को सहेजने में वे विफल हो रहे हैं। दूसरी पार्टी कांग्रेस है। यूपी के लिए फिलहाल इसकी बात ही क्या करना। इसी मुद्दे को लेकर हाल ही उसकी दिल्ली में हाई लेवल की बैठक हुई, इस बैठक में जो भी निर्णय लिए गए हों, उसका धरातल पर उतरना आसान नहीं है। यूपी में कांग्रेस के अभी छह सांसद हैं। सपा के साथ मिलकर 17 सीटों पर लड़ी थी। हारी हुई सीटों पर भी कांग्रेस की स्थिति सम्मान जनक थी। विधानसभा में कांग्रेस के सिर्फ दो विधायक हैं। एसआईआर को लेकर यह दो विधायक कितना कुछ कर पाएंगे, बताने की जरूरत नहीं। यहां संगठन भी हवा-हवाई है। जिला कमेटी को छोड़ दीजिए बाकी ब्लाक स्तर की कमेटियां कहने भर को है। प्रदेशभर में एसआईआर को लेकर इक्का-दुक्का जिला अध्यक्ष ही सक्रिय हैं बाकी सब के सब सुषुप्तावस्था में हैं। न्याय पंचायत और बूथ स्तर पर इनका कुछ नहीं है। चुनाव आयोग ने व्यवस्था दी है कि सरकारी बीएलओ के अलावा राजनीतिक पार्टियां अपना बीएलओ भी नियुक्त कर सकती हैं ताकि चुनाव आयोग पर वोट काटने और जोड़ने का तोहमत न लगे। कांग्रेस इसमें भी सुस्त है। एसआईआर को लेकर विपक्ष के लापरवाह व सुस्ती का फायदा सत्ता पक्ष के कार्यकर्ता खूब उठा रहे हैं। वे सक्रिय हैं तो अपनी वाली कर रहे हैं, विपक्ष को सक्रिय होने से कौन रोका है? विपक्ष यह समझने की भूल कर रहा है कि यह सामान्य एस आई आर नहीं है। इस एस आई आर का मूल सिद्धांत ही कुछ और है। बिहार चुनाव में बुरी तरह पराजित कांग्रेस इस खुशफहमी में हो सकती है कि वहां सर्वाधिक 65 लाख वोटर आउट किए जाने के बाद भी उसे औसतन करीब 71 हजार वोट प्रति विधानसभा सीट हासिल हुए,वह भी तब जब ओवैसी से लेकर बसपा, जन सुराज, आम आदमी पार्टी सहित अन्य छोटी पार्टियां महागठबंधन को ही नुकसान पहुंचाने के लिए ही चुनाव मैदान में थीं। आखिर यह पार्टियां तो यूपी विधानसभा चुनाव में भी होंगी और लोकसभा चुनाव में भी। आखिर इनसे निपटने या मैनेज करने का प्लान कांग्रेस के पास क्या है? दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने अपनी ही पार्टी से सवाल किया कि बिना संगठन के हम क्या करें? धरातल पर कोई संगठन ही नहीं है। बैठक में निसंदेह और लोगों ने भी ऐसा ही महसूस किया होगा, लेकिन कांग्रेस आलाकमान शादी डांट काम के जरिए कांग्रेस की रणनीति कार का हिस्सा बन बैठे लोगों के अलावा और किसी की सुनें तब न। कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्यों पर गौर करें तो वह पूरा का पूरा दक्षिण भारतीयों के कब्जे में है। कांग्रेस वर्किंग कमिटी में करीब दो सौ सदस्य दक्षिण भारत से ही हैं। इसके अलावा ढेर सारे ऐसे लोग हैं जो या तो भाजपा नेताओं से गलबहियां करते घूम रहे हैं या फिर बिना धरातल पर झांके कांग्रेस को दिल्ली की सत्ता में वापसी का ख्वाब दिखा रहे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्यों उठ रहे चुनाव आयोग पर सवाल

**बहरहाल चुनाव चाहे किसी राज्य की सरकार का हो या केंद्र की सरकार का, हर राजनैतिक दल मतदाताओं को लुभाने की मंशा से ऐसे कई वादे करते हैं जो वास्तव में सच नहीं किए जाते। यदि जनता को चुनावों में किए गए वादों और उन्हें पूरा किए जाने के अंतर की देखा जाए तो यह अंतर काफी बड़ी संख्या में पाया जाएगा। चुनावों से पहले ऐसे वादे हर राजनैतिक दल द्वारा किए जाते हैं। जिस तरह बिहार की जनता ने एक बार फिर से नीतीश कुमार में अपना विश्वास जताया है उससे यह बात तो तय है कि जनता को किए गए चुनावी वादे काफी लुभावने थे। परंतु मतदाताओं यह सोचना होगा कि वादों की सूची और उन्हें पूरा करने में जिस भी दल का अंतर सबसे कम हो वही दल जनता के हित की सोचता है, तभी उसी दल को चुना जाता है।**




**रजनीश कपूर**

हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में चुनाव आयोग की भूमिका और उस पर उठते सवालों ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर बहस छेड़ दी है। एनडीए की ऐतिहासिक जीत और महागठबंधन (इंडिया एलायंस) की करारी हार के बीच, मुख्य सवाल यही उठा कि क्या चुनाव आयोग ने अपने संवैधानिक कर्तव्यों का सही तरह से निर्वहन किया? साथ ही, आचार संहिता के उल्लंघन, राजनीतिक दलों के आचरण और आयोग पर दोहरे मानदंडों के आरोपों ने भी चुनावी निष्पक्षता की मूल भावना को चुनौती दी है। हाल के चुनावों में चुनाव आयोग पर पक्षपात और दोहरे मानदंड अपनाने के आरोप लगे। खास तौर पर, कांग्रेस और महागठबंधन ने वोटर लिस्ट, अधिकारियों की नियुक्ति और निष्पक्ष मतदान पर गंभीर सवाल खड़े किए। आरोप है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में वोटर लिस्ट से लाखों नाम हटा दिए गए या मनमाने ढंग से जोड़े-घटाए गए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आयोग ने भाजपा शासित राज्यों से चयनित नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को चुनावी पर्यवेक्षक नियुक्त कर पक्षपातपूर्ण रवैया दिखाया। विपक्ष ने मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि आयोग की प्रक्रिया आम जनता का भरोसा कायम नहीं रख पा रही है।

इस चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दलों के सोशल मीडिया पर भड़काऊ, जातिवादी और भ्रामक कंटेंट साझा होने के आरोप लगे। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने ऐसे लगभग 21 एफआईआर दर्ज किए, जिनमें भाजपा, राजद और कांग्रेस जैसे बड़े दलों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। कई सोशल मीडिया हैंडल्स पर तो गुमराह करने वाले AI- जनित वीडियो और डीपफेक कंटेंट डालने के आरोप मिले, जिन्हे तुरंत हटवाया गया। आयोग द्वारा आचार संहिता के पालन के लिए सोशल मीडिया पर निगरानी करने की व्यवस्था थी, परंतु बड़ी संख्या में भड़काऊ और गुमराह करने वाले पोस्ट सामने आए, जिससे आयोग की प्रभावशीलता को लेकर सवाल भी उठे। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनाव आयोग की सबसे अहम जिम्मेदारी है, चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना। आयोग को अपने हर कदम पर समानता और पारदर्शिता का पालन करना चाहिए। आयोग की साख को बहाल करने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाने चाहिए। जैसे कि सभी दलों की शिकायतों की सार्वजनिक व स्वतंत्र जांच। पर्यवेक्षकों और चुनावी कर्मियों की निष्पक्ष नियुक्ति जो कि राजनीतिक झुकाव से दूर रहते हुए की जाए।वोटर लिस्ट की शुद्धता और अद्यतन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना। सोशल मीडिया व डिजिटल प्रचार पर कठोर निगरानी और दोषियों पर तत्काल कार्रवाई।आचार संहिता उल्लंघन पर बिना किसी भेदभाव के उचित व सख्त न्यायिक कार्यवाही। वहीं देखा जाए तो महागठबंधन (इंडिया एलायंस) रणनीतिक स्तर पर संगठित नहीं हो सका। सीट शेयरिंग, यानी सीटों का बंटवारा, चुनाव से ठीक पहले तय हुआ, जिससे अभियान की गति और एकता दोनों प्रभावित रहीं। तेजस्वी यादव के देर से सक्रिय चुनाव प्रचार, गठबंधन में सहयोगी दलों के मतभेद और साझा विजन की कमी ने विपक्ष की प्रभावशीलता कम कर दी। साथ ही, कांग्रेस जैसी सहयोगी दल जमीनी स्तर पर मतदाताओं को लाम. बंद करने में नाकाम रही। ऐसे समय में जब एनडीए अपनी एकजुटता दिखा रहा था, महागठबंधन अपनी आंतरिक समस्याओं में उलझ कर रह गया। महागठबंधन ने मुख्य रूप से सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इन्कम्बेंसी) पर ज्यादा दांव लगाया, जबकि एनडीए ने अपनी स्थिरता, विकास, और समावेशिता के एजेंडा के साथ मतदाताओं को बेहतर तरीके से साधने में सफल रहा। जातिगत समीकरणों को लेकर महागठबंधन ने पारंपरिक रणनीति अपनाई, परंतु दलित, महिला, और अति पिछड़ा वर्ग को खास तौर पर टार्गेट करके एनडीए ने अपने पुराने वोट बैंक के दायरे को काफी विस्तार दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनोरंजन से मानसिक क्रांति तकः टीवी का बदला चेहरा





**योगेश कुमार गोयल**

ब्लैक एंड व्हाइट बुद्धू बक्सा (टेलीविजन) अपने सहज प्रस्तुतिकरण के दौर से गुजरते हुए कब आधुनिकता के साथ कदमताल करते हुए सूचना क्रांति का सबसे बड़ा हथियार और हर घर की अहम जरूरत बन गया, पता ही नहीं चला। यह दुनिया जहान की खबरें देने और राजनीतिक गतिविधियों की सूचनाएं उपलब्ध कराने के अलावा मनोरंजन, शिक्षा तथा समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं को उपलब्ध कराने, प्रमुख आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए समूचे विश्व के ज्ञान में वृद्धि करने में मदद करने वाला एक सशक्त जनसंचार माध्यम है। यह संस्कृतियों और रीति-रिवाजों के आदान-प्रदान के रूप में मनोरंजन का सबसे सस्ता साधन है, जो तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पूरी दुनिया के ज्ञान में असीम वृद्धि करने में मददगार साबित हो रहा है। मानव जीवन में टीवी की बढ़ती भूमिका तथा इसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है।

संचार और वैश्वीकरण में टेलीविजन की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इसके महत्वों को रेखांकित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की जरूरत महसूस की गई और आम जिंदगी में टीवी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आखिरकार टीवी के आविष्कार के करीब सात दशक बाद वर्ष 1996 में विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की घोषणा कर दी गई। दरअसल टीवी के आविष्कार को सूचना के क्षेत्र में एक ऐसी क्रांति का आविष्कार माना गया है, जिसके जरिए समस्त दुनिया हमारे करीब रह सकती है और हम अब घर बैठे ही दुनिया के किसी भी कोने में होने वाली घटनाओं को लाइव देख सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार 21 तथा 22 नवम्बर 1996 को विश्व टेलीविजन मंच का आयोजन करते हुए टीवी के महत्व पर चर्चा करने के लिए मीडिया को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया था। उस दौरान विश्व को परिवर्तित करने में टीवी के योगदान और टीवी के विश्व पर पड़ने वाले प्रभावों के संदर्भ में व्यापक चर्चा की गई थी। उसी के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा में 17 दिसम्बर 1996 को एक प्रस्ताव पारित करते हुए प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाने का निर्णय लिया गया और तभी से प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को ही यह दिवस मनाया जाता रहा है। इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन का आविष्कार 1927 में हुआ माना जाता है और उसके करीब 32 साल बाद इलैक्ट्रॉनिक टेलीविजन ने भारत में पहला कदम रखा। भारत में टीवी का पहला प्रसारण प्रायोगिक तौर पर दिल्ली में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना के साथ 15 सितम्बर 1959 को शुरू किया गया। उस समय टीवी पर सप्ताह में केवल तीन दिन ही मात्र तीस-तीस मिनट के कार्यक्रम आते थे, लेकिन इतने कम समय के बेहद सीमित कार्यक्रमों के बावजूद भी टीवी के प्रति लोगों का लगाव बढ़ता गया और यह बहुत जल्द लोगों की आदत का अहम हिस्सा बन गया। दूरदर्शन का व्यापक प्रसार हुआ वर्ष 1982 में दिल्ली में हुए एशियाई खेलों के आयोजन के प्रसारण के बाद। दूरदर्शन द्वारा अपना दूसरा चौनल 26 जनवरी 1993 को शुरू किया गया और उसी के बाद दूरदर्शन का पहला चौनल डीडी-1 और दूसरा नया चौनल डीडी-2 के नाम से लोकप्रिय हो गया, जिसे बाद में डीडी मैट्रो नाम दिया गया। भले ही टीवी के आविष्कार के इन दशकों में इसका स्वरूप और तकनीक पूरी तरह बदल चुकी है लेकिन इसके कार्य करने का मूलभूत सिद्धांत अभी भी पहले जैसा ही है। हालांकि किसी भी वस्तु के अच्छे और बुरे दो अलग-अलग पहलू भी हो सकते हैं। कुछ ऐसा ही सूचना एवं संचार क्रांति के अहम माध्यम टीवी के मामले में भी है। एक ओर जहां यह मनोरंजन और ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है और नवीनतम सूचनाएं प्रदान करते हुए समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, वहीं इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते रहे हैं। टेलीविजन की ही वजह से ज्ञान, विज्ञान, मनोरंजन, शिक्षा, चिकित्सा इत्यादि तमाम क्षेत्रों में बच्चों से लेकर बड़ों तक की सभी जिज्ञासाएं शांत होती हैं। अगर नकारात्मक पहलुओं की बात करें तो टीवी के बढ़ते प्रचलन के साथ-साथ इस पर प्रदर्शित होते अश्लील, हिंसात्मक, अंधविश्वासों का बीजारोपण करने तथा भय पैदा करने वाले कार्यक्रमों के कारण हमारी संस्कृति, आस्था और नैतिक मूल्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

टीवी पर विभिन्न कार्यक्रमों में लगातार हत्या और बलात्कार जैसे दृश्य दिखाने से बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित होता है। मौजूदा समय में टीवी मीडिया की सबसे प्रमुख ताकत के रूप में उभर रहा है और मीडिया का हमारे जीवन में इस कदर हस्तक्षेप बढ़ गया है कि टीवी के वास्तविक महत्व के बारे में अब लोगों को पर्याप्त जानकारी ही नहीं मिल पाती। देश में जहां दूरदर्शन की शुरुआत के बाद दशकों तक दूरदर्शन के ही चौनल प्रसारित होते रहे, वहीं 1990 के दशक में निजी चैनल शुरू होने की इजाजत मिलने के साथ एक नई सूचना क्रांति का आगाज हुआ। इन तीन दशकों में निजी चौनलों को लगातार मिलते लाइसेंस के चलते अब देशभर में टीवी पर करीब एक हजार चौनल प्रसा. रित होते हैं। इससे दूरदर्शन जैसे माध्यम कमजोर हो गए हैं और अब हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां सूचना व संचार माध्यमों ने हमें इस कदर अपना गुलाम बना लिया है कि इनके अभाव में जीवन की कल्पना ही नहीं कर सकते। हालांकि ढ़ेर सारे टीवी चैनलों की बदौलत जहां ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा, सूचना आदि के स्रोत बढ़े हैं, वहीं चिंताजनक स्थिति यह है कि टीआरपी की बढ़ती होड़ में बहुत से निजी टीवी चैनल जिस प्रकार गलाकाट प्रतिद्वंद्विता के चलते समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की अनदेखी करते हुए दर्शकों के समक्ष कुछ भी परोसने को तैयार रहते हैं, उससे युवा पीढ़ी दिशाहीन हो रही है और जनमानस में गलत संदेशों का बीजारोपण होता है। इसीलिए मांग उठने लगी है कि दिशाहीन टीवी कार्यक्रमों के नकारात्मक प्रभावों पर अंकुश लगाने और अपसंस्कृति के प्रसार को रोकने के लिए इन पर कुछ कड़े कानूनी प्रतिबंधों का प्रावधान होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# समुद्र में आर्टिफिशियल आइलैंड बना रहा पाकिस्तान

## आईलैंड तेल के 25 कुएं खोदे जाएंगे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के समर्थन के बाद उठाया कदम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पहलीसमुद्र में आर्टिफिशियल आइलैंड (कृत्रिम द्वीप) बनाने जा रहा है। शहबाज सरकार ने अरब सागर में इस आइलैंड को बनाने की मंजूरी दे दी है। इसे समुद्र में तेल की खोज (आयल एक्सप्लोरेशन) के लिए स्थाई प्लेटफार्म की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड (पीपीएल) लीड करेगी।

पाकिस्तान ने यह फैसला ट्रम्प का समर्थन मिलने के बाद किया है। ट्रम्प ने जुलाई में ऐलान किया था कि अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर पाकिस्तान के बड़े तेल भंडार विकसित करेंगे। उन्होंने यहां तक कहा था कि अगर ये तेल मिला, तो भारत भी इसे खरीद सकता है। अब पाकिस्तान इस आर्टिफिशियल आइलैंड की मदद से अरब सागर में 25 तेल-कुएं खोदने की योजना बना रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक यह आर्टिफिशियल आइलैंड सिंध के तट से करीब 30 किमी दूर, सुजावल इलाके के पास बनाया जा रहा है। सुजावल कराची से लगभग 130 किमी दूर है। आइलैंड को समुद्र की ऊंची लहरों से बचाने के लिए 6 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है। पहले समुद्री लहरों की वजह से जिन ड्रिलिंग प्रोजेक्ट्स में रुकावटें आई थीं, उन्हें दूर किया जा सकेगा। आइलैंड के फरवरी तक तैयार होने की उम्मीद है। भारी मशीनरी और सप्लाई को एक स्थिर प्लेटफार्म से संचालित करने से खर्च में लगभग 33 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। पहले मौसम के कारण बार-बार देरी होती थी, जिससे लागत बढ़ जाती थी।



■ ट्रम्प ने जुलाई में ऐलान किया था: अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर पाकिस्तान के बड़े तेल भंडार विकसित करेंगे

पीपीएल के मुताबिक यहां 24 घंटे ड्रिलिंग चल सकेगी। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितम्बर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। डान की रिपोर्ट मुताबिक, पाकिस्तान ने इस इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया था। इसके बाद यहां तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंदुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार हो सकता है। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका के पास सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया। पाकिस्तान अगर तेल और गैस को निकालने में कामयाब हो गया तो यह उसकी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद साबित होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, भंडार से जुड़ी रिसर्च पूरी करने में करीब 42 हजार करोड़ का खर्च आएगा। इसके बाद समुद्र की गहराई से इसे निकालने में 4-5 साल लग सकते हैं। अगर रिसर्च सफल रही तो तेल और गैस को निकालने के लिए कुएं लगाने और बाकी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में और ज्यादा पैसे की जरूरत होगी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने तेल और गैस भंडार मिलने को देश की 'ब्लू वाटर इकोनामी' के लिए अच्छा बताया है। समुद्री रास्तों, नए बंदरगाहों और सामुद्रिक नीति (मैरीटाइम पालिसी) के जरिए अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना ही ब्लू इकोनामी कहलाता है। पाकिस्तान विश्व में कच्चे तेल के भंडार में 50वें स्थान पर है।



नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण धुंध के बीच सड़क पर वाहन चलते हुए।

## वियतनाम में बाढ़ से मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हुई

**हनोई।** वियतनाम के मध्य क्षेत्र में भारी बारिश एवं बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है जबकि पांच अन्य लोग लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने गुरुवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, 43200 से अधिक घर जलमग्न हो गए हैं जबकि 91 अन्य क्षतिग्रस्त हुए हैं। बाढ़ के कारण 10000 हेक्टेयर से अधिक धान एवं अन्य फसलें जलमग्न हो गई हैं तथा 6500 से अधिक पशुधन और मुर्गियों की मौत हो गई हैं या फिर बह गई हैं। इस बीच, बिजली की कटौती होने से 553200 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं।

## अमेरिकी सैन्य अधिकारी संघर्ष समाप्ति पर वार्ता के लिए यूक्रेन पहुंचे

**वाशिंगटन।** पेंटागन के वरिष्ठ अधिकारी रूस के साथ युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा करने के लिए यूक्रेन पहुंचे हैं। यह जानकारी बीबीसी ने गुरुवार को अमेरिकी सेना के हवाले से दी। अमेरिकी सेना के सचिव डैन ड्रिस्कॉल के नेतृत्व में टीम की आज कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मिलने की उम्मीद है जब वे तुर्की की यात्रा से लौटेंगे। बुधवार से ऐसी खबरें प्रसारित हो रही है कि अमेरिका और रूस ने एक नई शांति योजना तैयार की है जिसमें यूक्रेन को बड़ी रियायतें देने की बात की गई है लेकिन न तो वाशिगटन और न ही मास्को ने इस योजना की आधिकारिक पुष्टि की है। इससे पहले, यूक्रेन के पश्चिमी शहर टेरनोपिल पर रूसी मिसाइल एवं ड्रोन हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए थे। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू किया था। सेना के प्रवक्ता कर्नल डेविड बटलर ने एक बयान में कहा कि सचिव ड्रिस्कॉल और उनकी टीम प्रशासन की ओर से आज सुबह कीव पहुंचे, ताकि वे यूक्रेनी अधिकारियों से मुलाकात कर सकें और युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा कर सकें।

# दावा: ऑपरेशन सिंदूर में पाक ने भारत को हराया

## अमेरिकी रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी अटैक न मानकर विद्रोही हमला माना गया

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन की लड़ाई (ऑपरेशन सिंदूर) में पाकिस्तान को बड़ी सैन्य कामयाबी मिली थी। इस रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला न मानकर विद्रोही हमला माना गया है। 800 पन्नों की इस रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने जारी किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने कम से कम 6 भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया, जिनमें राफेल जेट भी शामिल हैं।

इससे राफेल की इमेज को नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट कहती है कि वास्तविक रूप से सिर्फ तीन भारतीय विमानों के गिराए जाने की पुष्टि होती है। यूएससीसी का कहना है कि चीन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध का इस्तेमाल अपने आधुनिक हथियारों को लाइव वार में टेस्ट करने और दुनिया को दिखाने के लिए किया। लड़ाई के बाद दुनियाभर में चीनी दूतावासों ने अपने हथियारों की तारीफ की और कहा कि पाकिस्तान ने इनके इस्तेमाल से भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के 5 महीने बाद चीन ने इंडोनेशिया को 75 हजार करोड़ रुपये में 42 जे-10सी फाइटर जेट बेचने की डील की थी। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस लड़ाई में चीन से मिले

**रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने किया जारी**

हथियारों का इस्तेमाल किया और अपने सैन्य फायदे को दुनिया के सामने रखा। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने चीन के एचआईक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम, पीएल-15 मिसाइलें और जे-10 फाइटर जेट का इस्तेमाल किया। भारत का दावा है कि पाकिस्तान को इस दौरान चीन से खुफिया जानकारी (इंटेलिजेंस) भी मिली। हालांकि पाकिस्तान ने इसे नकार दिया और चीन ने इस पर कुछ भी साफ नहीं कहा। रिपोर्ट के मुताबिक 2019/2023 के बीच पाकिस्तान के 82 प्रतिशत हथियार चीन से आए हैं। 90 के आखिरी दशक में जब चीन बहुत तेजी से आर्थिक और तकनीकी तौर पर ताकतवर हो रहा था तो अमेरिका में इसे लेकर चिंता बढ़ी। अमेरिकी नेता यह मानने लगे कि चीन से आने वाले आर्थिक फायदे और सुरक्षा खतरे दोनों को साथ-साथ समझना जरूरी है। ऐसे में चीन पर नजर रखने के लिए एक कमेटी बनाई गई जिसका काम यह पता लगाना था कि चीन की आर्थिक या तकनीकी गतिविधि अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा तो नहीं बन रहीं, यूएससीसी खुद कोई कार्रवाई नहीं करती, बस रिपोर्ट बनाकर अमेरिका की संसद को देती है। आयोग की सिफारिशों को अंतिम रिपोर्ट में शामिल करने के लिए, उन्हें कम से कम 8 सदस्यों (दो-तिहाई) के समर्थन की जरूरत होती है। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने यूएससीसी की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। अखबार लिखता है कि यूएससीसी ने एक बार फिर से चीन की आर्थिक, तकनीकी और सुरक्षा क्षेत्र में हो रही तरक्की को ऐसे दिखाया गया है कि जैसे वह दुनिया के लिए खतरा हो। अभी का रवैया दिखाता है कि यह रिपोर्ट राजनीतिक मकसद से लिखी गई है और हकीकत का पूरी निष्पक्षता से विश्लेषण नहीं करती। आयोग के भीतर चीन को लेकर भारी गलतफहमियां और अहंकार मौजूद है। अखबार आगे लिखता है कि अमेरिका को चीन को और ज्यादा बेहतर तरीके से समझने की जरूरत है। अखबार का कहना है कि चीन की हथियार इंडस्ट्री के विकास को लेकर आरोप लगाना या उसे गलत तरीके से पेश करना, किसी भी संप्रभु देश के अपनी रक्षा क्षमता बढ़ाने के मूल अधिकार को नकारने जैसा है। अखबार ने लिखा-अमेरिका सप्लाई चेन को हथियार जैसे इस्तेमाल करता है।

### ट्रम्प बोले: 350 प्रतिशत की धमकी पर मोदी का फोन आया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उन्होंने 350 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाई थी। ट्रम्प ने अमेरिका-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम में कहा कि मुझे सबसे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का फोन आया था। उन्होंने शुक्रिया कहा और बताया कि मैंने लाखों जानें बचाई हैं। इसके बाद ट्रम्प ने दावा किया कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया। मोदी ने कहा कि हम खत्म कर चुके हैं। ट्रम्प ने पूछा कि क्या खत्म कर चुके हो? इस पर मोदी ने बताया कि हम जंग नहीं करने जा रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों निशाना बनाया गया। 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ। ट्रम्प ने 60 से ज्यादा बार जंग रुकवाने का दावा किया ट्रम्प ने ही सबसे पहले सोशल मीडिया पर सीजफायर की जानकारी दी थी। उन्होंने ये दावा किया था कि उनकी वजह से ही संघर्ष थमा है।

## जूनियर ट्रम्प ने ताजमहल देखा



**आगरा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे जूनियर ट्रम्प ताजमहल देखने के लिए गुरुवार को आगरा पहुंचे। जूनियर ट्रम्प अपनी पत्नी और कुछ दोस्तों के साथ ताज महल का दीदार करने के लिए करीब साढ़े तीन बजे पहुंचे और डेढ़ घंटे तक ताजमहल के अंदर रहे।

ताजमहल के अंदर डायना टेबिल पर फोटो सेशन कराया। गाइड नितिन सिंह ने जूनियर ट्रम्प को ताजमहल का दीदार कराया। गाइड नितिन सिंह ने डोनाल्ड ट्रम्प को भी ताजमहल का दीदार कराया था। जूनियर ट्रम्प की सुरक्षा के लिहाज से भी कड़े इंतजाम किए गए थे। आगरा आने पर स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कई थानों का फोर्स लगाई गई थी। इसके अलावा स्थानीय सूचना तंत्र भी अलर्ट था। अमेरिका के कुछ सुरक्षा कर्मी भी साथ में थे। ताजमहल के अंदर जब प्रवेश हुआ तो सीआईएसएफ ने सुरक्षा का घेरा बना लिया और कड़ी सुरक्षा के बीच ताजमहल का दीदार कराया गया। जूनियर ट्रम्प दिल्ली से विशेष वाहन से आगरा आए थे और दोपहर में एक होटल में भोजन के उपरांत ताजमहल देखने पहुंचे थे।

## दक्षिण कोरिया में 267 यात्रियों को ले जा रही नौका समुद्र में फंसी, कोई हताहत नहीं

**सोल।** दक्षिण कोरिया के पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में बुधवार को 267 यात्रियों को ले जा रही एक यात्री नौका फंस गई। समाचार एजेंसी योनहास ने यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार कल रात 8:17 बजे (1117 जीएमटी) तट रक्षक बल को सूचना मिली कि 246 यात्रियों और 21 चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रही नौका राजधानी सोल से लगभग 310 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में सिनान काउंटी के एक द्वीप के पास फंस गई है। यह नौका दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप जेजू से रवाना होकर दक्षिण-पश्चिमी बंदरगाह शहर मोकपो की ओर जा रही थी। कथित तौर पर जहाज द्वीप के पास पहुंचते समय एक डूबी हुई चट्टान से टकरा गया।

# आईएईए ने ईरान से हमलों में प्रभावित सभी परमाणु प्रतिष्ठानों तक पहुंच प्रदान करने का किया आग्रह

**वियना/तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने आज चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जून में हुए हमलों में क्षतिग्रस्त ईरानी प्रतिष्ठानों तक उसकी अभी भी महत्वपूर्ण पहुंच नहीं है और तेहरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार के सत्यापन को बहुत देर हो चुकी है।

वियना में अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को संबोधित करते हुए महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने बुधवार को कहा कि एजेंसी को ईरान के निम्न और उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार की तत्काल जांच करने की आवश्यकता है, जिसे निरीक्षक पिछले पांच महीनों से सत्यापित नहीं कर पाए हैं। ग्रॉसी ने कहा कि सितम्बर में काहिरा में

■ तेहरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार के सत्यापन को बहुत देर हो चुकी है

निरीक्षण पर सहमति होने के बाद वे ईरानी अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं अगर समझौते का पूरी तरह से लागू करना है तो और ज्यादा रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता है। उनकी यह टिप्पणी अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन द्वारा समन्वित प्रयास के साथ मेल खाती है जिन्होंने संयुक्त रूप से एक मसौदा प्रस्ताव में मांग किया है कि ईरान आईएईए के साथ अपना पूर्ण सहयोग फिर से शुरू करे तथा निरीक्षकों को अप्रतिबंधित पहुंच प्रदान करे। हालांकि तेहरान ने चेतावनी दी है कि इस तरह के प्रस्ताव से आईएईए निदेशक के साथ सितम्बर में हुई सहमति खतरे में पड़ जाएगी। इस सप्ताह की शुरुआत में, ईरान के उप विदेश मंत्री काज़म ग़रीबाबादी ने पश्चिमी देशों की आलोचना करते हुए कहा था कि उनके कार्यों से समझौते को नुकसान पहुंच सकता है। ईरानी अधिकारियों ने इस रुकावट को सितम्बर के आखिर में स्नैपबैक मैकेनिज़्म के तहत संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के फिर से लागू होने पर जोर दिया। आंशिक रूप से सार्वजनिक की गई आईएईए रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अभी भी निरीक्षकों को जून में 12 दिनों के संघर्ष के दौरान इजरायल और अमेरिकी हमलों में क्षतिग्रस्त हुए परमाणु स्थलों का दौरा करने की अनुमति नहीं दी।

## सऊदी अरब-अमेरिका के बीच 575 अरब डॉलर के समझौते

**दोहा।** सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल-फलीह ने कहा है कि इस सप्ताह नए सौदों की घोषणा के बाद वर्ष 2025 में अमेरिका और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित अनुबंधों का मूल्य बढ़कर लगभग 575 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। गौरतलब है कि सऊदी क्राउन प्रिस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिका की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान वहां एक निवेश मंच में हिस्सा लिया जिसमें दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधियों और कंपनियों ने भाग लिया। अल-फलीह ने बुधवार को अल एखबारिया प्रसारक से कहा, सऊदी और अमेरिकी कंपनियों के बीच लगभग 267 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के 242 नए समझौतों की घोषणा की गई।

# मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता विवादों में घिरी

## इटली की प्रिंसेज समेत 3 जजों ने दिया इस्तीफा, आयोजक ने लगाया कंटेस्टेंट से अफेयर का आरोप

**बैंकाक।** ब्यूटी कान्टेस्ट मिस यूनिवर्स 2025 से जुड़े विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। ग्रैंड फिनाले से एक दिन पहले मिस यूनिवर्स सिलेक्शन कमेटी की प्रेसिडेंट और इटालियन प्रिंसेज कैमिला डि बोरबोन ने ज्यूरी पैनल छोड़ दिया है।

वह पैनल छोड़ने वाली तीसरी जज हैं। इससे पहले मशहूर म्यूजिशियन ओमार हारफूश और फ्रांस के पूर्व फुटबालर क्लाउड माकेलेले ने भी ज्यूरी छोड़ दी थी। मिस यूनिवर्स में जजिंग पैनल 8 सदस्यों का होता है। 3 जजों के पैनल छोड़ने के बाद आर्गेनाइजेशन ने नताली ग्लेबोवा (कनाडा की पूर्व मिस यूनिवर्स 2005) को शामिल किया है। अब पैनल में 6 सदस्य है। ग्रैंड फिनाले कल यानी 21 नवम्बर को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में होगा। ओमार ने आरोप लगाया कि जज कमेटी बनने से पहले ही आर्गेनाइजर्स ने टॉप-30 कंटेस्टेंट का सिलेक्शन अनआफिशियल तरीके से कर लिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे कंटेस्टेंट को चुना गया जिनके आर्गेनाइजर्स से पर्सनल रिलेशनशिप हैं। इसके बाद माकेलेले ने निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया। ओमर हारफूश ने 17 नवम्बर को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मिस यूनिवर्स 2025 के आर्गेनाइजर्स पर आरोप लगाते हुए लिखा था, टॉप 30 प्रतियोगियों को चुनने के लिए गलत तरीके से वोटिंग की गई। यह वोटिंग उन लोगों ने की जो पैनल के सदस्य नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि मुझे गुमराह किया गया और मुझे गलत सिलेक्शन प्रोसेस को मानने के लिए कहा गया। इसके कारण मुझे हुए इमोशनल ट्रामा भी हुआ, मेरी रेपुटेशन डैमेज हुई। ओमार ने अपनी पोस्ट में आर्गेनाइजर्स के खिलाफ लीगल एक्शन लेने की धमकी भी दी। माकेलेले ने 18 नवम्बर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर पैनल छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अफसोस के साथ, मैं मिस यूनिवर्स 2025 में शामिल नहीं हो पाऊंगा। आपकी समझ और समर्थन के लिए धन्यवाद। इसके विरोध में कई देशों की कंटेस्टेंट्स ने हाल से बाहर निकलकर विरोध जताया। नवात ने फातिमा से कहा कि उन्होंने प्रतियोगिता से जुड़े प्रमोशनल कंटेंट शेयर नहीं किए। जब फातिमा ने इस पर आपत्ति जताई, तो नवात ने सुरक्षा कर्मियों को बुलाने की धमकी दी और कहा कि जो भी उनके समर्थन में आएगा, उसे प्रतियोगिता से बाहर किया जा सकता है। इसके बाद फातिमा मंच छोड़कर बाहर चली गईं। इस आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर #JusticeForFatima ट्रेंड करने लगा। विरोध के बाद नवात ने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी और कहा कि अगर किसी को बुरा लगा है, तो वह माफी चाहते हैं।




# चीनी वैज्ञानिकों के भरोसे चीन को टक्कर दे रहा अमेरिका

## मेटा एआई टीम 11 में से 7 रिसर्चर चीन के, 1 भी अमेरिकी नहीं

**वॉशिंगटन।** मेटा सीईओ मार्क जकरबर्ग ने जून में अपनी नई सुपर इंटेलिजेंस लैब का ऐलान किया था। तब उन्होंने बताया था कि इस प्रोजेक्ट में शामिल 11 वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। इनका मकसद ऐसी मशीनें बनाना है जो इंसानी दिमाग से भी ज्यादा ताकतवर हों। न्यूयॉर्क टाइम्स को मिले इंटरनल मेमो से पता चला है कि ये सभी 11 वैज्ञानिक दूसरे देशों में पढ़े लिखे अप्रवासी हैं। इनमें से 7 वैज्ञानिक चीन से हैं, जबकि बाकी 4 भारत, ब्रिटेन, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से हैं।

अखबार ने लिखा है कि अमेरिका में लंबे समय से सरकारी अधिकारियों और एक्सपर्ट का एक वर्ग चीन को एआई के क्षेत्र में सबसे बड़ा खतरा बताता रहा है। लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि अमेरिका में हो रहा बड़ा और क्रांतिकारी एआई रिसर्च काफी हद तक चीनी वैज्ञानिकों की मदद से आगे बढ़ाया जा रहा है। यह मेटा की एआई यूनिट के चीफ अलेक्जेंडर वॉन्ग है। जून 2025 में मेटा से जुड़े। इन्हें कंपनी में लाने के लिए मार्क जकरबर्ग ने 1.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। मेटा पहले से ही चीनी वैज्ञानिकों पर काफी निर्भर रही है। कंपनी के भीतर अक्सर मजाक में कहा जाता है कि नए आने वालों को दो चीजें सीखनी पड़ती हैं। पहली हैक, यानी कंपनी की प्रोग्रामिंग भाषा और दूसरी मंदारिन, क्योंकि एआई टीमों में बड़ी संख्या में चीनी रिसर्चर्स होते हैं। इस साल मेटा को लगभग 6300 एच-1बी वीजा अप्रूव हुए जो अमेजन के बाद सबसे ज्यादा हैं। मेटा ने 2018 के बाद से कम से कम 28 रिसर्च पेपर पर चीनी संगठनों के साथ मिलकर काम किया है। सिर्फ मेटा ही नहीं, बल्कि ऐप्पल, गूगल, इंटेल और सेल्सफोर्स जैसी अमेरिकी कंपनियों ने भी चीनी संगठनों के साथ मिलकर कई अहम रिसर्च किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने तो सबसे ज्यादा, यानी कम से कम 92 अहम पेपरों में साझेदारी की है। अमेरिका में ट्रम्प सरकार के आने के बाद से प्रशासन सख्त इमिग्रेशन पॉलिसी अपना चुका है। इसके अलावा सिलिकॉन वैली में भी चीन विरोधी भावना बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। इसके बावजूद चीनी रिसर्चर्स न सिर्फ अमेरिका में बने हुए हैं बल्कि अहम रोल भी निभा रहे हैं।



■ अमेरिका में हो रहा बड़ा और क्रांतिकारी एआई रिसर्च काफी हद तक चीनी वैज्ञानिकों की मदद से आगे बढ़ाया जा रहा है

(A Minority Institution)
ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
(Recognized by NCTE)
(Affiliated to SCERT Govt. of India)
D.El.Ed (B.T.C.) 2025-27
Qualification For Admission:
❖ 50% Marks in graduation for General Candidates/ Other State.
❖ 45% marks in graduation for OBC & SC/ST Candidates.
➤ Date of Issue of Registration Form 24/11/2025 In the College or Available on Website (Online & offline)
➤ Last Date For Submitting the Completed Application Form in College- 15/12/2025
Secretary Principal
काउंसलिंग शासनादेश के अनुसार संपन्न करायी जाएगी।
Contact no. : 9045143298, 8755525452

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108